


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 341 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र कृ.5, 2082 रविवार, 8 मार्च-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## बजट सत्र का दूसरा चरण कल से

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए।

# बुलेट की तुलना में बुलेटिन अधिक शक्तिशाली : सीएम

## > रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में 130 माओवादी का आत्मसमर्पण



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने माओवादी पार्टी के सभी केंद्रीय समिति सदस्यों सहित गणपति से अपील की है कि वे हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटें और राज्य के पुनर्निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लें। शनिवार को इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 130 माओवादी और 124 उन्नत हथियारों के साथ सरकार के सामने आत्मसमर्पण किया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने माओवादियों का स्वागत करते हुए उन्हें मुख्यधारा में लौटने पर बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए गए आह्वान पर उन्होंने यह कदम उठाया। आत्मसमर्पण करने वालों के खिलाफ लंबित मामलों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून के दायरे में रहकर इन मामलों को समाप्त करने के लिए तैयार है और आवश्यक होने पर मामलों की समीक्षा के लिए एक समिति भी बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार माओवादी कार्यकर्ताओं के प्रति संवेदनशील है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तैयार है।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है और इस संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा सरकार उनकी बेहतर चिकित्सा देखभाल की जिम्मेदारी भी लेगी। केंद्रीय सरकार ने पहले ही राज्य सरकार को स्वास्थ्य, वित्तीय सहायता और आवास प्रदान करने की अनुमति दी है।

## यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी थाड डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

### जॉर्डन वाला तबाह, कीमत 22 हजार करोड़

तेल अवीव/तेहरान, 7 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज आठवां दिन है। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपये (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है।

# 'जो देश का नागरिक नहीं, उसे बाहर करेंगे'

## > घुसपैठियों को लेकर शाह का राहुल पर हमला



देहरादून, 7 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने पांच लोगों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र दिए। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए घुसपैठियों को लेकर अमित शाह ने राहुल गांधी पर हमला किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो देश का नागरिक नहीं, उसे बाहर किया जाएगा।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि घुसपैठ को भारत से बाहर निकालेंगे। केदारनाथ से कन्या कुमारी तक, राहुल बाबा को जितना विरोध करना है करें। उन्हें हर चीज में नकारात्मक दिखती है।

नौ साल में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। हरीश रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। देश से तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त किया। समान नागरिक संहिता कानून को लागू करने वाला उत्तराखंड देश में पहला राज्य है। जनसांककीय में अप्राकृतिक वृद्धि को रोकने का काम यूसीसी करेगा। हाईपावर कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। जल्द ही यह कमेटी काम करेंगे।

शाह ने कहा कि कांग्रेस से हिसाब मांगना चाहिए। 2014 से 2016 पूंजी निवेश का। एक लाख 87 हजार करोड़ मोदी सरकार ने दिए। 12 हजार करोड़ केदारनाथ बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री, दिल्ली-देहरादून, 30 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया। 2009 से 2014 तक राज्य का औसत बजट 187 करोड़ था, नौ साल में भाजपा सरकार ने चार हजार 770 करोड़ का बजट पहुंचा। प्रतिव्यक्ति 2014 एक लाख 25 हजार रुपये से बढ़ा कर 2.73 लाख किया। जीएसडीपी 3.50 लाख करोड़ किया। भ्रष्टाचार व उत्तराखंड का निर्माण का विरोध करने वाली कांग्रेस है। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई। उत्तराखंड को कांग्रेस राहुल के नेतृत्व में बिखरी चुकी है। संसद में हो हल्ला करती है। संसद न चलाने की नीति बनाई है।

# भारत ने ईरान के आईरिस लावन युद्धपोत को क्यों दी थी शरण?

## विदेश मंत्री जयशंकर ने बताई असली वजह




नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत ने ईरान के नौसैनिक जहाज 'आईरिस लावन' को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति मानवीय आधार पर दी थी। उन्होंने बताया कि जहाज में तकनीकी समस्या आने के बाद ईरान ने भारत से सहायता मांगी थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

दरअसल, ईरान का एक अन्य जहाज 'आईरिस देना' अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में डूब गया था। इसी बीच 'आईरिस लावन' ने तकनीकी दिक्कतों की जानकारी देते हुए भारत के बंदरगाह पर आने की अनुमति मांगी। विदेश मंत्री ने बताया कि यह अनुरोध 28 फरवरी के आसपास आया था और भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि पोर्ट में प्रवेश की अनुमति दे दी। कुछ दिनों की यात्रा के बाद जहाज वहां पहुंच गया। जहाज पर मौजूद 183 क्रू सदस्य फिलहाल कोच्चि स्थित नौसैनिक सुविधाओं में ठहरे हुए हैं।

जयशंकर ने कहा कि जहाज पर मौजूद कई लोग युवा कैडेट थे और जब जहाज ने मदद मांगी, तो भारत ने इसे मानवीय दृष्टिकोण से देखा। उनके मुताबिक, किसी जहाज को परेशानी में होने पर सहायता देना सही कदम था और भारत ने वही किया। ईरानी नौसेना के ये जहाज भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू और युद्धाभ्यास मिलन 2026 में भाग लेने आए थे।

# 85,000 सेमीकंडक्टर डिजाइन इंजीनियर तैयारी में : अश्विनी वैष्णव



नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत 'चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस)' पहल के तहत 85,000 सेमीकंडक्टर डिजाइन इंजीनियर तैयार करने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने बताया कि सरकार सेमीकंडक्टर सेक्टर में प्रतिभा विकास और कौशल बढ़ाने पर खास जोर दे रही है। यह कार्यक्रम इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षण, कौशल विकास और कार्यबल तैयार करके देश के उभरते चिप उद्योग के लिए मजबूत टैलेंट तैयार करना है।

वैष्णव ने कहा कि 10 साल के सी2एस कार्यक्रम के पहले चार वर्षों में ही अच्छी प्रगति देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि सिनोप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स, एएनसिस और एएमडी जैसी वैश्विक तकनीकी कंपनियों के विश्व स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल्स भारत के 315 शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध कराए गए हैं। मंत्री के अनुसार इन टूल्स के जरिए छात्रों को सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। छात्रों द्वारा डिजाइन की गई चिप्स को मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) में तैयार और परीक्षण किया जा रहा है। इससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फैब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का अनुभव मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन गई है, जिसमें अब तक 1.85 करोड़ घंटे से ज्यादा ईडीए टूल्स का इस्तेमाल चिप डिजाइन प्रशिक्षण के लिए किया जा चुका है। देश भर के संस्थानों के छात्र, असम से गुजरात और जम्मू-कश्मीर से तमिलनाडु तक, अब सक्रिय रूप से सेमीकंडक्टर डिजाइन गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं।

## घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़े

### सरकार का एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है।




### > नेपाल में शांतिपूर्ण चुनाव पर पीएम मोदी ने दी बधाई

# 'शांति-समृद्धि के लिए मिलकर काम करेगा भारत'



नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में सफल और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए वहां की जनता और सरकार हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि नेपाल के उनके भाई-बहनों ने पूरे उत्साह के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत नेपाल के लोगों और उनकी नई सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहेगा।

**पीएम मोदी ने क्या कहा :**

नेपाल की जनता और सरकार को सफल और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर हार्दिक बधाई। अपने नेपाली भाई-बहनों को इतने उत्साह के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करते देखना अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। एक करीबी मित्र और पड़ोसी होने के नाते भारत नेपाल के लोगों और उनकी नई सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 'वे जितने शानदार सांसद, उतने ही बेहतरीन लोकसभा अध्यक्ष भी'

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। पीएम मोदी एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- ओम बिरला जी जितने शानदार सांसद हैं, उतने ही बेहतरीन लोकसभा अध्यक्ष भी हैं। यह शिक्षा की नगरी से आने का ही प्रभाव है कि वे सदन में एक अच्छे मुखिया की तरह सबको साथ लेकर चलते हैं। वे पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर सभी सांसदों के प्रति अत्यधिक सम्मान का भाव रखते हैं।

# नेता नहीं होता, तो एयरोस्पेस कारोबारी होता : राहुल

## चीन की तारीफ में कहा-इसका इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सिस्टम बेजोड़



त्रिवेंद्रम, 7 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को त्रिवेंद्रम में कहा कि अगर वे पॉलिटिक्स में नहीं होते, तो एयरोस्पेस की दुनिया में एंटरप्रेन्योर (कारोबारी) होते। राहुल ने कहा कि वे एक पायलट हैं। उनके पिता और चाचा भी पायलट थे। यह परिवार में चलता है।

राहुल केरल के दो दिन के दौरे पर हैं। वे टेक्नोपार्क में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) फ्रेटरनिटी के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चाइना के इंडस्ट्रियल सिस्टम की तारीफ की। कांग्रेस सांसद ने कहा- चीन ने एक शानदार इंडस्ट्रियल सिस्टम बनाया है जिसका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन हमें उनका जबरदस्ती वाला सिस्टम पसंद नहीं। वे डेमोक्रेटिक नहीं हैं। राहुल गांधी ने केरल के इडुक्की जिले के कुट्टिकनम में चाय बागान के मजदूरों से बातचीत की और वर्कला के शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु की समाधि पर भी गए। चीन ने इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सेक्टर पर मजबूत पकड़ बना ली है। वहीं अमेरिका, भारत और दुनिया के ज्यादातर देश सामान बनाने के बजाय उन्हें इस्तेमाल करने या बेचने वाले सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। असल में ज्यादा और स्थायी नौकरियां प्रोडक्शन सेक्टर में बनती हैं, जबकि आईटी जैसे सेक्टर ज्यादातर सेवाएं और खपत से जुड़े होते हैं।

अभी चीन इस क्षेत्र में बिना ज्यादा चुनौती के काम कर रहा है, लेकिन उसे चिंता है कि भारत भी धीरे-धीरे इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और भविष्य में उसके लिए चुनौती बन सकता है। भारत में बहुत कम कंपनियां ऐसी हैं जो फैक्ट्रियों में चीजें बनाती हैं। अदाणी और अंबानी जैसे बड़े बिजनेसमैन भी ज्यादातर खुद प्रोडक्शन नहीं करते। वे अक्सर ऐसे प्रोडक्ट बेचते हैं जो बाहर से आते हैं या जिनसे लोकल उत्पादन को नुकसान होता है।

इसका एक राजनीतिक पहलू भी है। मौजूदा जीएसटी सिस्टम ऐसा बनाया गया है जिससे सामान बनाने वाले राज्यों को नुकसान होता है। यह उत्पादन करने वाले राज्यों के बजाय ज्यादा फायदा उन राज्यों को देता है जहां सामान ज्यादा खरीदा जाता है।

अगर भारत अपनी लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए मजबूत इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सिस्टम खड़ा कर लेता है, तो यह भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए भी बड़ी मदद होगी। राहुल ने कहा कि दुनिया में युद्ध की तकनीक तेजी से बदल रही है।

# कॉन्फ्रेंस की जगह बदलने पर राष्ट्रपति नाराज

### बोलीं-राज्य सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहती, मैं भी बंगाल की बेटी, ममता छोटी बहन

कोलकाता, 7 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बंगाल में कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर शनिवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। राष्ट्रपति ने कहा, नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उन्हें रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें। उन्होंने कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर कहा कि अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी। दरअसल 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पहुंचीं थीं।



## जादू-टोना के शक में बुजुर्ग की हत्या

जबलपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। जबलपुर से करीब 40 किलोमीटर दूर ग्राम बिसनपुरा में गला काटकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में मृतक के भांजे सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। रात गांव के बाहर 50 वर्षीय भूरालाल यादव का शव सिर से अलग हालत में मिला था। सूचना मिलने पर कुंडम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान शनिवार सुबह पुलिस ने गांव के ही दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि जादू-टोना और गाली देने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने कुल्हाड़ी से भूरालाल की हत्या कर दी और शव को गांव के बाहर जंगल में फेंक दिया।

# सिलिंडर के दाम बढ़ने से कांग्रेस हमलावर

## प्रधानमंत्री की भूमिका पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)।

घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने पीएम को महंगाई मैन बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार महंगाई का बोझ सीधे आम लोगों पर डाल रही है।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाकर आम परिवारों के बजट पर सीधा हमला किया है। वहीं 19 किलोग्राम वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पार्टी ने यह भी दावा किया कि पिछले तीन महीनों में व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 307 रुपये तक बढ़ चुकी है।




कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि सरकार की प्राथमिकता नागरिकों को सस्ता और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराना है। खेड़ा ने तंज कसते हुए लिखा कि एक दिन बाद ही घरेलू एलपीजी की कीमत 60 रुपये और व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 115 रुपये बढ़ा दी गई। खेड़ा कहा कि हरदीप सिंह पुरी जो कहते हैं, उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

दरअसल पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर किसी तरह की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य नागरिकों को किफायती और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराना है।

इस बीच इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने भी सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की कमी से जुड़ी खबरों को खारिज करते हुए कहा कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य रूप से चल रही है। कंपनी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की अपील की है।

## छात्राओं से मसाज करवा रहीं थीं प्रधानाध्यापिका, वीडियो हुआ वायरल

चित्रकूट, 7 मार्च (एजेंसियां)। चित्रकूट से शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। कर्वी क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में पद के दुरुपयोग और अनुशासनहीनता के आरोप में प्रधानाध्यापिका के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले का संज्ञान लिया है। मामला कर्वी के नया बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है।

वायरल वीडियो में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु कुमारी स्कूल परिसर में कुर्सी पर बैठी नजर आ रही हैं, जबकि कुछ छात्राएं उनके पास खड़ी होकर कथित तौर पर मसाज करती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि जिस समय छात्राओं को पढ़ाई में व्यस्त होना चाहिए, उस समय वे शिक्षिका की सेवा में लगी हुई हैं, जबकि प्रधानाध्यापिका मोबाइल फोन का उपयोग करती नजर आ रही हैं। इस दृश्य ने स्कूलों में अनुशासन और शिक्षकों की जिम्मेदारी को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि स्कूल बच्चों की शिक्षा और संस्कार का केंद्र होते हैं।

ऐसे में शिक्षकों का इस तरह का व्यवहार न केवल अनुचित है, बल्कि बच्चों के मानसिक और नैतिक विकास पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है। अभिभावकों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षिका के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## रंजिश के चलते कॉन्स्टेबल की हत्या

अमृतसर, 7 मार्च (एजेंसियां)। थाना राजासांसी के अधीन पड़ते गांव जगदेव कलां में पुरानी रंजिश के चलते गांव के लोगों ने पंजाब पुलिस के कॉन्स्टेबल जगजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घायल हालत में जगजीत को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। पता चला है कि जगजीत सिंह गुरदासपुर जिले में तैनात एक बड़े अफसर के साथ ड्यूटी कर रहा है।

हरजीत कौर ने बताया कि उसके पति जगजीत सिंह ड्यूटी समाप्त करके शनिवार को घर लौटे थे। वहीं, घर के बाहर 10-12 हथियारबंद लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट करने लगे। हमलावरों में मुख्यारोपित बलराम सिंह है, जो उनके परिवार के साथ पुरानी रंजिश रखता है। मारपीट के दौरान जब परिवार के अन्य सदस्यों ने बचाव किया तो आरोपितों ने उनकी भी बुरी तरह से पिटाई कर दी। इसके बाद सभी आरोपित अपने वाहनों पर सवार होकर फरार हो गए।

## पुंछ के सीमावर्ती गांव में मिला मोर्टार शेल

# सुरक्षाबलों ने समय रहते किया निष्क्रिय



पुंछ, 7 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक गांव में मिला जिंदा मोर्टार शेल सुरक्षा बलों ने शनिवार को सुरक्षित तरीके से निर्षक्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते कार्रवाई होने से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, सवजियां सेक्टर के बरारी गांव में एक स्थानीय निवासी ने सुनसान इलाके में मोर्टार शेल पड़ा देखा।

इसके बाद उसने तुरंत सेना और नजदीकी पुलिस चौकी को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया। टीम ने सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए मोर्टार शेल को बिना किसी नुकसान के निर्षक्रिय कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक यह मोर्टार शेल संभवतः पहले सीमा पार से दागा गया था, लेकिन फटा नहीं था और लंबे समय से वहीं पड़ा हुआ था।

उन्होंने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में ऐसे बिना फटे गोले अक्सर मिलते रहते हैं, क्योंकि संघर्ष विराम उल्लंघन के दौरान दागे गए कई गोले जमीन में दबे रह जाते हैं या लंबे समय तक नजर नहीं आते। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे बिना फटे गोले सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। इसलिए सुरक्षा बल और बम निरोधक दस्ते समय-समय पर इन्हें सुरक्षित तरीके से निर्षक्रिय करने की कार्रवाई करते हैं।

## डोडा जेल में कैदी तक मोबाइल पहुंचाने की साजिश नाकाम, पार्सल से बरामद हुए दो फोन

जम्मू, 7 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में स्थित भद्रवाह जिला जेल में बंद एक कैदी तक मोबाइल फोन पहुंचाने की कोशिश को जेल प्रशासन ने नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कैदी के लिए आए एक पार्सल की नियमित जांच के दौरान उसमें से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

अधिकारियों के अनुसार, यह पार्सल भद्रवाह जिला जेल में बंद एक कैदी के नाम पर आया था, जिसे करीब एक महीने पहले पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कैदी उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के हाजिन इलाके का रहने वाला है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह पार्सल दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले से बुक किया गया था। जेल प्रशासन ने मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

## खेतों में गिरे लाहौर कॉलेज के फंक्शन के नाम वाले गुब्बारे

# पुलिस मौके पर पहुंची



ऐलनाबाद (सिरसा), 7 मार्च (एजेंसियां)। गांव धौलपालिया में शनिवार को उस समय ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया जब खेतों में कुछ गुब्बारे आकर गिरे। इन गुब्बारों पर पाकिस्तान के लाहौर स्थित एक कॉलेज के फंक्शन का नाम लिखा हुआ बताया जा रहा है।

गांव के किसानों ने जब खेतों में पड़े इन गुब्बारों को देखा तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रगट सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुब्बारों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से भी जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार माना जा रहा है कि ये गुब्बारे किसी कार्यक्रम के दौरान छोड़े गए होंगे, जो हवा के रुख के कारण सीमा पार से उड़ते हुए यहां तक पहुंच गए। इस घटना के बाद गांव में चर्चा का विषय बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए।

पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और किसी भी संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत प्रशासन को देने के लिए कहा है। थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और गुब्बारों पर लिखे विवरण के आधार पर आगे की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल स्थिति सामान्य है और ग्रामीणों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## इन्फ्लुएंसर बाबा खान की कार पर फायरिंग, पुलिस से मुठभेड़ में दो घायल

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुंब्रा में कंस्ट्रक्शन कारोबारी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बाबा खान के घर के बाहर तड़के फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियां चलाईं। पुलिस के पीछा करने पर आरोपियों ने पुलिस पर भी फायरिंग की, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने एक आरोपी शहाबाद कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया है,

जबकि एक साथी फरार है। मुंब्रा में कंस्ट्रक्शन कारोबारी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नदीम उर्फ बाबा खान के घर के बाहर तड़के फायरिंग की घटना सामने आई है यह घटना कौसा, मुंब्रा स्थित अरमान को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में सुबह करीब 4:54 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने बाबा खान की कार पर 2 गोलियां चलाईं और एक राउंड हवा में फायर किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी का पीछा किया।

## मयूरभंज में मानव बस्तियों में 100 से ज्यादा हाथियों ने बरपाया कहर

भुवनेश्वर, 7 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के मयूरभंज में हाथियों का आतंक देखने को मिला है। हाथियों के झुंड ने ऐससा कहर बरपाया कि लोगों में डर और दहशत फैल गई। करीब 110 हाथियों का एक बड़ा झुंड पश्चिम बंगाल से बारीपाड़ा और मोराडा क्षेत्र की मानव वस्तियों में घुस गया। जिसकी वजह से लोगों में खौफ का माहौल देखने को मिला। मयूरभंज में वन विभाग के कर्मचारी और उनके वरिष्ठ अधिकारी बारीपाड़ा और करंजिया डिवीजनों में मौजूद हाथियों के झुंड की निगरानी में दिन-रात जुटे हुए हैं।

110 हाथियों का एक झुंड बारीपाड़ा वन विभाग को व्यस्त रखे हुए है। पश्चिम बंगाल से छोटे-छोटे समूहों में आए ये विशालकाय हाथी दिन के समय बारीपाड़ा, मोराडा और राशगोविंदपुर पर्वतमाला में धान की फसलों को चरते हैं। रात को सिमिलिपाल क्षेत्र के विशाल साल के जंगलों में विश्राम करते हैं।

# ईरान संघर्ष से भारत को होगा बड़ा आर्थिक नुकसान: प्रियंका चतुर्वेदी

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर कहा कि दुनियाभर में भारी नुकसान हो रहा है। भारत का नुकसान इसलिए है, क्योंकि हमारी जो इनर्जी सिक्योरिटी है वो इंपोर्ट होती है। उन्होंने कहा कि ईरान में लगातार संघर्ष जारी है। इससे उपजी आर्थिक चुनौतियों का सामना सभी को करना पड़ेगा, लेकिन भारत में इसका इंपैक्ट ज्यादा होगा।

जरूरी है कि संघर्ष पर लगाम लगाने के लिए भारत बोले। एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी के धरना प्रदर्शन को लेकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि ममता बनर्जी की लड़ाई सिर्फ पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। हर चुनावी राज्य में एसआईआर की आड़ में ये लोग मतदाताओं के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से कह रही हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने



अपना प्लेबुक बना लिया है। पूरी पीएचडी थीसिस कर ली है कि वोट आप कहीं भी दें, सरकार भाजपा की ही बनेगी। उन्होंने कहा कि चाहे पार्टी तोड़कर हो, विपक्ष को तोड़कर हो, विरोधी दलों की सरकार गिराने का काम हो या अब चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाताओं के मतदान करने का अधिकार हटाने का काम हो। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार में लोगों ने नीतीश कुमार को वोट किया, लेकिन भाजपा को नहीं सुहाया तो उनको रातोंरात राज्यसभा भेज दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमने देखा। हमारी सरकार चल रही थी पार्टी तोड़कर सरकार बनाने का काम किया। सत्ता की आग कहीं तो खत्म होनी चाहिए, क्यों यह हमारी प्रजातंत्र और संविधान में आग लगा दे रही है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मेरे हिसाब से जो स्पीकर का रवैया रहा है, हमने देखा है कि कैसे विपक्ष को चुप कराने का काम किया जाता है।

विपक्ष के नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष बार-बार कहता है कि आप अपने 10 मुद्दे रखिए, दो मुद्दा विपक्ष का होना चाहिए। ये उसको भी दरकिनार करते हैं। इस वक्त तो सारी हदें ही पार हो गई थीं। जहां एलओपी को बोलने नहीं दिया था। एलओपी पर आरोप लगाए गए कि वो किताब से पढ़ रहे थे। मुझे उम्मीद है कि पहले दिन संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश होगा और पहले दिन चर्चा होगी।

## चलती बस में लगी भीषण आग, 30 यात्री बाल-बाल बचे

बुलढाणा, 7 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इंदौर से अकोला जा रही एक प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 56 पर नांदुरा के पास हुई। बस में करीब 30 यात्री सवार थे, जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राइवेट बस इंदौर से अकोला की ओर जा रही थी। सुबह जब बस नांदुरा के पास पहुंची, तभी अचानक बस के पिछले हिस्से से धुआं निकलना शुरू हो गया और देखते ही देखते आग लग गई।

इसकी जानकारी मिलते ही ड्राइवर और कंडक्टर ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया और सभी यात्रियों को तत्काल नीचे उतार दिया। कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बस का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया।

## ममता बनर्जी के शासन में राज्यकर्मियों को नहीं मिला उनका हक: अमित मालवीय



कोलकाता, 7 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हाल ही में दक्षिण 24 परगना में पार्टी की परिवर्तन यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए बड़े एलान किए थे। इस कार्यक्रम के भाषण के प्रमुख अंश का वीडियो भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अमित मालवीय ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर ममता बनर्जी पर टिप्पणी की है।

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा है, पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि मई 2026 में भाजपा की सरकार बनने पर 7वां वेतन आयोग 45 दिन के भीतर लागू कर दिया जाएगा। ममता बनर्जी के शासनकाल में 15 वर्षों तक राज्य कर्मचारियों को उनके हक के भुगतान से वंचित रखा गया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद लंबित महंगाई भत्ता (डीए) भी शामिल है। भाजपा पश्चिम बंगाल के लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के साथ मजबूती से खड़ी है। न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है।

बता दें कि 2 मार्च को दक्षिण 24 परगना से 'परिवर्तन यात्रा' का शुभारंभ कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा था कि भाजपा की परिवर्तन यात्राओं को मिल रहा समर्थन बता रहा है कि बंगाल परिवर्तन के लिए तैयार है। घुसपैठ और भ्रष्टाचार को पॉलिसी बना युवाओं के रोजगार और अधिकार में सेंधमारी करने वाली टीएमसी अब कभी सत्ता में नहीं आएगी। अमित शाह ने कहा था कि ममता सरकार ने बजट में साइंस एंड टेक के लिए 80 करोड़ व मदरसों के लिए 5700 करोड़ देकर तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी हैं।

# पत्रकार हत्याकांड में राम रहीम को हाईकोर्ट ने किया बरी



चंडीगढ़, 7 मार्च (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने शनिवार को गुरमीत राम रहीम को बड़ी राहत दी है। राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में हाई कोर्ट ने बरी कर दिया है। बता दें कि पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या साल 2002 में हुई थी, जिसके आरोप गुरमीत राम रहीम पर भी था। बता दें कि हाई कोर्ट का यह फैसला सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सात साल से अधिक समय बाद आया है। राम रहीम के वकील जितेंद्र खुराना के अनुसार, होई कोर्ट ने पहले के फैसले को पलटते हुए उन्हें पत्रकार की हत्या से संबंधित आरोपों से मुक्त कर दिया है। बता दें कि गुरमीत राम रहीम सिंह और तीन अन्य लोगों को हरियाणा के सिरसा में पत्रकार की हत्या के लिए 2019 में दोषी ठहराया गया था। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की अक्टूबर 2002 में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

उनके अखबार 'पूरा सच' ने एक गुमनाम पत्र प्रकाशित किया था, जिसमें सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय में महिला अनुयायियों के कथित यौन शोषण का जिक्र किया गया था। दरअसल, गुरमीत राम रहीम सिंह को 2017 में अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के जुर्म में भी 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद राम रहीम को हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में रखा गया है। गुरमीत राम रहीम अभी भी सजा काट रहा है। इस बीच राम रहीम कई बार पैरोल पर जेल से बाहर भी चुका है।

## मुक्तसर में गुरुद्वारा कमेटी पर कब्जे की जंग में खूनी संघर्ष, आप समर्थित सरपंच समेत 18 पर केस; 3 को लगी गोली

दोदा (मुक्तसर), 7 मार्च (एजेंसियां)। गिद्दड़बाहा के गांव भूंदड़ में गुरुद्वारा साहिब की प्रधानगी को लेकर दो पक्षों में हुई खूनी झड़प के मामले में थाना कोटभाई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में आम आदमी पार्टी समर्थित सरपंच समेत 18 लोगों को नामजद किया गया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। वहीं, आठ से दस अज्ञात को भी केस में शामिल किया गया है। बता दें कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे दो पक्षों के विवाद में सरपंच पक्ष द्वारा गोलियां चली थीं और गाड़ियों की तोड़फोड़ की गई थी।

वहीं, गुरुद्वारा साहिब के कैमरे उतारे गए थे। मौजूदा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चार लोग घायल हो गए थे, जिनमें तीन को गोली लगी थी और एक पर तेजधार हथियार से हमला किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में सुखदेव सिंह पुत्र बोहड़ सिंह वासी भूंदड़ ने बताया कि वह भूंदड़ का पूर्व सरपंच है। गांव में ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब बाबा भूंदड़ साहिब के नाम पर बना हुआ है।

# दादा से अमीर निकले, पोते पार्थ पवार



मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति में एक दिलचस्प तथ्य सामने आया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद पवार और उनके पोते पार्थ पवार की संपत्ति की तुलना में यह खुलासा हुआ है कि पार्थ पवार अपने दादा से ज्यादा संपत्ति के मालिक हैं। यह जानकारी राज्यसभा नामांकन के समय दाखिल किए गए एफिडेविट से सामने आई है। एफिडेविट में दी गई जानकारी के अनुसार शरद पवार और उनकी पत्नी प्रतिभा पवार की कुल संपत्ति लगभग 60 करोड़ 71 लाख रुपये बताई गई है। वहीं दूसरी ओर पार्थ पवार की कुल संपत्ति 88 करोड़ 33 लाख रुपये दर्ज की गई है। इस तरह कुल संपत्ति के मामले में पार्थ पवार अपने दादा से काफी आगे दिखाई देते हैं।

राज्यसभा नामांकन के साथ दाखिल किए गए विवरण के अनुसार शरद पवार की चल संपत्ति लगभग 44 करोड़ 72 लाख रुपये बताई गई है। उनके पास नकद राशि करीब 1 लाख 25 हजार रुपये है। इसके अलावा बैंकों और वित्तीय संस्थानों में उनके फिक्स्ड डिपॉजिट करीब 11 करोड़ 66 लाख रुपये के हैं। निवेश के रूप में शरद पवार के पास शेयर और म्यूचुअल फंड में लगभग 27 करोड़ रुपये लगे हुए हैं। वहीं सोने और चांदी के गहनों की कीमत करीब 3 करोड़ 85 लाख रुपये बताई गई है। अचल संपत्ति की बात करें तो बारामती में खेती की जमीन, घर और फ्लैट समेत अन्य संपत्तियों की अनुमानित कीमत करीब 15 करोड़ 99 लाख रुपये बताई गई है। हालांकि कुछ देनदारियां भी दर्ज हैं। एफिडेविट के अनुसार सुप्रिया एंटरप्राइजेज की करीब 49 लाख 84 हजार रुपये की देनदारी भी बताई गई है। इन सभी को मिलाकर शरद पवार और उनकी पत्नी की कुल संपत्ति 60 करोड़ 71 लाख रुपये बताई गई है।

अब अगर पार्थ पवार की संपत्ति पर नजर डालें तो उनकी कुल संपत्ति दादा से काफी ज्यादा बताई गई है। एफिडेविट के अनुसार पार्थ पवार की चल संपत्ति करीब 11 करोड़ 35 लाख रुपये है। बैंकों, पोस्टल विभाग, बीमा और अन्य वित्तीय संस्थानों में उनके फिक्स्ड डिपॉजिट करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपये के हैं। शेयर और म्यूचुअल फंड में पार्थ पवार का निवेश करीब 1 करोड़ 17 लाख रुपये बताया गया है। वहीं सोने और चांदी की ज्वेलरी की कीमत लगभग 1 करोड़ 31 लाख रुपये है। सबसे ज्यादा हिस्सा उनकी अचल संपत्ति का है।

बारामती तालुका में खेती की जमीन और पुणे में घर सहित उनकी अचल संपत्तियों की अनुमानित कीमत करीब 76 करोड़ 98 लाख रुपये बताई गई है। हालांकि उनके ऊपर बैंक या वित्तीय संस्थानों से करीब 92 लाख 48 हजार रुपये का लोन भी दर्ज है। कुल आंकड़ों को देखें तो पार्थ पवार की कुल संपत्ति 88 करोड़ 33 लाख रुपये है, जो कि शरद पवार की संपत्ति से लगभग 27 करोड़ रुपये ज्यादा है। राज्यसभा नामांकन के दौरान दाखिल किए गए इन एफिडेविट से यह साफ हो गया है कि संपत्ति के मामले में इस समय पार्थ पवार अपने दादा से आगे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में यह आंकड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पंजाब का टॉप मोस्ट वांटेड गैंगस्टर अमृतपाल सिंह यूक्रेन बॉर्डर पर दबोचा गया

अमृतसर, 7 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के टॉप मोस्ट वांटेड गैंगस्टरों में शामिल अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत को यूक्रेन बॉर्डर पर हिरासत में लिया गया है। अमृत कुख्यात जग्गू भगवानपुरिया गैंग से जुड़ा है और वह लंबे समय से पंजाब पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। अब अमृतपाल को भारत लाने की प्रकिया जल्द ही शुरू हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, अमृतपाल सिंह को यूक्रेन बॉर्डर पर रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर पकड़ा गया है। पंजाब पुलिस ने उसके खिलाफ इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी तलाश तेज हो गई थी।

अमृतपाल सिंह पंजाब में कई सनसनीखेज आपराधिक मामलों में वांछित रहा है। उसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह जग्गू भगवानपुरिया गैंग के लिए काम करता था और गैंग के नेटवर्क को मजबूत करने में उसकी अहम भूमिका बताई जाती है। अब उसकी हिरासत के बाद भारत लाने (प्रत्यर्पण) की प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

रविवार, 8 मार्च, 2026 

सुविचार: गलती पीठ की तरह होती है, औरों की दिखती है अपनी नहीं!

# आर्मी कालेज आफ डेंटल साइंस में दीक्षांत समारोह आयोजित




हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। सिकंदराबाद के आर्मी कालेज आफ डेंटल साइंस में शनिवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती भी मनाई। यह संस्थान आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित होता है और कालोजी नरायन राव यूनिर्वसिटी आफ हेल्थ साइंस , तेलंगाना से संबद्ध है। समारोह में 38 विद्यार्थियों को दंत शल्य चिकित्सा स्नातक तथा 18 विद्यार्थियों को दंत शल्य चिकित्सा परास्नातक की उपाधि प्रदान की गई। यह संस्थान मुख्य रूप से सेना के जवानों के बच्चों और युद्ध विधवाओं के परिवारों को शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। कार्यक्रम में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विकमार्का मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए संस्थान की प्रगति की सराहना की। समारोह में मंत्री श्रीधर बाबू, क्रिस्टीना जेड चोंगथू, रमेश रेड्डी और राजेश रेड्डी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दंत शल्य चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दीक्षिता रेड्डी को शहीद नायक जदुनाथ सिंह परमवीर चक्र पुरस्कारसे सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार परम वीर चक्र से सम्मानित वीर सैनिक जदुनाथ सिंह की स्मृति में दिया जाता है। समारोह में तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र के जनरल अधिकारी कमांडिंग अजय मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मिलावटी अदरक-लहसुन पेस्ट बनाने वाले चार लोग गिरफ्तार

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को लालागुडा इलाके में टास्क फोर्स (सिकंदराबाद) की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मिलावटी अदरक-लहसुन पेस्ट बनाने और बेचने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एन. वेंकटेश्वरलू, के. विनोद, टी. सतीश और एम. शिवानी के रूप में हुई है।

ये लोग अस्वच्छ परिस्थितियों में एसिटिक एसिड मिलाकर मिलावटी अदरक और लहसुन का पेस्ट तैयार कर रहे थे। आरोपी तैयार पेस्ट के डिब्बों पर नकली ब्रांड के लेबल लगाकर उसे बाजार की दुकानों में सप्लाई करते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 1,915 किलोग्राम मिलावटी अदरक-लहसुन का पेस्ट और अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## एआईएसएफ ने कॉलेजों में फीस बढ़ाने के फैसले का विरोध किया

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) ने तेलंगाना सरकार के इंजीनियरिंग और अन्य पेशेवर कॉलेजों में फीस बढ़ाने के फैसले का विरोध किया है। राज्य अध्यक्ष कासिरेड्डी मणिकंठ रेड्डी और राज्य सचिव पुट्टा लक्ष्मण ने कहा कि इंजीनियरिंग, फार्मेसी और आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों की फीस बढ़ाना अनुचित है।

छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार गुणवत्ता मानकों को लागू करने के बजाय छात्रों पर आर्थिक दबाव डाल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा पहुंच से बाहर हो जाएगी। एआईएसएफ ने कहा कि फीस बढ़ाने से पहले लंबित छात्रवृत्ति भुगतान किए जाएं। संगठन ने मांग की कि बढ़ाई गई फीस तुरंत वापस ली जाए और लंबित छात्रवृत्ति जारी की जाए, अन्यथा पूरे राज्य में छात्र प्रदर्शन करेंगे।

## कुकटपल्ली में वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने शनिवार को कुकटपल्ली इलाके में दो अलग-अलग घरों पर छापा मारकर वेश्यावृत्ति का धंधा चलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान दो आयोजकों और पांच ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो महिलाओं को बचाया गया। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर साइबराबाद की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की टीम ने सुमित्रानगर क्षेत्र में स्थित घरों पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान वहां चल रहे अवैध धंधे का खुलासा हुआ और रैकेट चलाने वालों के साथ ग्राहकों को भी पकड़ लिया गया। जांच में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राहकों को संपर्क कर महिलाओं की व्यवस्था कर रहे थे और उनसे पैसे वसूल रहे थे। पुलिस के मुताबिक दलाल ग्राहकों से मोटी रकम लेते थे, लेकिन पीड़ित महिलाओं को बहुत कम पैसा देते थे। इस तरह उनका शोषण किया जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# सीएम ने डेलावेयर के राज्यपाल मैट मेयर से मुलाकात की



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अमेरिका के डेलावेयर राज्य के गवर्नर मैट मेयर को 'तेलंगाना राइजिंग 2047' दृष्टि दस्तावेज सौंपा और राज्य में वैश्विक निवेश को आकर्षित करने की योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार भविष्य में डेलावेयर राज्य के साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आज अपने जुबली हिल्स स्थित निवास पर डेलावेयर के राज्यपाल मैट मेयर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न विकास योजनाओं और सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। बैठक के दौरान राज्यपाल मैट मेयर ने डेलावेयर में गरीब और मध्यम वर्ग के लिए चल रही आवास योजनाओं, ऋण माफी और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आंकड़ा सुरक्षा जैसे विषयों पर भी अपने विचार साझा किए। राज्यपाल मैट मेयर ने मुख्यमंत्री को तेलंगाना के प्रतिनिधिमंडल के साथ डेलावेयर आने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि तेलंगाना और डेलावेयर के बीच सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे। इस अवसर पर राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू, डेलावेयर की प्रथम महिला लॉरेन मेयर, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चेर्लापल्ली से नागरकोइल के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस जल्द शुरू होगी

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तमिलनाडु के नागरकोइल को चेर्लापल्ली से जोड़ने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द शुरू की जाएगी। इससे देश के दक्षिणी और मध्य हिस्सों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार यह ट्रेन स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोचों के साथ चलाई जाएगी, जिससे खासकर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों से होकर गुजरेगी, जिससे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। साथ ही यात्रियों को किफायती यात्रा का विकल्प भी मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन को जल्द ही हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके कार्यक्रम, ठहराव और शुरू होने की तारीख की विस्तृत जानकारी उचित समय पर घोषित की जाएगी। नई सेवा शुरू होने से तीनों राज्यों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है और चेर्लापल्ली स्टेशन की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

## 15 खोए हुए मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे गए

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन की टीम ने 15 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया। एसएचओ, जासूस निरीक्षक, डीएसआई और तकनीकी टीम ने विस्तृत तकनीकी विश्लेषण और समन्वित प्रयासों के माध्यम से यह सफलता हासिल की। पुलिस ने बताया कि ये मोबाइल फोन विभिन्न राज्यों जैसे महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार में भेजे गए थे, जहां इन्हें चोरी या खो जाने के बाद अवैध रूप से ले जाया गया था। लगातार ट्रैकिंग और संबंधित राज्यों के अधिकारियों के सहयोग से पंजागुट्टा पुलिस टीम ने इन उपकरणों को सफलतापूर्वक बरामद कर पीड़ितों को वापस सौंप दिया। मोबाइल फोन प्राप्त करने वाले लोगों ने पुलिस की तत्परता और समर्पित प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

## डिजिटल भुगतान प्रणाली उपयोगकर्ताओं का भरोसा जीत रही : डॉ. सुनील

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद में दो दिवसीय "एनएचसीएक्स इनोवेशन मीट" का समापन किया। इस कार्यक्रम में नियामक, सरकारी अधिकारी, बीमा कंपनियों, तकनीकी नवप्रवर्तनकर्ता और शिक्षाविद शामिल हुए, ताकि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य बीमा दावों की डिजिटल प्रक्रिया को और बेहतर बनाया जा सके। 6 और 7 मार्च को (एनएचसीएक्स) हैकथॉन का भी भव्य समापन हुआ। अंतिम चरण के प्रतिभागियों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य पूरे देश में स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को सरल और मानकीकृत करना है। एनएचए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने उद्घाटन सत्र में कहा कि स्वास्थ्य बीमा दावों का प्रबंधन बीमा प्रणाली में हमेशा एक चुनौती रहा है।

एनएचसीएक्स का लक्ष्य इस प्रक्रिया में पारस्परिक संगतता और मानकीकरण लाना है। उन्होंने बताया कि एनएचसीएक्स का दीर्घकालिक दृष्टिकोण उसी तरह है जैसे डिजिटल भुगतान प्रणाली उपयोगकर्ताओं का भरोसा जीतती है।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Madhukala Bai, Mother of No.14676888P, NK, Sunil Parmar,R/o Dist: Shajapur, Madhya Pradesh, changed my name from Madhukala Bai to Madhu Kala Parmar vide Affidavit No.284868 dt 06.03.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No. 14670704P, NK, Yallappa Pujari, R/o, Dist: Bagalkot, Karnataka, changed my Son's name from Manju to Manju Yallappa Pujari, vide Affidavit No. 284877 dt. 07.03.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No. 14670704P, NK, Yallappa Pujari, R/o, Dist: Bagalkot, Karnataka, changed my Mother's name from Kamalavv to Kamalavva Pujari, vide Affidavit No. 284878 dt. 07.03.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No 14670704P, NK, Yallappa Pujari, R/o, Dist: Bagalkot, Karnataka, changed my Father's name from Hanamappa Pujari to Hanamappa Y Pujari vide Affidavit No.284880 dt. 07.03.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

चाहिए

प्रमुख एलईडी इवेंट कंपनी में लड़कों की जरूरत है। सैलरी 15,000-25,000+अकोमोडेशन+इनसेंटिव्स+कमिशन। संपर्क नं. 8977147791, 6281947791.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# कल्याणकारी योजनाएं गांव और शहरों तक प्रभावी रूप से पहुंचे : कोमटिरेड्डी

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यों के सड़क एवं भवन तथा सिनेमा मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रजा पालन-प्रगति प्रणालीका कार्यक्रम की शुरूआत 99-दिन की कार्ययोजना के साथ की है, ताकि शासन मजबूत हो और कल्याणकारी योजनाएं गांव और शहरों तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें। नलगोंडा में अधिकारियों और जनता के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सेवा वितरण सुधारने और प्रशासन को जनता के निकट लाने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया है। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि उनका प्रदर्शन सीधे सरकार की प्रतिष्ठा पर असर डालता है और उन्होंने उन्हें जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य निभाने को कहा। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें और कल्याणकारी छात्रावासों की निगरानी करें ताकि भोजन से होने वाली समस्याओं जैसी घटनाएं रोकी जा सकें। मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए 'अराइव अलाइव' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि वित्तीय बाधाओं के बावजूद सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चल रही फ्लोराइड समस्या को दूर करने के लिए कृष्णा नदी का जल पीने और सिंचाई के लिए लाने वाला एसएलबीसी परियोजना जून 2028 तक पूरा किया जाएगा। साथ ही, मूसि नदी पुनर्जीवन परियोजना को लेकर भी सरकार प्रतिबद्ध है ताकि प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित पानी सुनिश्चित किया जा सके।

# मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय पुरस्कार



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने 2025 के प्रतिष्ठित गद्दर फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार क्रांतिकारी लोकगीतकार गद्दर की स्मृति में स्थापित किए गए हैं।

मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि वरिष्ठ अभिनेता-निर्देशक कमल हासन को पैडी जयाराज पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य फिल्म पुरस्कारों में, अभिनेता नागा चैतन्य को फिल्म "टंडेल" के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि रश्मिका मंदाना को फिल्म "द गर्लफ्रेंड" के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। "राजू वेड्स रंभाई" को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, "डंडोरा" को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ और "द प्री वेडिंग शो" को तृतीय सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। निर्देशक सैलू को फिल्म "राजू वेड्स रंभाई" के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया। अभिनेता सिवाजी और भूमिका चावला को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। अन्य प्रमुख सम्मान में वरिष्ठ फिल्म निर्माता सिंगीतम श्रीनिवास राव को बी.एन. रेड्डी फिल्म पुरस्कार, निर्माता अश्विनी दत्त को नागिरेड्डी चक्रपाणी पुरस्कार, गीतकार सुद्धल अशोक तेजा को सी. नारायण रेड्डी फिल्म पुरस्कार और अभिनेत्री जयरासुधा को ए.एन.आर. फिल्म पुरस्कार दिया गया। इनके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक- मार्क के. रॉबिन, सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक - अनुराग और साहीथी चगंती, सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता- कृष्णा बुरगुला, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार- गुहान रॉय, सर्वश्रेष्ठ कहानी लेखक- गुनसेखर, सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखक- अनिल रविपुड़ी, सर्वश्रेष्ठ छायांकन- कार्तिक घट्टामनेनी, सर्वश्रेष्ठ संपादक- श्रीकर प्रसाद, सर्वश्रेष्ठ कलाकारों और तकनीकी क्षेत्रों के कई अन्य पुरस्कार भी दिए गए। इन पुरस्कारों की सूची तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भाट्टी विक्रमार्का को प्रस्तुत की गई।

## आयुक्त ने कई क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों और स्वच्छता कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समन्वय के साथ काम करके पूरे शहर में स्वच्छता को और मजबूत करें। यह राज्य सरकार के 99-दिन के प्रजा पालन-प्रगति प्रणालीका कार्यक्रम का हिस्सा है। आयुक्त ने शनिवार को खैरताबाद जोन के कई क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया। ज़ोनल आयुक्त प्रियंका आला के साथ उन्होंने जुबली हिल्स सर्किल में स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की। टीम ने पहले बंजारा हिल्स के कचरा संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण किया, जिसमें एनबीटी नगर और अपोलो अस्पताल के आसपास के क्षेत्र शामिल थे। आयुक्त ने अधिकारियों को इन बिंदुओं को जल्द से जल्द हटाने और क्षेत्र में स्वच्छता उपायों को और मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्णान ने एमएलए कॉलोनी क्षेत्र में खुले भूखंड का निरीक्षण किया और इसे पार्क में विकसित करने का निर्देश दिया ताकि स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके। आयुक्त ने कहा कि अधिकारियों को प्रजा पालन-प्रगति प्रणालीका कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरी तरह समझकर लागू करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छता के अलावा जीएचएमसी के सभी विभागों को सामूहिक रूप से कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करना होगा। पार्कों का विकास, तालाब और सड़कों की सफाई, स्व-सहायता समूहों को मजबूत करना, नगर नियोजन, संपत्ति कर भुगतान, सड़क जंक्शन का विकास और सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जुबली हिल्स के डिप्टी कमिश्नर शंकर, एसडब्ल्यूएम डीईई राजेश और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बायोबैंकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बायोबैंकिंग सम्मेलन 2026 आयोजित किया गया, जिसका विषय था "प्रौद्योगिकी-संचालित बायोबैंकिंग: बेंच से बिस्तर तक नवाचार को सक्षम बनाना"। सम्मेलन का आयोजन बायोबैंक इंडिया फाउंडेशन, एएसपीआईआर- बायोनेस्ट और टेक्नोलॉजी एनबलिंग सेंटर के सहयोग से किया गया। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, चिकित्सक, शोधकर्ता और उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्होंने उन्नत बायोबैंकिंग तकनीकों के माध्यम से जैव चिकित्सा अनुसंधान और सटीक चिकित्सा में तेजी लाने पर चर्चा की। मुख्य अतिथि गुरु एन. रेड्डी, चेयरमैन, कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल्स ने अस्पतालों, शोध संस्थानों और बायोबैंकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में राजगोपाल, एएसपीआईआर- बायोनेस्ट और टेक्नोलॉजी एनबलिंग सेंटर के समन्वयक ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीवन विज्ञान में नवाचार के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित बायोबैंकिंग को मजबूत करना आवश्यक है। अन्य प्रमुख वक्ताओं में नंदिनी के. कुमार, पूर्व उप महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आनंद के. कोंडापी, डीन, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, हैदराबाद विश्वविद्यालय, बिरेन्द्र कुमार यादव, राष्ट्रीय निदेशक, बायोबैंक इंडिया फाउंडेशन और डेनियल कैचपूल, अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति, ऑस्ट्रेलिया शामिल थे। सम्मेलन में यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, इंडोनेशिया और भारत के विशेषज्ञों ने "बायोबैंकिंग 4.0" में उभरते रुझानों पर चर्चा की, जिसमें डिजिटल अवसंरचना, स्वचालन और उन्नत डेटा सिस्टम शामिल हैं। हैदराबाद विश्वविद्यालय के अप्पा राव पोडिले और च. वेंकट रामना ने "वन हेल्थ" ढांचे और माइक्रोबियल बायोबैंकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर हरिचंदना दासारी ने शनिवार को अतिरिक्त कलेक्टर और जिला राजस्व अधिकारी के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह अभियान 99 दिवसीय कार्य योजना के तहत लकड़ीकापुल स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अनावश्यक फाइलों, पुराने और छोड़े गए वाहनों तथा अन्य बेकार सामान की पहचान कर उनका निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस काम के लिए जीएचएमसी से सहायता लेने का भी सुझाव दिया। साथ ही आईटी टीम को इलेक्ट्रॉनिक कचरा, पुराने उपकरण, अनावश्यक केबल और बेकार बिजली के तारों का सही तरीके से निपटान करने के निर्देश दिए।

# रमजान में तरावीह की नमाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रमज़ान का महीना शुरू होते ही शहर में हर रात एक खास नज़ारा देखने को मिल रहा है। रात करीब 8:30 बजे हिजाब पहने दर्जनों महिलाएं चटाई और पानी की बोतल लेकर समारोह हॉल, सामुदायिक भवन और निजी संस्थानों की ओर तरावीह की नमाज़ अदा करने के लिए जाती दिखाई देती हैं।

तरावीह की नमाज़ रमज़ान के महीने में अदा की जाने वाली एक विशेष स्वैच्छिक रात्रि प्रार्थना है। शहर में ऑनलाइन और ऑफलाइन धार्मिक जागरूकता कार्यक्रमों के कारण महिलाएं और लड़कियां बड़ी संख्या में इन प्रार्थनाओं में भाग ले रही हैं। मुगलपुरा में महिलाओं के मदरसे जामियात-उल-मोमिनात के संचालक डॉ. मुफ्ती मस्तान वली ने बताया कि हैदराबाद में उनके छात्र करीब 220 स्थानों पर प्रार्थनाओं का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि जिले के अन्य कई स्थानों पर भी तरावीह की नमाज़ आयोजित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अब शहर के लगभग सभी इलाकों के साथ-साथ मुस्लिम आबादी वाले दूरदराज के गांवों में भी महिलाओं की सामूहिक प्रार्थनाएं आयोजित की जा रही हैं। स्थानीय महिला समूहों ने तरावीह की नमाज़ के लिए शहर में फंक्शन हॉल और सामुदायिक स्थलों को किराए पर लिया है। चिंतलमेट की आयोजक सैयदा नगमा ने कहा कि महिलाओं में तरावीह की नमाज़ के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है, इसलिए नमाज़ में शामिल होने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

मक्का मस्जिद में भी बड़ी संख्या में महिलाएं तरावीह की नमाज़ अदा करती हैं, जहां मस्जिद प्रशासन द्वारा उनके लिए अलग व्यवस्था की गई है। जिला मुख्यालयों, मंडलों और मुस्लिम आबादी वाले गांवों में भी स्थानीय समूह मदरसों और मस्जिदों में नमाज़ का आयोजन कर रहे हैं। सिद्दिपेट जिले के चेरियाल मंडल की एक मस्जिद के इमाम मोहम्मद आमिर अली ने बताया कि मस्जिद परिसर में महिलाओं के लिए अलग स्थान तय किया गया है और नमाज़ में उनकी उपस्थिति उत्साहजनक है।

# श्रीराम नाम मंदिर की स्थापना करेंगी द्रौपदी मुर्मू

अयोध्या, 7 मार्च (एजेंसियां)। रामनगरी में नव संवत्सर समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। राम मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम के लिए करीब पांच हजार विशिष्ट मेहमानों की सूची तैयार कर ली गई है। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी।

वह राम मंदिर परिसर में लगभग चार घंटे तक रहेंगी। साथ ही राम मंदिर के दूसरे तल पर श्रीराम यंत्र व श्रीराम नाम मंदिर स्थापना भी करेंगी। पहली बार किसी बड़े कार्यक्रम में दर्शन सुचारु रखने की योजना भी बनी है।



19 मार्च को सुबह नौ बजे से अनुष्ठानों का शुभारंभ हो जाएगा।

दक्षिण भारत, काशी व अयोध्या के 51 वैदिक आचार्य अनुष्ठानों को संपन्न कराएंगे। काशी के आचार्य पद्मभूषण पंडित गणेश्वर शास्त्री के नेतृत्व में समस्त अनुष्ठान होंगे। समारोह में केरल की आध्यात्मिक गुरु मां अमृता मरी, कर्नाटक के धर्माधिकारी पद्मभूषण वीरेंद्र हेगड़े और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी शामिल होंगे। मां अमृता के साथ 100 से अधिक अनुयायी भी अयोध्या आ रहे हैं, उनके ठहरने के लिए कमरे बुक कराए जा रहे हैं। मेहमानों में उत्तराखंड के भी कारसेवक शामिल हैं। इसके अलावा अयोध्या जिले से करीब एक हजार लोगों को मेहमान के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही अतिथियों के स्वागत, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और आवागमन की सुचारु व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मंदिर परिसर को भव्य सजावट से संवारने का काम भी अंतिम चरण में पहुंच गया है।प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की ओर से समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार बैठकें की जा रही हैं।

### रामोत्सव की झलक भी दिखेगी

नव संवत्सर समारोह के साथ ही रामोत्सव की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्ति संगीत की प्रस्तुति से पूरे वातावरण को उत्सव मय बनाया जाएगा।

रामोत्सव का शुभारंभ भी चैत्र प्रतिपदा के दिन 19 मार्च से होगा और रामनवमी के दिन तक संचालित होगा। इन नौ दिनों में राम मंदिर सहित अयोध्या के विभिन्न मठ-मंदिरों में देवी उपासना के साथ श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

## पारस सोम नाबालिग या नहीं, कोर्ट में अब 10 मार्च को होगी सुनवाई

मेरठ, 7 मार्च (एजेंसियां)। मेरठ के चर्चित कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम को नाबालिग घोषित करने की मांग को लेकर मामला किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 10 मार्च को तय की गई है। बचाव पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की रुलिंग का हवाला देते हुए हाईस्कूल की मार्कशीट के आधार पर पारस सोम को नाबालिग घोषित करने की मांग की है। पारस सोम को पुलिस ने रुड़की रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही पुलिस ने रूबी को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया था। इसके बाद आरोपी पारस सोम को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया।

## 'नीतीश कुमार का फैसला अच्छा नहीं'

### जेडीयू के भीष्म पितामह ने सधे अंदाज में जताई नाराजगी



पटना, 7 मार्च (एजेंसियां)। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर जेडीयू के भीष्म पितामह कहे जाने वाले सीनियर नेता वशिष्ठ नारायण सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए ये फैसला बहुत अच्छा नहीं है। हालांकि उन्होंने नीतीश को भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि दिल्ली में उनकी भूमिका निश्चित रूप से महत्वपूर्ण रहेगी। वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाने का फैसला बिहार के लिए बहुत अच्छा नहीं है। हालांकि, उन्होंने (नीतीश कुमार) एक लंबी पारी खेली और बिहार को एक मजबूत नींव देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि चूंकि नीतीश कुमार पहले दिल्ली में मंत्री रह चुके थे, इसलिए उनके उस समय के नेताओं जैसे विश्वनाथ प्रताप सिंह और देवी लाल से भी कनेक्शन थे। अब, उन्होंने यह फैसला लिया है, और ऐसा लगता है कि उन्होंने भविष्य के बारे में सोचकर ऐसा किया है। वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि यह उनका पर्सनल फैसला है। इसलिए, मैं इसके बारे में इतना ही कह सकता हूं। बिहार को देखने और समझने के बाद, उन्होंने अब देश के ऊपरी सदन, राज्यसभा में जाने का फैसला किया है।

## अखिलेश दुबे की जमानत मंजूर

कानपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। कानपुर के जूही में होटल संचालिका प्रज्ञा त्रिवेदी की ओर से डकैती, रंगदारी मामले में अखिलेश दुबे को एडीजे प्रथम सपना त्रिपाठी की कोर्ट से जमानत मिल गई है। हालांकि किदवई नगर में होटल कारोबारी से ढाई करोड़ की रंगदारी मांगने और ग्वालटोली थाने में दर्ज वक्फ की संपत्ति के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होने की वजह से अखिलेश दुबे को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा।

बता दें कि अखिलेश के खिलाफ दर्ज 6 मुकदमों में से 4 में मुकदमों में जमानत मिल चुकी है। होटल क्लासिक कांटीनेंटल संचालिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने वर्ष 2011 में जूही थाने में अखिलेश दुबे के खिलाफ रंगदारी, डकैती की एक एफआईआर दर्ज कराई थी। विवेचक ने इस मुकदमे में 5 घंटे में ही फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी थी। अखिलेश के जेल जाने के बाद प्रज्ञा ने फाइनल रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर अग्रिम विवेचना के आदेश दिए थे।

अग्रिम विवेचना में अखिलेश दुबे का नाम भी सामने आया था। अखिलेश के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल की जा चुकी है। इसी मुकदमे में अखिलेश की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जिसमें झूठा फंसाए जाने की बात कही गई।

तथ्यों के आधार पर एडीजे प्रथम सपना त्रिपाठी की कोर्ट ने अखिलेश की जमानत मंजूर कर ली है। गौरतलब है कि इससे पहले अखिलेश दुबे के खिलाफ बर्रा थाने में भाजपा नेता रवि सतीजा, कोतवाली में कांग्रेस नेता संदीप शुक्ला और किदवई नगर थाने में शैलेंद्र शुक्ला की ओर दर्ज कराए गए मुकदमे में जमानत मिल चुकी है।

# आरिफ मोहम्मद खान से मिले नीतीश कुमार

पटना, 7 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक राजभवन पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। उनसे बातचीत की। 13 मिनट बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन से निकल गए। बताया जा रहा है कि राजभवन से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान विदाई लेने जा रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार विदाई प्रोटोकॉल के तरह उनसे मिलने गए थे। राज्यपाल ने सीएम नीतीश कुमार को राज्यसभा से नई पारी की शुरुआत करने पर बधाई दी।

सीएम नीतीश कुमार भी उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इधर, राजभवन से लौटते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा उम्मीवार उपेंद्र कुशवाहा सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने सीएम को शुभकामना दी। दोनों नेताओं के बीत बातचीत हुई। इसी बीच जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने निशांत कुमार से विधायकों की मीटिंग की बातचीत की जानकारी सीएम को दी।



### नीतीश कुमार बोले- चिंता की कोई बात नहीं है

बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के नेताओं और कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि वह पूरी तरह सक्रिय रहेंगे। उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने ने विधायकों को भरोसा दिलाया है कि चिंता की कोई बात नहीं है। सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा कि मैं अब भी सक्रिय रहूंगा। मैं आगे भी उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### आज जदयू में शामिल होंगे निशांत कुमार

निशांत रविवार 8 मार्च को जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता लेंगे। वह पार्टी की बड़ी जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और एमएलसी नीरज कुमार ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निशांत कुमार ने पूरे बिहार का दौरा करने का फैसला किया है और वह जल्द ही संगठन से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। निशांत कुमार की जदयू में एंट्री का सभी विधायकों, सांसदों और विधान परिषद् सदस्यों ने स्वागत किया है।

## केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ, 7 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। लखनऊ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक केशव प्रसाद मौर्य आज हेलीकॉप्टर के जरिए लॉ मार्टस से कौशाम्बी जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक हेलीकॉप्टर में खराबी के कारण डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

मिली जानकारी के मुताबिक हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। केशव प्रसाद मौर्य के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार,



हेलीकॉप्टर में अचानक धुआं भर जाने के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

### कौशाम्बी जा रहे थे डिप्टी सीएम

बता दें कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज सुबह लखनऊ से कौशाम्बी जा रहे थे। यहां दोपहर 11.30 बजे तक केशव प्रसाद मौर्य को कौशाम्बी पहुंचना था, लेकिन हेलीकॉप्टर में खराबी की वजह से उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। कौशाम्बी में होने वाले कार्यक्रमों की बात करें तो केशव प्रसाद मौर्य यहां सरस महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे।

यह कार्यक्रम कौशाम्बी के शीतला देवी अतिथि गृह के पास आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा वह पार्टी के पदाधिकारियों से भी संवाद करने वाले थे। केशव प्रसाद मौर्य के अन्य कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक और विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी शामिल था।

## गांजा बिकवाकर सिपाही ने कमाए 100 करोड़

कानपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। पुलिस चरस-गांजा बेचने वालों की 'दोस्त' है। माल कहां से आना है? कहां बिकना है? ये सब पुलिस की शह पर होता है। ये हम नहीं, बल्कि खुद कानपुर पुलिस कमिश्नर की जांच कह रही है। जब छापेमारी से पहले तस्कर गांजा-चरस के अड्डों से हटने लगे, तब कमिश्नर ने पुलिसवालों की कॉल डिटेल चेक कराई। एक दरोगा और 3 हेड कॉन्स्टेबल की सीडीआर में तस्करों के नंबर मिले। पुलिस वालों के जब मोबाइल चेक करवाए गए, तो कुछ ऑडियो ऐसे मिले, जिसमें वो तस्करों को माल (गांजा, चरस) हटाने के टिप्स दे रहे थे। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने इन पुलिस वालों की प्रॉपर्टी पर एक इंटरनल जांच बैठाई।

## आईपीएस अंशिका वर्मा, बनेंगी राजस्थानी घराने की दुल्हन

बरेली, 7 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर से जुड़े बिश्नोई परिवार का जुड़ाव यूपी के गंगा किनारे प्रयागराज से होने जा रहा है। दरअसल, बरेली की एसपी दक्षिणी आईपीएस अंशिका वर्मा का रिश्ता पिछले दिनों संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई (केके बिश्नोई) के साथ तय हुआ था। दोनों परिवार की आपस में मुलाकात के बाद शादी को लेकर चर्चा हुई, जो अब साकार होने जा रही है।

इसके लिए बाकायदा कार्ड छप गए हैं और तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की बुकिंग हो गई है। संभल में मस्जिद प्रकरण के बाद चर्चा में आए कृष्ण कुमार बिश्नोई मुख्यमंत्री योगी के विश्वस्त अधिकारियों में गिने जाते हैं।



वह 2018 बैच के आईपीएस हैं और राजस्थान के बाड़मेर के मूल निवासी व नामी विश्नोई परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अंशिका वर्मा प्रयागराज के मूल निवासी हैं और 2021 बैच की आईपीएस हैं। वह पहले गोरखपुर में भी काम कर चुकी हैं और अब बरेली में तैनात रहकर महिला सुरक्षा, तकनीकी आधारित पुलिसिंग और साइबर सुरक्षा जैसे मामलों में शानदार काम कर रही हैं।

दोनों आईपीएस अफसर के तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च से होनी है। हालांकि इससे पहले महिला संगीत का कार्यक्रम भी है। 28 मार्च को बाड़मेर के कृष्ण निवास में कृष्ण कुमार बिश्नोई बरात लेकर पहुंचेंगे। 29 मार्च की सुबह विदाई का कार्यक्रम है और 30 मार्च को जोधपुर के एक रिसॉर्ट में विवाह का रिसेप्शन रखा गया है।

## नीट छात्रा मौत मामले में अब पोक्सो एक्ट के तहत होगी जांच

पटना, 7 मार्च (एजेंसियां)। पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली जहानाबाद की नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में अब सीबीआई को पोक्सो एक्ट के तहत भी जांच करने की अनुमति मिल गई है। गृह विभाग ने इसके लिए संशोधित अधिसूचना जारी की है। इस मामले में पटना पुलिस ने 9 जनवरी 2026 को दर्ज एफआईआर में शुरुआत में पोक्सो एक्ट नहीं लगाया था, जिसे बाद में जोड़ा गया। जहानाबाद की नीट छात्रा की संदिग्ध मौत की जांच अब नए कानूनी दायरे में आगे बढ़ेगी।

गृह विभाग (आरक्षी शाखा) की संशोधित अधिसूचना के बाद सीबीआई को पोक्सो एक्ट के तहत भी जांच करने का अधिकार मिल गया है। इससे पहले जब मामला सीबीआई को सौंपा गया था, तब जांच की अनुशंसा पुरानी एफआईआर के आधार पर ही की गई थी जिसमें पोक्सो एक्ट की धाराएं शामिल नहीं थीं। घटना की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन 23 दिन बीत जाने के बाद भी एजेंसी अभी तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। मामले में कई पहलुओं की जांच जारी है और अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में अब तक करीब 1000 पेज की केस डायरी तैयार कर ली है, जिसमें घटना से जुड़े बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य शामिल किए गए हैं। जांच के अगले चरण में सीबीआई अदालत में छात्रा के माता-पिता और उसकी एक सहेली का बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। एजेंसी का मानना है कि इन बयानों से घटना के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर स्पष्टता मिल सकती है।

### पप्पू यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में कहा

# अविश्वास प्रस्ताव की जरूरत नहीं

पटना, 7 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि संसदीय प्रणाली में अध्यक्ष का पद बहुत महत्वपूर्ण और लोकतांत्रिक होता है। वे एक प्रधान होते हैं, प्रधानसेवक होते हैं। स्पीकर 140 करोड़ लोगों का प्रतिबिंब हैं। उस प्रतिबिंब को दर्पण में दिखना चाहिए। मैं तो यही कहूंगा कि सोमनाथ दादा ने अपने अनुशासन के लिए अपने दल तक को त्याग दिया था।

पप्पू यादव ने कहा कि आज हमारे अध्यक्ष अच्छे हैं और मेरी कामना है कि उनका प्रतिनिधित्व भारत की पूरी 140 करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व



बना रहे और ऐसी आवश्यकता कभी उत्पन्न न हो। 10 फरवरी को विपक्ष के सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लोकसभा महासचिव को रूल 94 (सी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा। इस पर विपक्ष के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह प्रस्ताव लोकसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने पेश किया था, जिसमें संविधान के आर्टिकल 94(सी) का इस्तेमाल करते हुए स्पीकर को हटाने का प्रावधान है। नोटिस में विपक्ष ने स्पीकर पर सदन की कार्यवाही खुलेआम पक्षपातपूर्ण तरीके से चलाने और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं को बार-बार बोलने का मौका न देने का आरोप लगाया।

विपक्ष ने कहा था कि हालांकि वह स्पीकर का पर्सनली सम्मान करता है, लेकिन उसे इस बात से दुख और तकलीफ है कि विपक्षी सांसदों को लोकसभा में लोगों की चिंता के जायज मुद्दे उठाने से लगातार रोका जा रहा है। विपक्ष ने अपने आरोप को साबित करने के लिए प्रस्ताव में कई उदाहरणों का हवाला दिया था।

इसमें कहा गया था कि 2 फरवरी को राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना संबोधन पूरा नहीं करने दिया गया। 3 फरवरी को आठ विपक्षी सांसदों को बजट सेशन के बाकी समय के लिए मनमाने ढंग से सस्पेंड कर दिया गया, जिसके बारे में नोटिस में दावा किया गया कि यह सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए सजा देने जैसा है। अपने नोटिस में विपक्ष ने कुछ और उदाहरणों का जिक्र किया है।

## जेडीयू के पूर्व यूनिवर्सिटी अध्यक्ष गिरफ्तार

पूर्णिया, 7 मार्च (एजेंसियां)। जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। छात्र जदयू के पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष माणिक आलम को 1 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार युवक की पहचान रंगपुरा वार्ड नंबर 15 निवासी माणिक आलम(26) के तौर पर हुई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से करीब एक लीटर विदेशी शराब बरामद हुई।

## जाली नोट बनाने वाले गिरोह का खुलासा

आजमगढ़, 7 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में पुलिस ने जारी करेंसी बनाने और उसे बाजार में खपाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के आठ आरोपियों को गिरफ़्तार किया है। इनके पास से 1.19 लाख रुपये के जाली नोट, नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण, लैपटॉप-प्रिंटर, ए-4 साइज के पेपर, कार और 7 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ।

अनिल कुमार के निर्देशन पर अपराध नियंत्रण और नकली नोटों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की गई।। जहां जिले के रौनापार थाने की पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। उसी दौरान सूचना मिली कि टेकनपुर पुलिया के पास एक सफेद कार में कुछ लोग जाली नोटों का लेन-देन कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की तीन टीम ने घेराबंदी कर टेकनपुर पुलिया के पास से 6 आरोपियों को पकड़ लिया।

# गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमत

## अखिलेश यादव ने बीजेपी को लिया आड़े हाथ



लखनऊ, 7 मार्च (एजेंसियां)। देशभर में शनिवार (7 मार्च) से गैस से सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। भारत में एलपीजी सिलेंडर अब महंगा हो गया है। ऐसे में 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस बीच विपक्ष ने सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। फिलहाल इस बढ़ती महंगाई को देखते हुए राजनीतिक दलों की तरफ से भी प्रतिक्रियाएं आना शुरू हो गई हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी घटेगी महंगाई। अखिलेश का यह बयान गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के ठीक बाद में आया है।

### सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी

अब देशभर में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये तक पहुंच गई है। सूत्रों के अनुसार, नई दर 7 मार्च से लागू हो चुकी हैं। वहीं 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। 19 किलो वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 1883 रुपये में मिलेगा। सिलेंडर की कीमतों में यह नया बदलाव अप्रैल 2025 की कीमतों के बाद हुआ है।

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होने वाली तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने कुछ ग्राहकों को गैस आपूर्ति घटाने की योजना बनाई है। गेल इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके एलएनजी आपूर्तिकर्ता ने 'अपरिहार्य स्थिति' नोटिस जारी किया है।

इस नोटिस के जरिए अनुबंध में असाधारण एवं नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण दायित्व पूरा न कर पाने की आधिकारिक सूचना दी गई है। बता दें कि भारत में गैस के दामों में बढ़ोतरी की वजह ईरान द्वारा हॉर्मूज जलडमरूमध्य बंद कर दिया गया। जिससे युद्ध के बीच अब इसका असर दुनियाभर के देशों में देखने को मिल रहा है।

## अखिलेश यादव के बयान पर संजय निषाद का पलटवार

### कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की पहचान

गाजीपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और देश आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है। संजय निषाद ने आईएएनएस से कहा कि जनता ने भाजपा सरकार को काम करने का मौका दिया है और उसी के आधार पर देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कुछ विपक्षी नेता केवल बयानबाजी और पोस्टर राजनीति में ही व्यस्त हैं। दरअसल, अखिलेश यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा था। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख (क्लियर स्टैंड) लेने की मांग की थी। इसी मामले को लेकर जब संजय निषाद से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि पहले भारत की विदेश नीति सही दिशा में नहीं थी, इसलिए देश की अर्थव्यवस्था भी कमजोर थी।

लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। उन्होंने कहा, पहले विदेश नीति खराब थी, इसलिए अर्थव्यवस्था भी खराब थी। आज विदेश नीति सही तरीके से चल रही है, इसलिए भारत की अर्थव्यवस्था भी तेज गति से बढ़ रही है। संजय निषाद ने यह भी कहा कि भारत शांति का पक्षधर देश है। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की भूमि है और यह देश युद्ध नहीं चाहता।

## पहले ही तय हो चुका था नीतीश कुमार का एग्जिट प्लान, यूपी के मंत्री ओपी राजभर का बड़ा खुलासा

आजमगढ़, 7 मार्च (एजेंसियां)। बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाने का फैसला कर चुके हैं। उनके इस फैसले से बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि नीतीश के बाद बिहार में बीजेपी का ही मुख्यमंत्री बनेगा।

ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना पहले से तय था। उन्होंने बताया, बिहार विधानसभा चुनाव के समय ही यह सब तय हो चुका था। नीतीश कुमार अब केंद्र की राजनीति में जाएंगे और बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनेगा। राजभर ने यह भी कहा कि नीतीश के बेटे निशांत कुमार को राजनीति में उतारा जाएगा।

## कार के अंदर मिली दो सगे भाइयों की लाश

फरीदाबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। नवीन नगर इलाके में दो सगे भाईयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। दोनों के शव देर रात अगवानपुर रोड पर कार के अंदर मिले। मृतकों की पहचान रोशन नगर निवासी 44 वर्षीय कुंदन कुमार और 38 वर्षीय रंजन कुमार के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में दोनों की मौत दम घुटने से हुई बताई जा रही है।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भिजवाए हैं। स्वजन से पता चला है कि दोनों भाई सुबह कार लेकर घर से निकले थे। देर शाम तक जब वापस नहीं लौटे तो स्वजन ने उनकी तलाश शुरू की। उनकी कार नवीन नगर इलाके में अगवानपुर रोड पर खड़ी मिली। उसके अंदर दोनों के शव थे।

## नेपाल—भारत—श्रीलंका, 3 देशों में फैला था ड्रग तस्करी नेटवर्क

# एनसीबी ने 10 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त कीं

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नेपाल, भारत और श्रीलंका से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 77.60 किलोग्राम हैशिश ऑयल और 2 किलोग्राम चरस बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान दो कार, एक मोटरसाइकिल और एक मछली पकड़ने वाली नाव भी जब्त की गई है।

अब तक इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक श्रीलंकाई शरणार्थी भी शामिल है। यह कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के विजन और केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के तहत की गई। एनसीबी की चेन्नई जोनल यूनिट ने **हैदराबाद जोनल** यूनिट के साथ मिलकर बहु-राज्यीय समन्वित ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नेपाल से भारत और फिर श्रीलंका तक फैले ड्रग तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया।



**नेपाल से भारत पहुंचाया चरस**

विश्वसनीय सूचना के आधार पर 3 मार्च 2026 को **एनसीबी हैदराबाद की टीम ने तेलंगाना में बेंगलुरु—हैदराबाद** हाईवे पर रैकल टोल प्लाजा के पास एक टाटा सफारी स्टॉर्म कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खानों से 2 किलोग्राम चरस बरामद हुई। इस मामले में दिल्ली निवासी एक व्यक्ति और उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह चरस और लगभग 78 किलोग्राम हैशिश ऑयल नेपाल के काठमांडू से सोनौली भारत-नेपाल सीमा के जरिए भारत लाया गया था।

**78 किलो हैशिश ऑयल बरामद**

आरोपियों ने हैशिश ऑयल की खेप को तमिलनाडु के तूतीकोरिन में पहले ही पहुंचा दिया था, जहां से इसे समुद्री रास्ते से श्रीलंका भेजने की योजना थी। सूचना मिलने पर एनसीबी चेन्नई की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से करीब 78 किलोग्राम हैशिश ऑयल बरामद किया। इसके साथ ही नेटवर्क से जुड़े कुल गिरफ्तार लोगों की संख्या पांच हो गई।

**फिशिंग बोट भी जब्त**

जांच में पता चला कि तस्कर तूतीकोरिन तट के पास समुद्र में मिड-सी ट्रांसफर के जरिए यह खेप श्रीलंका में मौजूद रिसीवर को देने वाले थे। इसके लिए एक फिशिंग बोट का इस्तेमाल किया जाना था। भारतीय तटरक्षक बल की सहायता से एनसीबी ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास संदिग्ध मछली पकड़ने वाली नाव को रोककर जब्त कर लिया, जिससे समुद्री मार्ग से होने वाली अंतरराष्ट्रीय तस्करी की कोशिश नाकाम कर दी गई।

**श्रीलंका से जुड़ा मास्टरमाइंड**

जांच में पता चला है कि इस नेटवर्क का अंतिम रिसीवर श्रीलंका में बैठा एक श्रीलंकाई नागरिक है, जिसने नेपाल से श्रीलंका तक ड्रग की खेप पहुंचाने के लिए वित्तीय मदद और समन्वय किया था। एनसीबी अब इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह के बाकी सदस्यों की पहचान, वित्तीय लेनदेन और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच कर रही है।

**इस साल एनसीबी की बड़ी कार्रवाई**

इस वर्ष की शुरुआत से अब तक एनसीबी चेन्नई ने करीब 973.35 किलोग्राम गांजा, 87.64 किलोग्राम हैशिश ऑयल और 1.045 किलोग्राम एम्फेटामिन जब्त किया है। इन मामलों में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त नशीले पदार्थों की कुल कीमत करीब 12.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। साथ ही इस साल पहले के मामलों में तीन केसों में आठ आरोपियों को सजा भी सुनाई जा चुकी है।

## हथियारों की तस्वीर भेजने वाला दूसरा आरोपी उज्जैन से गिरफ्तार

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई के पवई स्थित आईआईटी बॉम्बे के हॉस्टल में जिंदा कारतूस मिलने के मामले में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। पवई पुलिस ने इस मामले के दूसरे आरोपी, 24 वर्षीय प्रशांतराज यादव को उज्जैन से गिरफ्तार किया है। वह एक धार्मिक यात्रा से लौट रहा था, तभी पुलिस ने उसे ट्रैक कर अपनी हिरासत में ले लिया। प्रशांतराज मूल रूप से बिहार का निवासी है और पेशे से एक रियल एस्टेट एजेंट है। जांच में यह बात सामने आई है कि प्रशांतराज यादव ही इस मामले में पहले गिरफ्तार हुए आरोपी सर्वोत्तम चौधरी को हथियारों की तस्वीरें भेजी थीं। पुलिस की पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि यादव और चौधरी के बीच हथियार खरीदने को लेकर बातचीत भी हुई थी, हालांकि वह सौदा पूरा नहीं हो पाया था। प्रशांत की गिरफ्तारी इस केस की कड़ियों को जोड़ने में पुलिस के लिए अहम मानी जा रही है।

## तरुण हत्याकांड में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। उत्तम नगर में तरुण की हत्या के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

होली के दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की के पानी से भरा गुब्बारा फेंकने को लेकर अलग-अलग समुदाय के दो परिवार भिड़ गए थे। बाद में दूसरे पक्ष ने होली खेलकर आ रहे लड़की के रिश्तेदार तरुण की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना को लेकर इलाके में तनाव है और इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं।

# 'पहले महाराष्ट्र, बिहार और ', पश्चिम बंगाल

## एसआईआर विवाद पर प्रियंका चतुर्वेदी ने बीजेपी और ईसीआई पर बोला हमला

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रदर्शन पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एसआईआर की आड़ में भाजपा का एजेंडा चला रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया जा रहा है। यह बयान शनिवार को तब आया जब पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने मतदाताओं के अधिकार को अमान्य करने की कला में महारत हासिल कर ली है।

उनके अनुसार लोकतंत्र में मतदाता को अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है, लेकिन अगर चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं जाते तो संवैधानिक खामियों का इस्तेमाल कर सत्ता हासिल करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपने "कठपुतली मुख्यमंत्री" को स्थापित करने के लिए हर संभव संवैधानिक रास्ते का इस्तेमाल करती है और इस प्रक्रिया में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी होती है।



**कई राज्यों के उदाहरण देकर साधा निशाना**

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यह केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है बल्कि देश के कई राज्यों में इसी तरह की स्थिति देखी जा चुकी है। उनके अनुसार बिहार और पश्चिम बंगाल में भी राजनीतिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया गया है।

उनके मुताबिक झारखंड और दिल्ली में सीबीआई, आयकर विभाग और ईडी की कार्रवाई को लेकर भी विपक्ष पहले सवाल उठाता रहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने चुनाव आयोग से सीधे सवाल करते हुए कहा कि अगर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं तो यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि अब तक आयोग क्या कर रहा था।

एएनआई को दिए बयान में उन्होंने पूछा कि यदि इतने नाम अवैध थे तो वे मतदाता सूची में आए कैसे और इतने समय तक बने कैसे रहे। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है या पूरी तरह स्वतंत्र तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

## पति को लंच में खिलाया तीन दिन पुराना सांभर, हुई लड़ाई, आहत महिला ने खाया जहर

बेंगलुरु, 7 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरु में एक महिला को अपने पति को बासी खाना परोसना महंगा पड़ गया। इसकी कीमत उसको अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। दरअसल हुआ कुछ यूं कि काव्या नाम की महिला ने तीन दिन पहले खाने में सांभर बनाया था। वह तीन दिनों से उसी सांभर को गर्म करके बार-बार पति को लंच और डिनर में परोस रही थी। पति को इस बात पर गुस्सा आ गया। पति-पत्नी के बीच इस बात को लेकर जमकर बवाल हुआ। जिसके बाद आहत महिला ने आत्महत्या कर ली।

काव्या 27 साल की थी। उसकी शादी रंगस्वामी नाम के शख्स से पांच साल पहले हुई थी। उनका चार साल का एक बच्चा भी है। जानकारी के मुताबिक, पत्नी काव्या ने जैसे ही बारी सांभर गर्म करके पति को परोसा वह गस्से से आग बबूला हो गया। उनके बीच खूब कहाससुनी हुई। बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि पति ने कथित तौर पर काव्या को गाली दी और उस पर हाथ उठाने की कोशिश की।

# बंद क्लब के कमरे में बम धमाका, मच गया हड़कंप

कोलकाता, 7 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता में बंद क्लब के कमरे में बम धमाका हुआ है। हालांकि गनीमत ये रही जहां ये धमाका हुआ, वो जगह बंद पड़ी थी, इसलिए इस जगह पर कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना कोलकाता के उत्तरी हिस्से के पाइकपारा इलाके की है। मामला शनिवार सुबह का बताया जा रहा है। यहां एक बंद पड़े क्लब के एक कमरे में बम विस्फोट हुआ है। पुलिस का कहना है कि क्लब में 2 से 3 कच्चे बम रखे थे, जो सुबह 6 बजे के आसपास फट गए। इसकी वजह से हड़कंप मच गया। धमाका इतनी जोर का था कि छत की टिन एक इमारत की पांचवी मंजिल पर जाकर गिरी।

पुलिस के मुताबिक, परिसर से पांच से 6 कच्चे बम भी बरामद किए गए हैं। इन्हें बम निरोधक दस्ते द्वारा निष्क्रिय किया गया है। अभी तक इस बात का पता नहीं लग सका है कि इन बमों को क्यों रखा गया था और इन्हें कहां इस्तेमाल करने की योजना थी। शनिवार को सुबह जब तेज धमाका हुआ तो लोग अपने घरों से निकलकर बाहर आ गए। सभी इस बात से हैरान थे कि इस इलाके में बम धमाके की क्या वजह हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बमों को लोगों के बीच दहशत फैलाने के लिए रखा गया होगा क्योंकि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। वहीं इस मामले में टीएमसी से जुड़े लोगों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं। अभी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन जल्द ही इनका ऐलान हो सकता है। ऐसे में सभी पार्टियां वोटरों को लुभाने के लिए तरह-तरह की बातें कर रही हैं। अब देखना ये होगा कि जनता किस पार्टी पर अपने भरोसे की मुहर लगाती है। फिलहाल तो यहां मुख्य मुकाबला बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच होने की बात कही जा रही है। ममता बनर्जी लंबे समय से राज्य की सत्ता पर काबिज हैं। देखने वाली बात ये होगी कि क्या इस चुनाव में भी वह अपनी सरकार बचाए रख पाएंगी या नहीं।

## रामलीला आर्टिस्ट से हनी ट्रैप में गहने ठगे



ग्वालियर, 7 मार्च (एजेंसियां)। ग्वालियर में हनी ट्रैप के जरिए कोटा के ऑटो पार्ट्स व्यापारी और रामलीला कलाकार भरत भुटानी से सोने के गहने छीनने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में कांग्रेस नेत्री रीता आर्य, उनके पति राजेंद्र बुंदेला, बेटी निधि आर्य और दामाद विशाल आर्य शामिल हैं। पुलिस ने चारों को कांच मिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर कोटा (राजस्थान) निवासी भरत भुटानी को गांधीनगर स्थित आई-82 स्थित घर पर बुलाया गया था। यहां रीता आर्य ने अपने पति, बेटी और दामाद के साथ मिलकर पहले से योजना बनाई थी। पुलिस पूछताछ में रीता आर्य ने बताया कि भरत भुटानी से उनकी दोस्ती इंदौर निवासी सहेली नेहा ने करवाई थी। भरत इन दिनों रामलीला में काम करने के लिए ग्वालियर आए हुए थे। दोपहर करीब 2:45 बजे भरत भुटानी रीता के घर पहुंचे। रीता और उनकी बेटी निधि ने उन्हें मेहमान की तरह बैठाया और बाद में रीता उन्हें कमरे में ले गईं। इसी दौरान रसोई में छिपे राजेंद्र और विशाल मुंह पर कपड़ा बांधकर कमरे में घुस आए। दोनों ने मोबाइल में रिकॉर्डिंग चालू कर भरत पर आरोप लगाए और जेल भेजने की धमकी दी।

इसके बाद उन्होंने भरत के हाथ से अंगूठी, कड़ा और गले से सोने की चेन छीन ली। पड़ाव थाना प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव ने बताया कि घटना के बाद भरत भुटानी ने शुरुआत में लूट की कहानी बताई थी। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई, जिसमें राजेंद्र और विशाल चेहरा छिपाकर भागते दिखाई दिए। कुछ देर बाद रीता और निधि भी उनके ठिकाने पर पहुंचती नजर आईं। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# वचन मंडप परियोजना में हुई किसी भी खामी को सुधारेगी सरकार : प्रियांक खड़गे



बीदर, 7 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रियांक खड़गे ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण कर्नाटक को भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कलबुर्गी जिले के चित्तपुर कस्बे में रविवार को कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया जाएगा और आधारशिला रखी जाएगी। प्रियांक खड़गे ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डी।के। शिवकुमार और राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं अनुभव मंडप का विकास कर रही है और इसी प्रकार कलबुर्गी में वचन मंडप का भी विकास किया जा रहा है।

अगर कोई समस्या हो या यह अवैध पाया जाए, तो कमियों को निश्चित रूप से बताया और सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल न तो मुझे और न ही आपको इसके सटीक नियमों या प्रक्रिया के क्रियान्वयन की पूरी जानकारी है। अगर परियोजना में कोई खामी पाई जाती है, तो उसे सुधारा जा सकता है। हालांकि, बिना स्पष्टता के केवल परियोजना को ही गलत बताना या यह तय करना कि इसे कैसे किया जाना चाहिए या नहीं किया जाना चाहिए, उचित नहीं है।

मेरी राय में, इसके लिए अभी तक पूरे नियम जारी नहीं किए गए हैं। कल बजट में इसका पीपीपी मॉडल के रूप में जिक्र किया गया था। तो इसमें क्या गलत है? बता दें कि कर्नाटक सरकार बसवन्ना और अन्य विचारकों के वचनों (पवित्र श्लोकों) को विश्व के सामने प्रस्तुत करने के लिए कलबुर्गी में एक 'वचन मंडप' स्थापित कर रही है। अनुभव मंडप को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया था कि भूमि चिन्हित कर ली गई है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। कर्नाटक सरकार अनुभव मंडप का विकास कर रही है। यह मंडप बसवन्ना द्वारा स्थापित 12वीं शताब्दी के धार्मिक परिसर की प्रतिकृति है।

## 'विदेशी' से 'भारतीय' बनने का सफर: असम की दीपाली दास को 2 साल जेल के बाद मिली नागरिकता

गुवाहाटी, 7 मार्च (एजेंसियां)। असम के कछार जिले की 59 वर्षीय दीपाली दास अब भारत की नागरिक बन चुकी हैं। वह सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) के तहत नागरिकता पाने वाली शुरुआती लाभार्थियों में शामिल हो गई हैं। यह सफर आसान नहीं था। उन्हें 2019 में फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने 'अवैध प्रवासी' घोषित किया था और बाद में उन्हें सिलचर डिटेंशन सेंटर में करीब दो साल बिताने पड़े। फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने फरवरी 2019 में दीपाली दास को 'अवैध प्रवासी' करार दिया था।

10 मई 2019 को उन्हें हिरासत में लेकर सिलचर डिटेंशन सेंटर भेजा गया, जहां वे 17 मई 2021 तक रहीं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही उन्हें जमानत मिल सकी। दीपाली मूल रूप से बांग्लादेश के सिलहट जिले के दिप्पुर गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने 1987 में हबीगंज जिले के पराई गांव के रहने वाले अभिमन्यु दास से शादी की थी। इसके बाद वह भारत आईं। उनकी नागरिकता पहली बार 2013 में संदेह के घेरे में आई, जब पुलिस जांच में आरोप लगा कि वे 25 मार्च 1971 के बाद भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर आई थीं। दीपाली की ओर से केस लड़ने वाले वकील धर्मानंद देब ने बताया कि 2013 की पुलिस चार्जशीट में उन्हें बांग्लादेशी नागरिक बताया गया था। सीएए के तहत उनका सबसे बड़ा सबूत बन गया।

इसी दस्तावेज के आधार पर उनका नागरिकता आवेदन मजबूत हुआ और अंततः उन्हें भारतीय नागरिकता मिली। सीएए 2019 में पास हुआ, लेकिन इसके नियम 2024 में अधिसूचित हुए। जेल से निकलने के बाद दीपाली आवेदन करना चाहती थीं, लेकिन नियमों में देरी के चलते प्रक्रिया लंबी हो गई। सीएए उन हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी प्रवासियों को नागरिकता का रास्ता देता है, जो 1971-2014 के बीच भारत आए थे। असम में करीब दो लाख लोग 'डी' यानी संदिग्ध नागरिक की सूची में हैं,

# आय से अधिक संपत्ति मामला

## ओडिशा में सिंचाई विभाग के इंजीनियर के 7 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी



भुवनेश्वर, 7 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा सतर्कता विभाग (विजिलेंस) ने शनिवार को केंद्रपाड़ा सिंचाई प्रभाग के अंतर्गत डेराबिश सिंचाई उपमंडल के सहायक कार्यकारी अभियंता (एईई) प्रमोद राय से जुड़े सात ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इन पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। कटक स्थित विशेष सतर्कता न्यायाधीश द्वारा जारी वारंट के आधार पर ये सतर्कता विभाग तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 9 पुलिस उप अधीक्षकों (डीएसपी), 9 इंस्पेक्टर, चार सब इंस्पेक्टर और अन्य सहायक कर्मचारियों वाली ओडिशा सतर्कता विभाग की टीम केंद्रपाड़ा, कटक, ढेंकनाल, भद्रक और भुवनेश्वर जिलों में एक साथ छापेमारी कर रही है। विजिलेंस की टीम प्रमोद राय के भुवनेश्वर के बलिआंता जिले के जोहाला में एक चार मंजिला इमारत, कटक जिले के चौद्वार जिले के जाजाभैरब में एक दो मंजिला इमारत और कटक के बांकी क्षेत्र के रागाड़ी में उनके पैतृक घर पर छापेमारी कर रही है।

इसके अलावा भद्रक जिले के बुडांगा में इंजीनियर के रिश्तेदार का घर, केंद्रपाड़ा जिले के डेराबिश सिंचाई कार्यालय में उनका कार्यालय कक्ष-सह-अस्थायी निवास, ढेंकनाल जिले के सनासाथीबातिया में रिश्तेदार का घर और भुवनेश्वर के पटिया में एक रिश्तेदार का घर पर टीम छापेमारी कर रही है। सतर्कता अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान फिलहाल जारी है और आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। बता दें कि इससे पहले 25 फरवरी को ओडिशा विजिलेंस ने रिश्वत लेते हुए पकड़े गए कटक सर्कल के खनन उप निदेशक देबब्रता मोहंती के भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की थी। मोहंती को एक लाइसेंस प्राप्त कोयला विक्रेता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

गिरफ्तारी के बाद सतर्कता अधिकारियों ने उनसे जुड़े कई स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया, जिनमें भुवनेश्वर के पटिया स्थित श्री विहार स्थित आवासीय फ्लैट, भद्रक के मथासाही स्थित पैतृक घर और कटक स्थित उनके कार्यालय में छापेमारी की गई। छापेमारी और तलाशी के दौरान भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद हुई। यह रकम ट्रॉली बैग और अलमारियों में छिपाकर रखी गई थी।

## बर्दवान में दिव्यांग बेटे की हत्या के बाद शव को दफनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

कोलकाता, 7 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले में अपने दिव्यांग बेटे की गला घोंटकर हत्या करने और शव को दफनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले के मेमारी इलाके में अपने दिव्यांग बेटे की हत्या कर उसे दफनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान सोनालाल मंडी के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार किया गया।

वह मेमारी थाना क्षेत्र के मंडलग्राम का रहने वाला है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने बताया कि उसका बेटा सूर्या जन्म से ही नेत्रहीन था और उसके हाथ-पैर भी सामान्य रूप से काम नहीं करते थे। बच्चे की विशेष स्थिति के कारण परिवार को उसकी देखभाल में काफी कठिनाई हो रही थी। बच्चे के जन्म के कुछ महीनों बाद ही उसकी मां घर छोड़कर चली गई थी। इसके बाद वह कुछ समय तक अपनी नानी के साथ रहा। नानी की मृत्यु के बाद उसकी देखभाल की जिम्मेदारी उसकी दादी पर आ गई।

# 'बिहार में राष्ट्रपति शासन और सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की तैयारी'

## पप्पू यादव ने बीजेपी पर लगाए आरोप

पटना, 7 मार्च (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बिहार की राजनीति में एक नया राजनीतिक मुद्दा खड़ा कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि आने वाले समय में बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है और इसके बाद सीमांचल क्षेत्र तथा पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की योजना पर काम हो रहा है। सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पहले पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की रणनीति बनाई जा सकती है।

इसके बाद बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर सीमांचल इलाके के साथ पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को जोड़कर एक नया प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इसी बड़ी रणनीति के तहत बिहार में सत्ता परिवर्तन और प्रशासनिक फेरबदल की चर्चाएं भी चल रही हैं। पप्पू यादव की पोस्ट के अनुसार सीमांचल और मालदा, मुर्शिदाबाद, रायगंज दिनाजपुर आदि जिलों को मिलाकर एक केंद्र शासित प्रदेश बनाने का खेल बीजेपी करने वाली है। नीतीश जी को हटाने और लेफ्टिनेंट जनरल राज्यपाल लाने के पीछे का यह खेल है। पप्पू यादव के पहले राजद विधायक रणविजय साहू ने भी विधानमंडल सत्र के दौरान ऐसे ही आरोप लगाए थे। उनका बयान उस वक्त ऐसे समय आया था जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के सीमांचल क्षेत्र का तीन दिवसीय दौरा किया था।

उनके इस दौरे के बाद विपक्षी दलों ने यह आरोप लगाना शुरू कर दिया कि सीमांचल और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को मिलाकर नया प्रशासनिक ढांचा बनाने को लेकर राजनीतिक चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि फिलहाल यह पूरा मामला राजनीतिक बयानबाजी तक ही सीमित माना जा रहा है। केंद्र सरकार या किसी आधिकारिक दस्तावेज में इस तरह की किसी योजना का जिक्र सामने नहीं आया है।

## नवनीत कौर को 111वीं रैंक, तीसरे प्रयास में लहराया सफलता का परचम



बठिंडा, 7 मार्च (एजेंसियां)। लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में बठिंडा ओमेक्स सिटी कॉलोनी की नवनीत कौर ने 111वीं रैंक हासिल की है। नवनीत की इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। नवनीत कौर के पिता जसवंत सिंह और माता परमिंदर कौर दोनों ही सरकारी स्कूल में लेक्चरर हैं। परिवार का माहौल शिक्षा से जुड़ा होने के बावजूद नवनीत ने शिक्षण क्षेत्र के बजाय सिविल सेवा का रास्ता चुना और अपने सपने को पूरा करने के लिए लगातार मेहनत करती रहीं। नवनीत बताती हैं कि बचपन में स्कूल के कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रूप में आने वाले आईएएस अधिकारियों का रुतबा और सम्मान देखकर उनके मन में भी सिविल सेवा में जाने का सपना जागा।

# रंग पंचमी पर देवी-देवता होली खेलने पृथ्वी पर आते हैं



रंग पंचमी का दिन विशेष रूप से श्री कृष्ण और राधा रानी को समर्पित किया गया है। मान्यता है कि, इस दिन उन्हें गुलाल अर्पित कर होली खेलने से दांपत्य सुख बढ़ता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस साल 8 मार्च रंग पंचमी मनाई जाएगी?

सनातन धर्म में रंग पंचमी का त्योहार बड़ा महत्वपूर्ण और विशेष माना जाता है। हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि के दिन ये पावन पर्व मनाया जाता है। रंग पंचमी को देव पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि, इस शुभ तिथि पर देवी-देवता स्वर्ग से धरती पर आते हैं और रंगों के साथ होली खेलते हैं। ये देवताओं की अनोखी होली मानी जाती है।

यही कारण है कि रंग पंचमी के दिन पूजा-पाठ आदि का बहुत महत्व सनातन धर्म शास्त्रों में वर्णित है। रंग पंचमी पर श्रद्धा और भक्ति से की गई पूजा का अत्यंत शुभ फल मिलता है। रंग पंचमी का दिन विशेष रूप से श्री कृष्ण और राधा रानी को समर्पित किया गया है। मान्यता है कि, इस दिन उन्हें गुलाल अर्पित कर होली खेलने से दांपत्य सुख बढ़ता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस साल 07 या 08 मार्च रंग पंचमी किस दिन मनाई जाएगी? साथ ही जानते हैं इसका शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।

रंग पंचमी 2026 कब है?

पंचांग के मुताबिक, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 07 मार्च को शाम 07 बजकर 17 मिनट पर हो रही है। इस तिथि का समापन 08 मार्च को रात 09 बजकर 10 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, इस साल रंग पंचमी का पर्व 08 मार्च को मनाया जाएगा।

**रंग पंचमी 2026 शुभ मुहूर्त**

रंग पंचमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 01 मिनट से 05 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त 12 बजकर 08 मिनट से 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 17 मिनट तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 06 बजकर 23 मिनट से लेकर 06 बजकर 47 मिनट तक रहेगा।

रंग पंचमी पूजा विधि

रंग पंचमी के दिन स्नान करके साफ कपड़े पहनें। फिर एक साफ चौकी पर लाल या पीला वस्त्र बिछाएं। इसके बाद उस पर श्रीकृष्ण और राधा जी की मूर्ति या चित्र रखें। फिर उन्हें पुष्पमाला पहनाएं और नए वस्त्र अर्पित करें। इसके बाद गुलाल, अबीर और सुगंधित पुष्प अर्पित करें। कुछ मौसमी फल भी पूजा में शामिल करें। माखन, मिश्री, फल और मिठाई का भोग लगाएं। दीपक और धूप जलाकर आरती करें। अंत में प्रसाद बांटें।

# गोमेद किसे पहनना है शुभ?



ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, गोमेद रत्न कुछ खास राशियों के लिए अधिक लाभकारी माना गया है। वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला और कुंभ राशि के जातकों के लिए यह रत्न शुभ परिणाम देता है। इन राशियों के स्वामी ग्रहों का राहु से अनुकूल संबंध माना जाता है। मकर राशि या मकर लग्न वाले लोगों को भी गोमेद करियर और पद से जुड़े मामलों में सहयोग दे सकता है। आपको बता दें, वेस्टर्न एस्ट्रोलॉजी में मिथुन राशि के लिए गोमेद को बर्थस्टोन के रूप में भी देखा जाता है।

**राहु की स्थिति कब देती है लाभ?**

यदि कुंडली में राहु तीसरे, छठे, दसवें या ग्यारहवें भाव में स्थित हो, तो गोमेद पहनने से विशेष लाभ मिलने की मान्यता है। ऐसी स्थिति में यह रत्न धन लाभ, प्रतिस्पर्धा में जीत और सामाजिक प्रभाव को मजबूत करता है। राजनीति, वकालत, शेयर बाजार, आईटी और जोखिम से जुड़े क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए इसे उपयोगी माना जाता है।

गोमेद पहनने के 7 प्रमुख फायदे

गोमेद रत्न धारण करने अनेक लाभ हैं, यहां उनमें से 7 प्रमुख फायदे इस प्रकार हैं:

– राहु के अशुभ प्रभाव को शांत करता है।

– करियर और व्यवसाय में नए अवसर दिलाने में सहायक होता है।

– धन, पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि की संभावना बढ़ाता है।

– मानसिक तनाव, भय और बेचैनी को कम करता है।

– पेट से जुड़ी समस्याओं और पुराने दर्द में राहत दे सकता है।

– आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता को मजबूत करता है।

– गलत संगति और बुरी आदतों से दूरी बनाने में मदद करता है।

गोमेद धारण करने के नियम

गोमेद को शनिवार के दिन चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वाकर मध्यमा उंगली में पहनने की परंपरा है। इसे मूंगा, पुखराज, माणिक्य या मोती के साथ पहनने से बचना चाहिए।

**ये सावधानी है जरूरी**

ज्योतिष विशेषज्ञों की सलाह के बिना गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इसे पहनने से पहले गंगाजल या कच्चे दूध से शुद्ध किया जाता है। इसके बाद 'ॐ रां राहवे नमः" मंत्र का जाप करने की प्राचीन परंपरा है।

# 5000 साल पुराना मंदिर, जहां रावण के भाई की होती है पूजा



दुनिया का इकलौता विभीषण मंदिर है। कैथून स्थित यह मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि ये मंदिर करीब 5000 वर्ष पुराना है।

मंदिर से एक पौराणिक कहानी जुड़ी है। कहा जाता है कि भगवान राम के राज्याभिषेक के समय शिवजी ने मृत्युलोक की सैर करने की इच्छा प्रकट की। जिसके बाद विभीषण ने कांवड़ पर बिठाकर भगवान शंकर और हनुमान को सैर कराने की ठानी। इस पर शिवजी ने शर्त रख दी कि जहां भी उनका कांवड़ जमीन को छुएगा, यात्रा वहीं खत्म हो जाएगी। विभीषण शिवजी और हनुमान को लेकर यात्रा पर निकले।

**ऐसे हुआ विभीषण मंदिर का निर्माण**

कुछ स्थानों के भ्रमण के बाद विभीषण का पैर कैथून कस्बे में धरती पर पड़ गया और यात्रा खत्म हो गई। कांवड़ का अगला सिरा करीब 12 किलोमीटर आगे चौरचौमा में और दूसरा हिस्सा कोटा के रंगबाड़ी इलाके में पड़ा। ऐसे में रंगबाड़ी में भगवान हनुमान और चौरचौमा में शिव शंकर का मंदिर स्थापित किया गया और जहां विभीषण का पैर पड़ा, वहां विभीषण मंदिर का निर्माण करवाया गया।

**धड़ के ऊपर का भाग दिखता है**

मंदिर में लगी विभीषण की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। मंदिर में स्थापित प्रतिमा का केवल धड़ से ऊपर का भाग ही दिखता है। मंदिर के वर्तमान स्वरूप का निर्माण 1770-1821 के बीच महाराव उम्मेदसिंह प्रथम ने करवाया था।

मंत्री दिलावर ने विभीषण जी को परम धर्मात्मा बताते हुए कहा कि उन्होंने अधर्म के पथ पर चल रहे अपने भाई रावण का साथ छोड़कर प्रभु श्री राम का साथ दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मेले हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं और समाज में आपसी मेल-जोल बढ़ाते हैं।

# क्या आपके सपनों के घर की चाबी हथेली पर होती है? ये रेखा बताती है सबकुछ



क्या आपके सपनों के घर की चाबी आपकी हथेली में छिपी है? कई लोग अपनी हथेली की रेखाओं पर छोटे-छोटे निशान देखकर डर जाते हैं, उन्हें लगता है कि कुछ बुरा होने वाला है, लेकिन समुद्र शास्त्र इसके बिल्कुल विपरीत कहता है। जीवन रेखा पर बना एक विशेष 'द्वीप' या जौ का निशान आपके अपने घर या आलीशान इमारत के निर्माण का सबसे बड़ा सोर्स हो सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में जीवन रेखा पर स्थित 'द्वीप' चिह्न को आमतौर पर शारीरिक बीमारी का संकेत माना जाता है, लेकिन प्राचीन हस्तरेखा शास्त्र के तमाम अध्ययनों से पता चला है कि रेखा की संरचना और स्थिति के आधार पर इसका अर्थ बदलता रहता है। यदि आपकी जीवन रेखा से एक पतली शाखा निकलती है और मुख्य रेखा में मिलकर एक छोटे से घर जैसी आकृति बनाती है, तो आप समझ सकते हैं कि आपका 'भूमि योग' मजबूत है। इसका मतलब ये हुआ कि आप अपने प्रयासों या पैतृक शक्तियों के माध्यम से एक विशाल संपत्ति के स्वामी बनने वाले हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आपके माथे पर एक विशाल भवन बना हो। अपने हाथों को पहचानें, अपनी हथेली की जांचें

अंगूठे के किनारे से नीचे की ओर जाने वाली रेखा जीवन रेखा है। देखें कि क्या यह रेखा बीच में कहीं विभाजित होकर फिर से जुड़ती है। यदि ऐसा होता है, तो यही विशेष चिन्ह है।

हथेली के ऊपरी भाग से जीवन रेखा के मध्य तक का क्षेत्र लगभग 40 वर्ष की आयु का प्रतीक माना जाता है। यदि यह चिन्ह रेखा के मध्य में स्थित है, तो समझ लीजिए कि अपना घर खरीदने का आपका सपना मध्य आयु में पूरा होगा।

यदि अंगूठे के नीचे का उभरा हुआ हिस्सा (शुक्र पर्वत) चिकना और ऊंचा है, तो आपका घर केवल एक साधारण फ्लैट नहीं होगा, बल्कि एक पूरा शाही महल हो सकता है।

**यह चिन्ह इतना खास क्यों है?**

प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि हाथ की रेखाओं में होने वाला यह विशेष ज्यामितीय परिवर्तन वास्तव में व्यक्ति की मानसिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक है। जब कोई व्यक्ति बड़ा निवेश करने या घर बनाने के लिए तैयार होता है, तो उसके हाथ की रेखाओं में ऐसे सूक्ष्म परिवर्तन देखे जा सकते हैं।

# पिठौरिया का शिवधाम: यहां रावण भी है पूज्य, रांची से 22 किलोमीटर दूर





राजधानी रांची से करीब 22 किलोमीटर उत्तर की ओर घने पहाड़ों और हरियाली से घिरे पिठोरिया क्षेत्र भगवान शिव की नगरी के लिए प्रसिद्ध है। यहां आज भी 12वीं-13वीं सदी के नागवंशी शासकों के अवशेष, प्राचीन किले और मंदिरों की श्रृंखला देखने को मिलती है लेकिन इन्हीं पुरातात्विक विरासतों के बीच स्थित है एक अनोखा शिव मंदिर, जहां भगवान शिव के साथ-साथ रावण की भी पूजा होती है। यह परंपरा जितनी चौंकाने वाली लगती है, उतनी ही गहराई से झारखंड की सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सहिष्णुता को भी दर्शाती है।

**शिवधाम में पहले होती है रावण की पूजा**

पिठोरिया का प्राचीन शिव मंदिर करीब 400 साल पुराना माना जाता है। मंदिर की बाहरी दीवारों से लेकर गर्भगृह तक, कलात्मक शिल्पकला और मूर्तिकला का अद्भुत संगम दिखता है, लेकिन सबसे विशिष्ट बात यह है कि मंदिर के शिखर पर दशानन रावण की विशाल आकृति बनी हुई है, मानो वह स्वयं शिव की भक्ति में लीन हो।

मंदिर में प्रवेश से पहले होता है रावण की आकृति के दर्शन मंदिर के पुजारी और यहां के बुजुर्ग श्रद्धालु बताते हैं कि इस मंदिर में पूजा की शुरुआत रावण की प्रतिमा के दर्शन से होती है। इसके बाद ही श्रद्धालु शिवलिंग की पूजा करते हैं। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और इसे आज भी बड़ी श्रद्धा से निभाया जा रहा है।

**रावण बुराई नहीं, भक्ति और विद्या का प्रतीक**

रावण को आमतौर पर बुराई, अहंकार और अधर्म का प्रतीक माना जाता है, जिसे हर वर्ष दशहरे पर दहन भी किया जाता है। लेकिन पिठोरिया में रावण की छवि शिव भक्त, महान विद्वान और प्रकांड पंडित के रूप में देखी जाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार जब भगवान शिव ने पार्वती संग कैलाश धाम में गृह प्रवेश किया था, तब रावण ने ब्राह्मण वेश धारण कर उनका विधिवत गृह प्रवेश कराया था। पिठोरिया के शिव मंदिर में यही प्रसंग श्रद्धा का आधार बना और रावण को पूजा का सम्मान मिला।

**शिव मंदिर के साथ-साथ ऐतिहासिक विरासत समेते हुए है पिठोरिया**

पिठोरिया क्षेत्र न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि झारखंड के नागवंशी इतिहास का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आज भी प्राचीन किले, शिवालय और मंदिरों के अवशेष बिखरे पड़े हैं। पुरातत्वविदों के अनुसार पिठोरिया क्षेत्र, कभी नागवंशी राजाओं की राजधानी हुआ करती थी। कई लोग इसे झारखंड की सांस्कृतिक आत्मा भी मानते हैं।

# आखिर में कौन सा पांडव गिरा

(गतांक से आगे)

**क्या द्रौपदी के पाप क्या बहुत ज्यादा थे**

द्रौपदी के पाप (दोष) अन्य पांडवों की तुलना में अधिक थे, लेकिन उसकी मृत्यु सबसे पहले इसलिए हुई क्योंकि उसमें आसक्ति, पक्षपात और कुछ अहंकार जैसे दोष मौजूद थे, जो मोक्ष प्राप्ति में बाधक थे। हालांकि, यह नहीं कहा जा सकता कि उसके पाप "बहुत ज्यादा" थे।

**सहदेव का पाप**

इसके बाद रास्ते में सहदेव गिरे। तब भीम ने युधिष्ठिर से पूछा, माद्रीपुत्र सहदेव के अंदर तो ना किसी तरह का घमंड और ना उसने कभी हम लोगों की सेवा में कोई कोताही की तो फिर वो गिर गया। युधिष्ठिर ने जवाब दिया कि सहदेव का पाप ये था कि वो सोचते थे कि उनसे अधिक बुद्धिमान और कोई नहीं।

**नकुल का पाप**

उसके बाद नकुल गिरे। भीम ने फिर सवाल किया कि हमारा ये भाई तो कभी धर्म से अलग नहीं हुआ। हमेशा हमारी आज्ञा का पालन किया, फिर वो क्यों गिरे। अब युधिष्ठिर ने जवाब दिया, नकुल सोचते थे कि उन जैसा रूपवान कोई नहीं। इसी वजह से नकुल को अपने कर्मों का फल मिला है।

**अर्जुन भी नहीं बच पाए पाप से**

सभी बचे पांडव शोकाकुल थे। सभी को लग रहा था कि पता नहीं कब किसका नंबर आ जाए। अब तो केवल युधिष्ठिर, अर्जुन और भीम ही बचे थे। कुछ देर जाने पर अर्जुन गिरे और प्राण छोड़ दिया। अब दुखी भीम ने पूछा – भाई युधिष्ठिर अब ऐसा क्यों हो गया। अर्जुन ने तो कभी झूठ नहीं बोला, फिर ये दशा क्यों हुई। युधिष्ठिर बोले, अर्जुन हमेशा घमंड किया करते थे कि एक ही दिन में सभी शत्रुओं का नाश कर देंगे, परंतु कभी ऐसा कर नहीं सके। घमंड ही उनका पाप था। इसके साथ साथ वह दूसरे धनुर्धरों का अनादर भी करते थे। ऐसा कहकर



युधिष्ठिर आगे बढ़ गए।

**और आखिर में कौन सा पांडव गिरा**

अब भीम भी जमीन पर गिर पड़े। गिरते गिरते बड़े भाई से पूछा, महाराज मैं भी गर पड़ा हूं। मैं हमेशा आपका प्रिय रहा। आखिर मेरी ये हालत क्यों हो गई। युधिष्ठिर बोले, तुम बहुत अधिक भोजन किया करते थे। हमेशा अपनी ताकत पर कुछ ज्यादा ही घमंड करते थे। अब युधिष्ठिर के साथ उनका कुत्ता ही बचा रह गया।

**तब इंद्र किसके लिए रथ लेकर पहुंचे**

तभी इंद्र वहां स्वर्ग से रथ के साथ पहुंचे। युधिष्ठिर से बोले, तुम मेरे रथ पर आ जाओ और सशरीर स्वर्ग पर चलो। तब दुखी युधिष्ठिर ने कहा, इंद्र मेरे सारे भाई और पत्नी मरकर यहां पड़े हुए हैं। मैं इनको छोड़कर कैसे जा सकता हूं। तब इंद्र ने कहा, ये लोग देह छोड़कर पहले ही स्वर्ग पहुंच चुके हैं। इसलिए धर्मराज आप मेरे साथ चलिए।तब भी वह तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा, युधिष्ठिर बोले, यह कुत्ता मेरा भक्त है। मैं इसे भी अपने साथ ले जाना चाहता हूं, नहीं तो ये मेरी निर्दयता होगी।

**तब इंद्र को कौन सी बात माननी पड़ी**

इंद्र ने फिर युधिष्ठिर को समझाने की कोशिश की कि कुत्ते को छोड़ दें लेकिन युधिष्ठिर नहीं माने। तब आखिरकार इंद्र को मानना पड़ा। और तभी कुत्ते की जगह भगवान धर्म प्रगट हो गए और युधिष्ठिर की तारीफ करते हुए बोले तुमने जिस तरह भक्त कुत्ते के लिए दया दिखाई। उससे तुमने साबित कर दिया कि तुम हर तरह से श्रेष्ठ हो और सशरीर स्वर्ग में पहुंचोगे। तब इंद्र उन्हें अपने रथ पर बिठाकर स्वर्ग ले गए। जहां पांडव पहले से मौजूद थे। हालांकि ये बात सही है कि पांडवों को पहले नर्क जाना पड़ा। वहां से होते हुए वो फिर हमेशा के लिए स्वर्ग में आए। युधिष्ठर के साथ भी ऐसा हुआ।**(समाप्त)**

# तूलिका से रचे ऐतिहासिक कला के रंग : अमृता शेरगिल



अतुल कुमार

( 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर )

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है . यह दिवस महिलाओं के प्रति सम्मान ,आदर और समान अधिकार के प्रति जागरूकता को बढावा देने के लिये उत्साह पूर्वक मनाया जाता है .महिलाओं की उपलब्धियों ,संघर्षों और उनके योगदानों को याद करने के लिये भी आयोजित किया जाता है . अवसर पर महिलाओं के स्नेह , मातृत्व के साथ शक्ति संपन्न होने की महत्ता को वर्णित किया जाता है . निर्विवाद रूप से महिलाओं ने मौजूदा समय में सिद्ध किया कि जीवन के हर क्षेत्र में वह कितनी क्षमतावान है. हिंदी के मूर्धन्य साहित्यकार जयशंकर प्रसाद ने यूं ही नही लिखा " नारी तुम केवल श्रद्धा हो ,विश्वास रजत पगतल में / पीयूष स्रोत सी बहा करो जीवन के सुंदर समतल में " तो शायरों ने लिखा " जो सपने देखती है ,वही इतिहास रचती है / सलाम है उन सभी महिलाओं को जिसके बिना दुनिया की कल्पना अधूरी है //

इन महिलाओं की बेशुमार ताकत पर यह भी लिखा गया " एक मुद्दत से मेरी मां सोई नहीं ,मैंने एक बार कहा था मुझे डर लगता है // या " उम्र चाहे जो हो मां रही हमेशा संग एक देवी की तरह/ जब भी डरावने खयाल , सपने आये दिलों दिमाग में गूंज उठी वह एक हुंकार की तरह / गोद से सिखाती है सावधानी , चालबाज़ी , और षड्यंत्रकारियों से दूर बचे रहने की कला / वह मां ही है जो सिखलाती वो पाठ जिसे स्कूलों ,कालेजों में पढाया नहीं जाता / बल्कि असली ज़िंदगी में बनता है वही जीवन की कलाबाज़ियों को जानने और समझने का तौर तरीका // महिलाओं की अदम्य शक्ति के कारण उनको समाज और राष्ट्र की रीढ माना गया.

जीवन के किसी भी क्षेत्र में उतरती हैं तो इतिहास रचती हैं .उन्हीं ऐतिहासिक महिलाओं में एक नाम भारतीय चित्रकला की कीर्ती स्तंभ महान चित्रकार अमृता शेरगिल का हैं जिन्होंने भारतीय चित्रकला को नये अर्थ ,आयाम और अध्याय दिये .भले ही आज तेज़ी से शहरीकरण बड रहा हो लेकिन ग्रामीण परिवेश पर बनने



अमृता शेरगिल



वाली कलाकृतियां चित्र प्रदर्शनियों में हावी रहती हैं . तथा घरों – दफतरों की दीवारों पर शोभायमान होती हैं जिसे देख आंखों को सुकून मिलता है .इस महिला दिवस के उपलक्ष्य में अमृता शेरगिल और उनके योगदान को याद करना समीचीन होगा .

शेरगिल को खूबसूरत चित्रकारी करने वाले असाधारण कलावंतों में माना गया और इस क्षेत्र में किये गये उनके ऐतिहासिक और अनूठे प्रयोगों को कलाजगत की बेहतरीन मिसालों में रखा गया . बहुत छोटी उम्र से तस्वीरें बनाने की उनकी कला को देख लोग हैरत करते . दुनिया में ऐसे बहुत कम लोग हुए हैं जिन्होंने अपनी छोटी उम्र और जीवन में अपने कार्यक्षेत्र को नयी दिशा देने के साथ उसे नवोन्मेषी बनाया . जिस चित्रकला में काल्पनिक चित्र बनाने का चलन हावी था उसे नया मोड ,सोच और रंग दे उन्होंने कला जगत में धूम मचायी .चित्रों में यथार्थवादी चित्रण किया जिसे देख कला प्रेमी हैरान और प्रभावित हुए . ग्रामीण जीवन पर बनायी उनकी कला कृतियों ने मोहित किया .

पारंपरिक भारतीय कला और यूरोपीय तकनीकों का मिश्रण कर उन्होंने भारतीय ग्रामीण जीवन व महिलाओं के संघर्षों को मुख्य धारा में प्रवेश दिया .अतः वह " भारत की फ्रीडा काहलो " मानी गयीं . ज़िंदगी की सच्चाइयों ,संघर्षो और संबंधों को विशेषकर ग्रामीण संदर्भों की गाथा कहने वाली पेटिंग्स को इतना सुंदर बनाया कि उनका योगदान अजर ,अमर और अमिट बना . भारतीय कला को यूरोपीय दृष्टिकोण से बाहर निकाल एक अलग और नयी पहचान दी जो भारतीय कला का गौरवशाली चैप्टर बना . कला समीक्षकों के अनुसार उन्होंने भारतीय कला के निर्णायक युग में अपनी कुशाग्र प्रतिभा का परिचय दे नयी उंचाइयों को हासिल किया और कला जगत की युंगांतरकारी कलाकार बनीं .

जब केवल 19 साल की थीं तब उनकी बनायी मास्टरपीस कलाकृति " यंग गर्ल्स " ने 1933 में पेरिस के ग्रांद सैलून में गोल्ड मेडल जीता . इस प्रतिष्ठित संस्था की सबसे युवा और पहली एशियाई एसोसिएट बनीं जो बहुत बडी उपलब्धि बनी . यूरोप में मिली सफलता के बाद सन 1934 में स्वदेश लौटीं और अपनी ज़मीन व जडों से जुड भारतीय परंपराओं और लोगों से प्रेरणा लेते हुए उसे कैनवास पर इतने सजीव तरीके से उतारा कि वह टाइमलेस पेटिंग्स बनी . देश की स्वतंत्रता के लिये उनका जुनून उनकी कला की भांति तेज़ – तर्रार था .20 वी सदी की इस सुविख्यात कलाकार की पेटिंग्स आज भी देश की कलात्मक पहचान हैं .बताया जाता है कि अमृता शेरगिल की पेटिंग " द स्टोरी टेलर " देश की सबसे मंहगी पेंटिंग है जो रु 61. 8 करोड में बिकी .

सिर्फ 8 साल की उम्र में पेटिंग की शिक्षा लेनी शुरु की जिसे देख उनके गुरु अचंभित रह गये . देश के प्रसिद्ध कला समीक्षक और कलावंत प्रयाग शुक्ल के अनुसार " शेरगिल की कला में भारतीयता और आधुनिकता का अद्भुत समंन्वय देखने मिलता है .

शुक्ल के अनुसार शेर् गिल ने पेटिंग्स में भारतीय महिलाओं की दबी कुचली भावनाओं ,एकाकीपन और ज़िंदगी की असलियत को केंद्र में रखा और लाजवाब पेंटिंग्स बनायी . दक्षिण भारत की यात्रा के दौरान अजंता – एलोरा की गुफाओं से प्रभावित हो भारतीय रंगों और आकृतियों को गहराई से आत्मसात किया उनके आत्मचित्रों में मनोवैज्ञानिक अंतरदृष्टि और भावनात्मक गहराई है .

जो स्वयं को समझने और कलाकार के रूप में खुद को खोजने का प्रयास है .

8 साल की उम्र में पियानो – वायलिन भी बजाने लगीं . 13 जनवरी 1913 को जन्मी इस महान कलाकार ने केवल 28 वर्ष की उम्र में 5 दिसंबर 1941 को जीवन की अंतिम सांस लीं . लेकिन अपनी तूलिका से भारतीय कला को गौरवशाली बनाया .

# काव्य कुंज

## नारी



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

नारी को कम कभी ना आंको
खुद के हृदय में खुद तुम झांको ।
सबसे ज्यादा वही है खटती
घर बाहर दोनों सहेजती ।
चार बजे ही सुबह वो जगती
सीधा घर के काम में लगती
कभी किसी से कुछ ना कहती
घर वालों के नखरे सहती ।
सारे काम वो खुद ही करती
फिर भी सबके ताने सहती
खुद की पीड़ा दिल में दबा कर
होठों पर मुस्कान सजाती ।
ठाट बाट से तुम हो उठते
उस पर कटु वचन हो कहते
फिर भी तुमसे कुछ ना कहती
बस दो मीठे बोल चाहती ।
वो भी तुम नहीं दे पाते हो
फरमाइश बस ही करते हो
कभी तो जानो उसकी पीड़ा
नारी होती है एक हीरा ।
नारी से है पहचान तुम्हारी
फिर भी चलाते दिल पे आरी
नारी से ही घर तेरा खिलता
बच्चों से घर द्वार महकता ।
नारी तुमको पिता बनाती
सर समाज सम्मान दिलाती
देखो उसको हृदय लगा कर
उसके मन का बाग सजाकर ।
उसकी पीड़ा को भी जानो
बिन बोले ही तुम पहचानो
खुद के मुख से नहीं वो कहती
हर गम को चुपचाप है सहती ।
ज्यादा कुछ उम्मीद ना करती
प्रेम सभी से बस वो चाहती
सभी की सेवा दल से करती
बदले में बस नफरत चखती ।
नारी का अपमान जो करता
खुद की किस्मत को है फोड़ता
नारी होती लक्ष्मी गृह की
उसी से खुशियां होती सबकी ।
नारी का अपमान करो ना
पुरुष होने का गुमां करो ना
उसी से गृह का भाग्य है बनता
घर वालों का भाग्य संवरता ।

## मेरी हर साँस, माँ से शुरू होती है



संजीव ठाकुर,
रायपुर

मेरी हर साँस
माँ के नाम से शुरू होती ,
शायद इसीलिए
आज तक ज़िंदगी ने
मुझे पूरी तरह
अकेला नहीं छोड़ा।
जब मैं रोया
तो माँ ने शब्द नहीं दिए,
बस चुपचाप मेरे माथे पर
अपना साया रख दिया और
दुख धीरे-धीरेमुझसे उतर गया।
माँ की गोद पहला घर,
और आज जो नया घर बस रहा
उसकी नींव में भी माँ की वही ममता
चुपचाप रोपी जा रही ।
आज जब मैं नए रिश्ते का हाथ थामता ,
तो मुझे माँ की उँगलियाँ अपनी उँगलियों में
महसूस होती जैसे कह रही हों "डरो मत,मैं यहीं हूँ।
माँ ने सिखाया कि प्रेम माँगा नहीं जाता,
जिया जाता कि जीवन शिकायतों से नहीं,
समर्पण से चलता है।
आज विवाह की इस घड़ी में
माँ सामने नहीं खड़ी ,
पर मेरी हर साँस में उसका आशीर्वाद
इतना जीवित कि लगतावह हर क्षण मुझे देख रही है।
अगर कभी इस नए जीवन में आँखें भर आएँ
तो जानूँगा माँ की दुआ फिर से मुझे संभाल रही है।
मेरी हर साँस, हर पल, हर क्षण
माँ का आशीर्वाद है

और शायद इसी को ईश्वर कहते हैं।

## नारी बिन न बजे शहनाई



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

सीता,सावित्री,दुर्गा सी नारी,
प्रेम की रंगोली बनाती नारी,
समयानुसार रंगो से सजाई,
नारी बिन न बजे शहनाई।
नारी बिन जीवन दुखदाई।।
बचपन,जवानी, बुढ़ापे तक,
नारी की सहनशीलता सशक्त,
प्रसव वेदना सहती आई,
नारी बिन न बजे शहनाई।
नारी बिन जीवन दुखदाई।।
नारी परिवार की नींव गहरी,
अपने बच्चे की रक्षा प्रहरी,
घर की दुनिया नारी ने सजाई ,
नारी बिन न बजे शहनाई ।
नारी बिन जीवन दुखदाई।।
दो परिवारों की शान संभाली,
नारी से घर की खुशहाली,
हर क्षेत्र में मंजिल पाई,
नारी बिन न बजे शहनाई ।
नारी बिन जीवन दुखदाई।।
इस पुरुष प्रधान समाज में,
रहते कुछ कन्या से नाराज रे,
बिन कन्या कैसे होगी सगाई,
नारी बिन न बजे शहनाई ।
नारी बिन जीवन दुखदाई।।

## नारी की अस्मिता नारी का गौरव



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

नारी तुम सृजन हो सृष्टिकर्ता हो,
विघ्न- बाधाओं को
पार कर आगे बढ़ती हो
कोमल काया हो,
पर प्रस्तर को भी
ढकेलने की ताकत रखती हो
असह्य वेदना सहकर
भी खुश हो जाती हो
भूल जाती हो पीड़ा अपनी,
जब अपने जिस्म के टुकड़े को सामने पाती हो
ओजस्विनी हो, बुद्धिमती हो
घर बाहर दोनों में सामंजस्य बिठाती हो
कम नहीं हो किसी से ,
अपनी कोमलता को कृपाण बनाओ
यूं ही नहीं किसी के झांसे- भुलावे में आकर
सर्वस्व गंवा दो, संभालो खुद को गुरुर करो खुद पर
अपने आप को आजाद पंछी कहकर
चील कौवों के हवाले मत करो।
और जीवन से भी हाथ धो बैठो
अफसोस है नारी तुम अबला नहीं,
अपने अस्तित्व, अस्मिता को पहचानो।
दुख होता है अखबारों के पन्ने रंगे होते हैं
तुम्हारी करुण गाथा से,
क्यों अपने ही हाथों अपना सर्वनाश करती हो ।
यह आजादी नहीं पढ-लिखकर भी वही सदियों पुरानी
व्यवस्था में अपने आप को झोंकती हो।
संभालो खुद को गुरुर करो अपने आप पर,
आजाद पंछी कहकर चील -कौवों के हवाले मत करो
दूर- दृष्टि सोचने समझने की ताकत तुममें ज्यादा है
भले बुरे की पहचान तुम्हें ज्यादा है
फिर क्यों बह जाती हो, उफनती नदी की तरह,
शीतल शांत धारा बनकर बहो
तुम पूजनीय हो, नारी तुम पूजा के फूल हो
मसले जाकर कहीं गटर में डाले जाने के लिए नहीं बनी।
नारी तुमसे ही सृष्टि है, सृजन है,
कोमलता है, करुणा है, स्नेह है, शुचिता है।

## नारी तू नारायणी



गजानन पाण्डेय

नारी तू नारायणी
तेरे रूप अनेक
तू दुर्गा व काली है
तेरी लीला न्यारी है ।
मां की ममता में तू है
बहन - भाई का प्यार है
नारी के हर रूप में
तेरा ही संसार है ।
तुझसे घर की शोभा है बच्चों में संस्कार है
नारी से बना ,सृष्टि का आधार है ।

## भेड़िया



डॉ डी डी देसाई

सुना था कभी
जंगल में भेड़िया रहता था।
झुंड में चलता, तेज़ दौड़ता,
दूर से शिकार पहचान लेता था।
उसकी आँखों में भूख,
दाँतों में हिंसा,
और छोटे जानवरों के दिल में
सिर्फ़ दहशत बसती थी।
पर अब सुनता हूँ —
भेड़िये जंगल में ही नहीं....
कहीं और बसने लगे हैं
हमारे मोहल्लों में, हमारी गलियों में,
हमारी बैठकों में —अच्छाई का उजला नकाब ओढ़े।
नज़र में अपनापन, बातों में मिठास,
और भीतर दरिंदगी का अंधेरा।
वार इतना खामोश होता कि चीखें भी गूंगी रह जाती हैं।
खबर भी नहीं होती और विश्वास लहूलुहान पड़ा होता है।
जिनकी गोद में भरोसे के सपने सजाए थे,
उसी गोद ने विश्वास चीर दिया।
जिनसे लाज-शरम की उम्मीद थी,
उसी ने मर्यादा को सरेआम नंगा कर दिया।
जंगली भेड़िये से तो शायद बच निकलें हम...
पर इन नकाबपोश भेड़ियों से कैसे बचें?
डर अब जंगल से नहीं —घर के अँधेरे से है।
इसलिए आओ, थोड़ा साथ चलें।
भरोसे की एक मशाल जलाएँ।
अपने-पराये का भेद मिटाएँ।
वरना घर को जंगल बनने मेंज़्यादा वक़्त नहीं लगता।

## ईश का कर्ज़दार



कुमुद बाला,
हैदराबाद

मैं गंगा पार रहती हूँ
समंदर पार वे रहते हैं
है बस इक रक्त मानव में
जिसे संसार कहते हैं
दीवारें जो हैं धर्मों की वे
आखिर क्यों बनी हैं?
हक़ीक़त तो यही है
प्यार के दो धार बहते हैं
घंटियों में मंदिरों की मेरे श्री राम बसते हैं
पनघट पे जमुना के मेरे घनश्याम बसते हैं
मगर जब मेमना मैं देखती हूँ सामने मेरे
मुझे लगता है यीशु के तो इसमें प्राण बसते हैं
मेरे ख्वाजा के दर्शन में भी मुझको चैन मिलता है
मीनारें मस्जिदों की देख दिल को चैन मिलता है
है कण-कण में बसा वह जिसको ईश्वर हम कहते हैं
गुरुद्वारे भी मत्था टेकने से चैन मिलता है
बनाई जिसने है दुनिया कोई फनकार ही होगा
करीने से सजी दुनिया कोई चित्रकार भी होगा
ये प्रकृति की है फिदरत संतुलन की है बड़ी पक्की
ऐ मानव तू हमेशा ईश का कर्ज़दार ही होगा।।

## आज की नारी



मोनिका डागा,
चेन्नई

शक्ति का है प्रतीक
और भावनाओं की गंगा,
ईश ने नारी को कई
अनोखें किरदारों में रंगा,
बनी वो कभी बेटी, बहन,
बहु, पत्नी और माँ,
₹आनंद₹ के गीत से
बाँधा उसने हर एक समां ।
पहचानती है वो आज अपना हर एक अधिकार,
नहीं करती है अब वो किसी उत्पीड़न को स्वीकार,
आज की नारी है सबला और ताकतवर नई नवेली,
भीड़ गई जो ज़ोरदार मुश्किल से धुआंधार अकेली ।
खुद पर करती है वो दूसरों से कहीं ज़्यादा विश्वास,
कंधे से कंधा मिलाकर रचती है जो नया इतिहास,
समाज की बेड़ियों कि नहीं करती वो अब परवाह,
अपने दमखम पर दिया है उसने सपनों को प्रवाह ।
रिश्तों की गरिमा को वो सुंदरतम बनाएं रखती,
पर रूढ़िवादिता के बोझ को वो अब नहीं सहती,
त्याग, तपस्या ममत्व का बसा उसमें अनंत भंडार,
मुस्कुराहट रख संग संभालती वो घर बाहर परिवार ।
अन्याय के खिलाफ़ वो लड़ती है जबरदस्त जंग,
देख उसके स्वाभिमान, शौर्य को हर कोई हैं दंग,
आज की तेजस्विनी नारी का करता है विश्व सम्मान,
काबिलियत से अपनी नापा उसने जमीं आसमान ।

## चैत नवरात्रि



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आया चैत का महीना।
नवरात्रि भी आई ना।
करो नव दुर्गा का पूजन,
इतने त्योहार है कहीं ना।
सुख समृद्धि लाती है।
माता जब भी आती है।
भक्तों को ख़ुशी देकर ही,
माता खुश कर जाती है।
मांग लो वरदान सुहाग का।
न करो अपमान भाग का।
सबकी मां तो मां होती है,
मां बिन दुनिया नहीं होती है।
जयकारे लगते रोज मां के।
भजन भी होते रोज मां के।
चलो आज रतजगा करते है।
दर्शन होंगे शेरों वाली मां के।
मंदिर मंदिर जोत जली है।
कन्या रूप की कली खिली है।
दस दस हाथों से सृष्टि संभाले,
मां के द्वारे दुनिया चली है।
चूनर ओडी लाल रंग की।
मेहंदी चढ़ी लाल रंग की।
माथे बिंदी लाल रंग की,
मां शुभता देती लाल रंग की।

## रहने दे...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

हम साथ रहे थे कभी
हमदर्द बनकर ऐसे
उस वक्त को सोच के
कुछ आराम ही तो है
गुजर रही है जिंदगी
धीरे धीरे ही सही
तेरे लिए इस दिल में
कुछ इकराम ही तो है
खामोशियों से भरी है
झोली मेरी दर ब दर बताया नहीं करते
रहने दे उधार एक मुलाकात यूँ ही
सुना है उधार वालों को लोग
भुलाया नहीं करते गमों से तबीयत खराब
होने लगती है कभी मेरे नब्ज़ को देख
हकीम भी नाकाम ही तो है
तुम लगा लेते हो रोज उल्फत का तमाशा
मेरी फ़िक्र में अब भी तेरा नाम ही तो है
चलो छोड़ो हिचकियों को
अब और अधिक दबाया नहीं करते रहने दे..।।

## एक अनुनय



कौशल्या गुप्ता,
हैदराबाद

तनिक ठहरो मित्र!
मात्र समिधा की कुछ
लकड़ियों के लिए
मत काटो मुझे
मुझ में भी प्रभावित होती हैं
अनंत संवेदनाएं ।।
देखो इन डालों के झुरमुट में
अगणित पाखी का डेरा है ,
प्यारी गौरैया या बया का
नन्हा नया बसेरा है ।।
सुबह सवेरे इन डालों पर ,
जब कोयल रानी गाती है
दिशा दिशा के रोम रोम में
मिश्री सी घुल जाती है ।।
कच्ची अंबिया के चटखारे ,
बोलो बच्चे लेंगे कैसे
टपके मीठे आमों के खातिर
सब चुन्नू मुन्नू तरसेंगे ।।
सावन में ससुराल से जब
बिटिया पीहर आएगी
झूलन को सखियों के संग
वो डाल कहां से लाएगी ।।
भरी दुपहरी रामू काका भी
छाया में मेरे सोते हैं
दो पल के उन सुखद क्षणों को
व्यर्थ छीन क्यों लेते हो ।।
कर निष्ठुर यूं कुठाराघात
मेरे जीवन का मत करो हरण
स्नेह सलिल से सींच प्रिये
करो पर्यावरण का तुम पोषण ।।

## रोटी



डॉ हेमंत सुराना,
उदयपुर

किसी के नसीब में सूखी रोटी,
किसी को मिलती घी की रोटी
किसी की सांझ होती बिन रोटी,
इंसान को बेबस बनाती है रोटी
पेट की आग है ये बुझाती,
क्या कुछ ये नहीं करवाती
दर-दर की ठोकरे ये खिलाती,
जीने का एहसास भी करती
किसी को मिलाती, किसी को अलग कराती,
कभी फिराती, कभी भटकाती
क्या से क्या नजारे दिखाती
खेल रोटी का है सारा
कभी मुसाफिर जीवन अपनाया,
रोटी के पीछे अपनों को खोया
इंसान है रोटी का मजबूर,
इंसान है रोटी का मजबूर ।

## अपराजिता



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

है शंखपुष्पी,है नीलकंठ,
शिवशंभू प्रिय अपराजिता,
है गोकर्णी, है विष्णुक्रांता,
है विष्णुप्रिय अपराजिता,
है आदिशक्ति, दुर्गादेवी,
एक योगिनी,अपराजिता,
है अजेय, अविजित,
अनभिभूत व अखंण्डिता,अपराजिता।
जैसे धरती पर आच्छादित एक सुंदर बेल अपराजिता,
वैसे ही हर परिवार का है
एक सुरक्षा कवच और है अपराजित,
हर नारी शक्ति और मातृशक्ति ,निर्विवादित।
जीवन पर्यंत एक अनुष्ठान करती सम्पादित,
होती, पुत्री-भगिनी-भार्या के रूप में सुसज्जित,
पुनः मातृत्व की अनुपम छवि को सर्वोपरी बनाती,
धूरी बनकर घर-परिवार की,
सभ्यता और संस्कृति की अलख जगाती,
समाज और राष्ट को समृद्ध बनाती ।।
लेकिन प्रश्न ये ,करता विचलित बार-बार,
क्यूं समाजकंटकों का विनाश नहीं होता?
क्यूं उनके द्वारा वो मासूम बाला हरदम चढ़ाई जाती है,
अस्मिता की बलिवेदी पर बार-बार?
हे आदिशक्ति ,अब यह वर दो,
कांटों की राह सहज कर दो,
विषपान है अब तक बहुत किया,
अब हर अबला को अपराजिता बना,
स्वरक्षा का एक कवच दे दो।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# पांच युद्ध में अमेरिका ने गंवाए 66 लाख करोड़

## ईरान पर खर्च करेगा 2900 करोड़ से भी ज्यादा

ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका की भूमिका व्यापक है। अमेरिका ने ना सिर्फ इजरायल के साथ इस जंग में हिस्सा लिया है बल्कि उसकी सहायता ने जमीन पर समीकरण बदले हैं। जानकार मानते हैं कि अमेरिका ने ही इस युद्ध की दिशा को बदल दिया है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी सुपरपावर है, उसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं। यही वजह है कि पिछले कई दशकों में जब दुनिया ने भीषण युद्ध देखे, अमेरिका ने उनमें अपनी अहम भूमिका अदा की। उन युद्ध में अमेरिका ने अरबों-खरबों डॉलर खर्च किए। जनसत्ता की विशेष सीरीज 'आंकड़े बोलते हैं' में आज समझने की कोशिश करते हैं, अमेरिका एक युद्ध की कितनी कीमत चुकाता है?

### पहले विश्व युद्ध में अमेरिकी खर्च

पहला विश्व युद्ध 1914 से 1918 के बीच लड़ा गया था। दो गुटों के बीच ये युद्ध छिड़ा था- एक रहा एलाइड पावर्स जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस, रूस शामिल थे। दूसरा रहा सेंट्रल पावर जिसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, तुर्की, बुल्गारिया जैसे देश थे। तीन साल तक इस युद्ध से अमेरिका ने दूरी बना रखी थी, लेकिन 6 अप्रैल 1917 को उसने इस युद्ध का हिस्सा बनने का फैसला किया। असल में जब जर्मनी के हमलों में अमेरिकी नागरिकों ने भी अपनी जान गंवानी शुरू कर दी, तब अमेरिका को मजबूरन इस युद्ध में शामिल होना पड़ा।

पहले विश्व युद्ध में अमेरिका का खुल खर्च 32 अरब डॉलर रहा था। उस जमाने में अमेरिका की कुल राष्ट्रीय उत्पादन यानी कि जीएनपी का यह 52 फीसदी हिस्सा था। दूसरे शब्दों में कहें तो अमेरिका ने अपनी आधे से भी ज्यादा आर्थिक क्षमता उस समय इस युद्ध में झोक दी थी। इस युद्ध में अमेरिका ने तीन तरीकों से पैसा जुटाया था- 22 फीसदी टैक्स के जरिए, 58 फीसदी जनता से ही उधार लेकर और 20 फीसदी नए नोट छापकर। यहां भी अमेरिका का रक्षा खर्च कुल जीडीपी का 14.1 फीसदी रहा था।

### दूसरे विश्व युद्ध में अमेरिकी खर्च

द्वितीय विश्व युद्ध 1939 से 1945 के बीच लड़ा गया था। यह महायुद्ध दो गुटों के बीच था। एक तरफ एलाइड पावर्स थे, जिनमें ब्रिटेन, सोवियत संघ, अमेरिका, फ्रांस और चीन शामिल थे। दूसरी तरफ एक्सिस पावर्स थे, जिनमें जर्मनी, इटली और जापान शामिल थे। यह युद्ध जर्मनी की विस्तारवादी नीति की वजह से शुरू हुआ। एडोल्फ हिटलर यूरोप के कई देशों पर कब्जा करना चाहता था। इसी वजह से 1939 में जर्मनी ने पोलैंड पर हमला कर दिया, जिसके बाद ब्रिटेन और फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। 1941 में अमेरिका भी इस युद्ध में शामिल हो गया। इसकी वजह यह थी कि 7 दिसंबर 1941 को जापान ने अमेरिका के पर्ल हार्बर नौसैनिक अड्डे पर हमला कर दिया, जिसमें हजारों अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। पहले विश्व युद्ध में अमेरिका की सक्रिय भागीदारी लगभग एक साल की थी, लेकिन दूसरे विश्व युद्ध में यह बढ़कर करीब चार साल तक रही। नॉर्विच यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए थे। उस समय कुल जीडीपी में रक्षा खर्च बढ़कर 37.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था।



दुनिया में हो रहे युद्ध और अमेरिका पर बढ़ता आर्थिक बोझ

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने करीब 1.22 करोड़ सैन्य कर्मियों को युद्ध में उतारा था। इस युद्ध में अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की कुल मौतों की संख्या लगभग 4,18,500 दर्ज की गई थी। नॉर्विच यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के मुताबिक, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने लगभग 1.3 करोड़ हथियार बनाए। इनमें गन, हॉवित्जर, राइफल और कार्बाइन शामिल थे। इसके अलावा फैक्ट्रियों में करीब 1 लाख टैंक और 3 लाख विमान भी तैयार किए गए।

सिर्फ यही नहीं, उस दौर में अमेरिका ने 40 अरब से ज्यादा गोलियां भी तैयार कीं। चूंकि यह युद्ध समुद्र में भी लड़ा गया था, इसलिए अमेरिका ने इस दौरान 10 युद्धपोत, 27 विमानवाहक पोत और लगभग 200 पनडुब्बियां भी बनाई थीं। द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका पर आया कुल आर्थिक बोझ बहुत बड़ा था। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 63 प्रतिशत खर्च अमेरिका ने वॉर बॉन्ड के जरिए जुटाया था।

### वियतनाम युद्ध पर अमेरिकी खर्च

अमेरिकी इतिहास में वियतनाम युद्ध को एक काले अध्याय के तौर पर याद किया जाता है। कई इतिहासकार इसे आज भी अमेरिका की हार के रूप में देखते हैं। यह युद्ध 1955 से 1975 के बीच चला, जबकि 1965 से अमेरिका की इसमें सीधी सैन्य भागीदारी शुरू हो गई। यह युद्ध मुख्य रूप से उत्तर वियतनाम और दक्षिण वियतनाम के बीच था। उत्तर वियतनाम को सोवियत संघ और चीन का समर्थन प्राप्त था, जबकि दक्षिण वियतनाम को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों का समर्थन मिल रहा था। उस समय उत्तर वियतनाम में कम्युनिस्ट सरकार थी, जबकि दक्षिण वियतनाम में अमेरिका समर्थित सरकार सत्ता में थी। अमेरिका हर कीमत पर वियतनाम को कम्युनिस्ट बनने से रोकना चाहता था। वह दक्षिण वियतनाम की सरकार को बचाना चाहता था, इसी वजह से युद्ध और ज्यादा तेज हो गया।

वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने अपनी सेना पर लगभग 828 अरब डॉलर खर्च किए। 1965 के बाद से अमेरिका हर साल 50 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च कर रहा था। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इस युद्ध की वजह से अमेरिका को 111 अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ा था। इस युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ। करीब 58,000 अमेरिकी सैनिक मारे गए, जबकि लगभग 1,53,000 सैनिक घायल हो गए। पेंटागन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1961 से 1973 के बीच वियतनाम युद्ध में अमेरिका के 3,699 फिक्स्ड-विंग विमान पूरी तरह नष्ट हो गए थे। वहीं 4,865 हेलीकॉप्टर भी बर्बाद हो गए। अमेरिका के रक्षा मंत्री जेम्स आर. श्लेसिंगर ने उस समय अमेरिकी संसद में बताया था कि दक्षिण वियतनाम में इस्तेमाल किए गए अमेरिकी सैन्य उपकरणों की कीमत लगभग 3 अरब से 4 अरब डॉलर के बीच थी। हालांकि, इन उपकरणों का बड़ा हिस्सा युद्ध में नष्ट हो चुका था। इसके अलावा, जब अमेरिका और दक्षिण वियतनाम की सेना कुछ इलाकों से पीछे हटी, तो वहां 800 मिलियन डॉलर से ज्यादा के सैन्य उपकरण पीछे छोड़ दिए गए थे।

### अफगानिस्तान युद्ध पर अमेरिकी खर्च

अमेरिका ने अफगानिस्तान में भी एक लंबी जंग लड़ी, लेकिन इस युद्ध को अमेरिकी इतिहास में सफलता से ज्यादा असफलताओं के लिए याद किया जाता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के "कॉस्ट ऑफ वॉर प्रोजेक्ट" की रिपोर्ट बताती है कि अफगानिस्तान युद्ध पर अमेरिका ने लगभग 2.26 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए। इसमें से अमेरिका ने रक्षा विभाग के बजट से करीब 933 अरब डॉलर खर्च किए थे। इसके अलावा 530 अरब डॉलर उस कर्ज पर खर्च हुए, जो अफगानिस्तान युद्ध के दौरान अमेरिका ने लिया था।

रिपोर्ट के अनुसार, 443 अरब डॉलर का अतिरिक्त रक्षा खर्च भी सामने आया था। इसके अलावा घायल सैनिकों और पूर्व सैनिकों के इलाज तथा मेडिकल देखभाल पर अमेरिका ने लगभग 296 अरब डॉलर खर्च किए। इतना ही नहीं, अमेरिका ने अफगान सेना को प्रशिक्षण देने और उसे सैन्य उपकरण उपलब्ध कराने पर करीब 88.3 अरब डॉलर भी खर्च किए थे। हालांकि इतने प्रयासों और भारी खर्च के बावजूद तालिबान ने अफगानिस्तान में दोबारा सत्ता हासिल कर ली, और अब वहां उसकी सरकार चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान युद्ध की वजह से अमेरिका को जान-माल का भारी नुकसान भी उठाना पड़ा। करीब 2,500 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, जबकि लगभग 4,000 अमेरिकी नागरिक ठेकेदार भी मारे गए। दूसरी ओर अफगानिस्तान को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा। उन वर्षों में करीब 69,000 अफगान सैन्य और पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि लगभग 47,000 आम नागरिकों की भी मौत हुई।

### ईरान युद्ध पर अमेरिकी खर्च

इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो हमला किया है, उसकी आर्थिक कीमत बहुत बड़ी मानी जा रही है। वॉशिंगटन की थिंक टैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका इस युद्ध में रोज़ करीब 891.4 मिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ हवाई ऑपरेशन पर ही अमेरिका रोज़ करीब 30 मिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। वहीं नौसैनिक ऑपरेशन पर लगभग 15 मिलियन डॉलर और जमीनी ऑपरेशन पर करीब 1.6 मिलियन डॉलर प्रतिदिन खर्च हो रहे हैं। अगर अलग-अलग सैन्य संसाधनों की बात करें तो टैंकर और कार्गो विमानों पर अमेरिका रोज़ करीब 9 मिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। इसके अलावा एयरक्राफ्ट कैरियर पर रोज़ लगभग 6 मिलियन डॉलर और डिस्ट्रॉयर युद्धपोतों पर करीब 5 मिलियन डॉलर प्रतिदिन खर्च किए जा रहे हैं।

आंकड़े बताते हैं कि इस युद्ध के सिर्फ पहले 100 घंटों में ही अमेरिका करीब 3.7 बिलियन डॉलर खर्च कर चुका है। गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले साल जून में भी ईरान के परमाणु ठिकानों पर ऑपरेशन मिडनाइट हैमर चलाया था। यह ऑपरेशन करीब ढाई घंटे तक चला था। ब्राउन यूनिवर्सिटी के Costs of War Project की रिपोर्ट के मुताबिक, उस छोटे से ऑपरेशन में भी अमेरिका ने करीब 2.04 से 2.26 बिलियन डॉलर तक खर्च कर दिए थे। हालांकि अभी तक पेंटागन की तरफ से इस युद्ध के लिए कोई आधिकारिक बजट घोषित नहीं किया गया है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह संघर्ष अमेरिका के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ साबित हो सकता है, जिसकी असली कीमत अनुमान से भी कहीं ज्यादा हो सकती है।

खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध पांच हफ्तों तक खिंच सकता है। अगर एक दिन खर्च 9 मिलियन डॉलर आ रहा है, उस लिहाज से 35 दिनों के अंदर अमेरिका 2900 करोड़ से भी ज्यादा खर्च कर चुका होगा। ऐसे में इस युद्ध का आर्थिक बोझ अमेरिका पर काफी ज्यादा रहेगा।

# बालेन शाह के आगे दिग्गज हुए पस्त

## नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनना तय



नेपाल की राजनीति में एक अभूतपूर्व उलटफेर की आहट सुनाई दे रही है। 5 मार्च को हुए आम चुनाव के नतीजे आने से पहले ही, पूर्व काठमांडू मेयर बालेन्द्र (बालेन) शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने मतगणना में सुनामी की तरह बढ़त बना ली है। दशकों से सत्ता पर काबिज पारंपरिक राजनीतिक दलों को जनता ने जिस तरह हाशिए पर धकेला है, उससे साफ है कि नेपाल की राजनीति में 36 साल बाद किसी एक दल को प्रचंड बहुमत मिलने की ओर अग्रसर है। इस अभूतपूर्व जीत के साथ, बालेन शाह का अगला प्रधानमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में जानते हैं नेपाल में युवा क्रांति का चेहरा बनने वाले बालेन शाह आखिर हैं कौन?

राजनीतिक सफरः बालेन शाह का यह सफर आसान नही रहा है। साल 2022 में रैप की दुनिया से पहचान बनाने वाले स्ट्रक्चरल इंजीनियर बालेन शाह ने उस वक्त सबको चौंका दिया था, जब उन्होंने नेपाल के बड़े राजनीतिक दलों को हराकर काठमांडू के मेयर का पद जीता। उनका चुनाव चिह्न छड़ी था। उन्हें चुनाव में 61,767 वोट मिले। उन्होंने नेपाली कांग्रेस की सिर्जना सिंह को हराया, जिन्हें 38,341 वोट मिले थे। वहीं, सीपीएन-यूएमएल के उम्मीदवार और पूर्व मेयर केशव स्थापित को 38,117 वोट मिले।

अब चार साल बाद 35 साल के बालेन शाह देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने की राह पर हैं। उनकी यह सफलता अचानक नहीं मिली है। साल 2013 में वह 'रॉ बर्ज' रैप बैटल से मशहूर हुए थे। मेयर बनने से पहले उन्होंने ढाई साल तक जमीन पर काम किया। उन्होंने हिमालयन व्हाइट हाउस कॉलेज से इंजीनियरिंग की और भारत से मास्टर डिग्री ली। उनकी पढ़ाई और तकनीकी समझ ने जनता का भरोसा जीता। उनकी बेदाग छवि और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख ने उन्हें जनता का चहेता बना दिया है। वह सोशल मीडिया के जरिए सीधे जनता से बात करते हैं। वह युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं।

ओली के दबदबे को किया खत्म : बालेन की राजनीतिक रणनीति बहुत सोची-समझी रही है। सितंबर के विरोध प्रदर्शनों में 77 लोगों की मौत के बाद केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया था। उस समय युवाओं ने बालेन को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए कहा। बालेन ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की का समर्थन किया। उन्होंने छह महीने की अस्थायी सरकार के बजाय पांच साल के पूर्ण कार्यकाल को चुना। 18 जनवरी 2026 को बालेन औपचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) में शामिल हो गए। उन्होंने अगले ही दिन जनकपुर से अपना चुनाव प्रचार शुरू किया। उन्होंने झापा-05 सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया। यह इलाका दिग्गज नेता केपी शर्मा ओली का गढ़ माना जाता है। जानकारों का मानना है कि बालेन की लोकप्रियता ओली के दशकों पुराने दबदबे को खत्म कर दी है।

क्या था चुनाव का एजेंडा? : बालेन सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं। फेसबुक पर उनके 35 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह प्रेस कॉन्फ्रेंस के बजाय सीधे जनता से बात करते हैं। हालांकि, वह अपने कड़े बयानों के लिए विवादों में भी रहे। उन्होंने एक बार अमेरिका, भारत और चीन जैसे देशों के साथ-साथ अपनी ही पार्टी की भी आलोचना की थी। उनके समर्थक उन्हें पुराने नेताओं के विकल्प के रूप में देखते हैं।

बालेन का जन्म 1990 में हुआ था। उनके स्वर्गीय पिता राम नारायण शाह एक आयुर्वेदिक डॉक्टर थे। उनका निधन बालेन शाह के मेनस्ट्रीम पॉलिटिक्स में फॉर्मल एंट्री से ठीक पहले हुआ था। राजनीति के साथ-साथ बालेन अभी काठमांडू यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी कर रहे हैं। नेपाल अब एक नए मोड़ पर है, जहां पुराने नेताओं की पकड़ कमजोर होती दिखने लगी है।

# जब इस्क़फहान रोता है, तो हैदराबाद भी दुखी होता है

## इस्क़फहान से हैदराबाद तक : सभ्यताओं का साझा रिश्ता



बीपी आचार्य आईएएस
(रिटायर्ड पूर्व स्पेशल चीफ सेक्रेटर तेलंगाना हैं)

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और संघर्ष की खबरें अक्सर भारत के लिए दूर की घटनाएँ लगती हैं, लेकिन इतिहास की गहराई में उतरें तो कई बार इन घटनाओं की गूंज हमारे अपने शहरों और सांस्कृतिक स्मृतियों तक पहुँच जाती है। हाल में ईरान के ऐतिहासिक शहर इस्क़फहान पर हुए हमलों ने भारत के हैदराबाद में भी एक अलग तरह की संवेदना पैदा की है। यह प्रतिक्रिया केवल अंतरराष्ट्रीय राजनीति का असर नहीं है, बल्कि उन गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की याद है जो सदियों से इन दोनों शहरों को जोड़ते रहे हैं। हैदराबाद और इस्क़फहान का रिश्ता केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि इसके पीछे वास्तुकला, शहरी नियोजन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का लंबा इतिहास मौजूद है। 16वीं शताब्दी के अंत में जब सुल्तान मोहम्मद कुली कुतुब शाह ने 1591 में हैदराबाद शहर की स्थापना की, तब इस शहर की योजना और निर्माण की जिम्मेदारी ईरान से आए विद्वान और प्रशासक मीर मोमिन अस्तराबादी को सौंपी गई थी। मीर मोमिन ने शहर की संरचना तैयार करते समय ईरान के महान सांस्कृतिक नगर इस्क़फहान से प्रेरणा ली। इसी कारण हैदराबाद को उसके शुरुआती दौर में अक्सर "इस्क़फहान-ए-नौ" यानी 'नया इस्क़फहान' कहा जाता था। जिस प्रकार इस्क़फहान का प्रमुख केंद्र नक्श-ए-जहाँ चौक था, उसी प्रकार हैदराबाद का केंद्रीय प्रतीक चारमीनार बना। चारमीनार केवल एक स्थापत्य स्मारक नहीं था, बल्कि शहर के सामाजिक और आर्थिक जीवन का केंद्र भी था। इसके चारों ओर बाजार, सड़कें और सार्वजनिक स्थल विकसित हुए, जिससे शहर की गतिविधियों का केंद्र निर्धारित हुआ।

हैदराबाद की शहरी योजना भी फारसी परंपरा से प्रभावित थी। चारमीनार से चार दिशाओं में निकलने वाली सड़कें शहर को एक सुव्यवस्थित ढांचे में जोड़ती थीं। यह व्यवस्था फारसी शहरी नियोजन की उस शैली से प्रेरित थी जिसमें शहरों को सममितीय और संतुलित ढंग से विकसित किया जाता था। इसके अलावा महलों और बागों में जल प्रबंधन, फव्वारों और पानी के प्रवाह की जो तकनीक अपनाई गई, वह भी ईरान की इंजीनियरिंग परंपरा से प्रभावित थी।

यह संबंध केवल वास्तुकला तक सीमित नहीं रहा। कुतुब शाही दरबार में फारसी भाषा प्रशासन और साहित्य की महत्वपूर्ण भाषा थी। हैदराबाद की तहजीब, अदब, खान-पान और सामाजिक परंपराओं में भी फारसी संस्कृति की गहरी छाप दिखाई देती है। यही कारण है कि आज भी हैदराबाद को भारत के उन शहरों में गिना जाता है जहां भारतीय और फारसी सभ्यताओं का अनूठा संगम दिखाई देता है।

ऐसे में जब इस्क़फहान जैसे ऐतिहासिक शहर पर हमलों की खबर सामने आती है, तो यह केवल एक सैन्य या भू-राजनीतिक घटना नहीं रह जाती। यह उन सांस्कृतिक स्मृतियों को भी झकझोर देती है जो सदियों से विभिन्न सभ्यताओं को जोड़ती रही हैं। हैदराबाद में व्यक्त की गई संवेदनाएँ इसी साझा इतिहास की अभिव्यक्ति हैं। आज की दुनिया में युद्ध और संघर्ष अक्सर राजनीतिक हितों और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा से संचालित होते हैं, लेकिन इतिहास हमें यह भी सिखाता है कि सभ्यताओं के बीच बने सांस्कृतिक रिश्ते किसी भी संघर्ष से अधिक स्थायी होते हैं। इस्क़फहान और हैदराबाद का संबंध इसी स्थायित्व का उदाहरण है। युद्ध केवल इमारतों को ही नहीं तोड़ता, बल्कि उन ऐतिहासिक पुलों को भी नुकसान पहुँचाता है जो मानव सभ्यता को जोड़ते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इतिहास के इन सांस्कृतिक संबंधों को समझें और उन्हें संरक्षित रखने की कोशिश करें। क्योंकि सभ्यताओं की असली ताकत उनके बीच बने संवाद और साझा विरासत में ही निहित होती है।




# अमेरिका का ईरान पर हमला : चीन–रूस की रहस्यमयी चुप्पी

**स्नेहा सिंह**

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर पिछले कुछ दिनों से लगातार हमले किए जा रहे हैं। दोनों देशों ने ईरान के खिलाफ एक तरह से अघोषित युद्ध शुरू कर दिया है। इसके असर पूरी दुनिया में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इस विषय पर खुलकर चर्चा करने या इसकी निंदा करने के लिए कोई देश आगे नहीं आ रहा। आश्चर्य की बात यह है कि दशकों से ईरान के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले चीन और रूस ने भी इस युद्ध पर रहस्यमयी चुप्पी साध रखी है।

एक समय ऐसा माना जा रहा था कि जैसे ही इजराइल और अमेरिका युद्ध शुरू करेंगे, चीन और रूस ईरान के समर्थन में खुलकर सामने आएंगे। लेकिन अब तक ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। अमेरिका और इजराइल जिस तरह से ईरान में तबाही मचा रहे हैं, उसके बावजूद यूरोप के देश भी केवल मूकदर्शक बने हुए हैं। वे अपनी क्षमता के अनुसार दुख व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन सीधे तौर पर युद्ध का विरोध या ईरान का समर्थन करने की हिम्मत कोई नहीं कर रहा। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई तथा अन्य ईरानी नेताओं और सैन्य कमांडरों की मौत के मुद्दे पर भी कोई देश खुलकर प्रतिक्रिया देने को तैयार नहीं है। आश्चर्यजनक बात यह है कि ईरान में बड़े पैमाने पर निवेश और व्यापार करने वाले चीन और रूस ने भी केवल संवेदना व्यक्त करने और औपचारिक कूटनीतिक बयान देने के अलावा कुछ नहीं किया है। दोनों देशों ने वैश्विक स्थिति पर चिंता जताई है, लेकिन ईरान को हथियार या अन्य किसी प्रकार की सहायता देने की तत्परता नहीं दिखाई है।

चिंताजनक स्थिति यह भी है कि ईरान की मिसाइलें अब साइप्रस, अजरबैजान, तुर्की और अन्य खाड़ी देशों में गिर रही हैं। इसके कारण खाड़ी क्षेत्र में आंतरिक युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई है। ईरान का लक्ष्य खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाना था, लेकिन इसके विपरीत परिणाम सामने आए हैं। इससे ऊर्जा क्षेत्र में भारी उथल-पुथल मच गई है। कई तेल रिफाइनरियों और कंपनियों ने अपना काम रोक दिया है, जिससे कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी की भारी कमी पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। इन सबके बीच चीन और रूस की रहस्यमयी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। जानकारों का मानना है कि अमेरिका, चीन और रूस जैसी तीनों महाशक्तियों ने अपने हितों की रक्षा के लिए पर्दे के पीछे किसी तरह की रणनीतिक समझ बना ली है। इस महागठजोड़ के कारण दुनिया असमंजस में है और तीनों शक्तियां अपने-अपने तरीके से इसका लाभ उठा रही हैं। चर्चा यह भी है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के मामले में अमेरिका ने भी एक तरह की चुप्पी साध ली है। कहा जा रहा है कि अमेरिका और रूस के बीच दुर्लभ खनिजों और वैश्विक प्रभुत्व के मुद्दे पर कोई समझौता हो चुका है।

अमेरिका दिखावे के लिए युद्ध रोकने और शांति वार्ता की बात करता है, लेकिन पर्दे के पीछे वह रूस को अप्रत्यक्ष समर्थन भी दे रहा है। इसी तरह चीन और ताइवान के बीच चल रहे विवाद में भी अमेरिका केवल औपचारिक प्रतिक्रिया देता है। तीनों महाशक्तियां 'तेरी भी चुप, मेरी भी चुप' की नीति अपनाकर पूरी दुनिया को भ्रमित कर रही हैं।

भूराजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल।ईरान-इजराइल-अमेरिका संघर्ष में चीन और रूस सीधे शामिल होना नहीं चाहते। रूस पहले से ही एक मोर्चे पर युद्ध लड़ रहा है, इसलिए वह अमेरिका के साथ दूसरा युद्ध छेड़ने की स्थिति में नहीं है। चीन भी फिलहाल अमेरिका से टकराव से बचना चाहता है। उसकी नीति व्यापार के माध्यम से दुनिया में प्रभाव बढ़ाने की है। हाल ही में एक रूसी अधिकारी ने अमेरिकी मीडिया से कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की अपनी प्राथमिकताएं हैं और वे फिलहाल अमेरिका से टकराने की मूर्खता नहीं करेंगे। दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दुनिया का ध्यान रूस-यूक्रेन संघर्ष से हटकर खाड़ी की ओर चला गया है, जो रूस के लिए अप्रत्यक्ष रूप से लाभदायक है।

रूस और चीन पहले ही ईरान को रक्षा क्षेत्र में सहायता दे चुके हैं। ईरान ने उसी मदद से भविष्य के युद्ध की तैयारी की थी और अब वही तैयारी उसके काम आ रही है। इसलिए चीन और रूस का सीधे युद्ध में उतरना स्वाभाविक रूप से संभव नहीं माना जा रहा। समझने वाली बात यह भी है कि अमेरिका जहां रक्षा उद्योग और हथियारों की बिक्री के माध्यम से अन्य देशों के साथ संबंध मजबूत करता है, वहीं चीन की नीति इससे बिलकुल अलग है। चीन दूसरे देशों में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट में निवेश करके, कर्ज देकर और व्यापार बढ़ाकर अपने संबंध विकसित करता है। इसके बाद वह रक्षा तकनीक में भी सहयोग देता है। इसी कारण चीन पूर्वी एशिया के बाहर किसी भी विवाद में सीधे हस्तक्षेप नहीं करता।

## अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 35 करोड़ में खरीदी 2.67 एकड़ जमीन, राम नगरी में बिग बी का तीसरा निवेश



बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन ने राम मंदिर की जन्मभूमि अयोध्या में एक और प्रॉपर्टी खरीदी है। उन्होंने अपनी संपत्ति का विस्तार करते हुए अभिनंदन लोढ़ा हाउस (HoABL) से 35 करोड़ रुपये में 2.67 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने 6 मार्च को यह जानकारी दी। यह कंपनी के साथ मंदिर नगर में अमिताभ बच्चन का तीसरा निवेश है। यह जमीन HoABL की 75 एकड़ की 'द सरयू' परियोजना के पास स्थित है। कंपनी ने बताया कि AB Corp Ltd के प्रबंध निदेशक राजेश यादव ने इस सौदे को अंजाम दिया।

इस पर बात करते हुए, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के अध्यक्ष अभिनंदन लोढ़ा ने कहा, 'अमिताभ बच्चन का निवेश भूमि को एक अंतरपीढ़ीगत संपत्ति के रूप में देखने के हमारे विश्वास को दिखाता है, जो बड़े वैल्यू को संरक्षित करती है।'

**अमिताभ बच्चन ने खरीदी जमीन**

उन्होंने कहा, 'HoABL में हम भूमि को केवल धन के रूप में नहीं, बल्कि एक विरासत के रूप में देखते हैं। अयोध्या में, यह विरासत एक गहरा अर्थ ग्रहण करती है, एक 'विरासत' जहां आस्था और विरासत एक साथ मिलती हैं। निरंतर अवसंरचना विकास और सार्वजनिक निवेश के समर्थन से, अयोध्या दीर्घकालिक भूमि स्वामित्व और स्थायी मूल्य सृजन के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रही है।'

**अयोध्या में ये तीसरा निवेश**

बता दें कि यह अयोध्या में अमिताभ बच्चन का तीसरा निवेश और HoABL के साथ उनका चौथा प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है।

बॉलीवुड एक्टर से इस बारे में अब तक कुछ भी कहा नहीं है। मई 2025 में, दिग्गज अभिनेता ने द सरयू के बगल में लगभग 40 करोड़ रुपये में 25,000 वर्ग फुट का एक प्लॉट खरीदा। इससे पहले, 2024 में, उन्होंने अयोध्या में होआबल एबीएल के द सरयू में 14.5 करोड़ रुपये में 10,000 वर्ग फुट का एक प्लॉट खरीदा था।

## एक ही फिल्म में दिखेगा 70% बॉलीवुड, शाहरुख खान की मूवी में लगेगा मेगा स्टार्स का महाकुंभ, सौरभ शुक्ला का खुलासा

भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनका इंतजार दर्शक सालों तक करते हैं। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही आगामी एक्शन ड्रामा 'किंग' भी उन्हीं चुनिंदा फ़िल्मों में से एक है। शाहरुख खान के जादुई करिश्मे और सिद्धार्थ आनंद के स्टाइल का संगम इस फिल्म को साल 2026 की सबसे चर्चित रिलीज बनाने के लिए तैयार है। यह फ़िल्म न केवल एक हाई-एनर्जी सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, बल्कि इसमें बॉलीवुड के दिग्गजों और उभरते सितारों का एक ऐसा जमावड़ा है जो पहले कभी नहीं देखा गया।

**'किंग' में सितारों का महाकुंभ**

हाल ही में एक इंटरव्यू में दिग्गज अभिनेता और फिल्ममेकर सौरभ शुक्ला ने फिल्म के विशाल पैमाने के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए। उन्होंने बताया कि 'किंग' की कास्टिंग इतनी भव्य है कि इसमें पूरी फिल्म इंडस्ट्री का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। सौरभ ने कास्टिंग के स्केल पर जोर देते हुए कहा, 'सिर्फ मैं ही नहीं, किंग के पास फिल्म इंडस्ट्री का 70 परसेंट हिस्सा है। हर बड़ा नाम, वे सभी इसमें हैं।'




**फिल्म में ये सितारे निभाएंगे लीड रोल**

खबरों के अनुसार फिल्म में सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान मुख्य भूमिका में हैं। 'द आर्चीज' के बाद यह सुहाना की बड़े पर्दे पर पहली फिल्म होगी। उनके अलावा रिपोर्ट्स बताती हैं कि फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, जयदीप अहलावत और राघव जुयाल जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की फौज है। सौरभ शुक्ला ने सेट पर शाहरुख खान के साथ काम करने के अनुभव को बेहद मजेदार बताया और किंग खान के व्यक्तित्व व करिश्मे की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि फिल्म में उनका अपना रोल दर्शकों के लिए यादगार रहेगा।

**शाहरुख खान का दमदार अवतार**

सिद्धार्थ आनंद की 'किंग' एक जबरदस्त एक्शन-थ्रिलर है। रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान इसमें एक खतरनाक डॉन जैसे किरदार में नज़र आएंगे, जो अपराध की एक अंधेरी दुनिया का हिस्सा है। फिल्म की कहानी में न केवल धमाकेदार एक्शन है, बल्कि गहरे भावनात्मक पहलू भी शामिल हैं। शाहरुख खान का किरदार सुहाना खान को मुश्किल चुनौतियों और खतरनाक परिस्थितियों से बाहर निकलने में मार्गदर्शन (गाइड) करता दिखाई देगा। कई टाइमलाइन और एक बड़ी कास्ट के साथ, 'किंग' स्टाइल, एक्शन और ड्रामा का एक बेहतरीन मिश्रण देने का वादा करती है। यह फ़िल्म 24 दिसंबर 2026 को क्रिसमस की शाम को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**सौरभ शुक्ला का हालिया सफर**

'किंग' के बारे में बात करने के साथ-साथ सौरभ शुक्ला के हालिया काम की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्हें आखिरी बार 19 सितंबर 2025 को रिलीज हुई फिल्म 'जॉली LLB 3' में देखा गया था। सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी इस कोर्टरूम कॉमेडी-ड्रामा में उन्होंने एक बार फिर जस्टिस सुंदरलाल त्रिपाठी के अपने लोकप्रिय और हास्यपूर्ण किरदार को जीवंत किया।

इस फिल्म में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जुगलबंदी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फ़िल्म में हुमा कुरैशी, अमृता राव और अन्नू कपूर जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। 'जॉली LLB 3' न केवल आलोचकों की पसंद बनी, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी इसने झंडे गाड़े। दुनिया भर में लगभग 170.8 करोड़ की कमाई के साथ, यह फ्रेंचाइजी के इतिहास की सबसे सफल फ़िल्म साबित हुई।

## यूएई में कैद भाई, ऑस्ट्रिया में बच्चे, सेलिना जेटली की होली फीकी, दुखी मन से कहा- पता भी नहीं, कैसे होंगे बेटे



जहां बॉलीवुड स्टार्स ने जोर-शोर से होली का त्योहार मनाया। कुछ ने परिवार के साथ सेलिब्रेट किया, तो कुछ दोस्तों के साथ झूमे। इस बीच, सेलिना जेटली की होली फीकी है। उनके भाई को साल 2024 से संयुक्त अरब अमीरात में हिरासत में रखा गया है और अब बच्चे भी उनसे दूर हैं।

जहां बॉलीवुड की कई हस्तियों ने धूमधाम से होली मनाई, कार्यक्रमों का प्रचार किया और फैमिली फंक्शन्स में शामिल हुईं, वहीं सेलिना जेटली के लिए इस साल होली का त्योहार बिल्कुल अलग था। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि अब यह त्योहार उनके जीवन में खुशी क्यों नहीं लाता। नए उत्सव मनाने के बजाय, सेलिना ने पिछले साल की होली की एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जो उन्होंने अपने बेटों के साथ मनाई थी। इमोशनल कैप्शन में उन्होंने बताया कि तब से उनका जीवन कितना बदल गया है।

उन्होंने लिखा, 'हैप्पी होलीः यह तस्वीर पिछले साल की होली की है... मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि अगली होली तक मेरे जीवन के सारे चमकीले रंग गायब हो जाएंगे और सब कुछ अचानक काला-सफेद हो जाएगा।'

**सेलिना जेटली की फीकी होली**

अपने लंबे नोट में सेलिना जेटली ने बताया कि कैसे उन्होंने निजी परेशानियों के बावजूद अपने बच्चों के लिए त्योहार के छोटे-छोटे पल मनाने की कोशिश की। उस समय वह अपने भाई से जुड़ी परेशानियों से जूझ रही थीं, लेकिन फिर भी उन्होंने अपने बेटों के लिए त्योहार मनाने की कोशिश की।

## ईरान के हालात पर मंदाना करीमी का बयान : सुप्रीम लीडर की मौत पर बोलीं- महिलाएं खुश हैं, सालों से दबाव और डर में जी रही थीं



ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरानी मूल की अभिनेत्री मंदाना करीमी का बयान सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। उन्होंने ईरान में हो रही घटनाओं और वहां के राजनीतिक हालात को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आने के बाद मंदाना के कुछ पोस्ट वायरल हुए, जिन पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिलीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। मिसाइल हमलों से कई शहरों में तबाही का माहौल है और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इन घटनाओं से दुखी होकर मंदाना करीमी ने सोशल मीडिया पर वीडियो और पोस्ट शेयर किए। एक वीडियो में वह रोती हुई भी नजर आईं और अपने देश के लोगों के लिए दुआ करती दिखीं।

मंदाना का कहना है कि वह ईरान में पैदा हुई हैं और वहां की स्थिति से उनका भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि जब अपने देश में युद्ध और हिंसा होती है तो बाहर रह रहे लोगों के लिए भी यह बेहद दर्दनाक होता है। उन्होंने लोगों से ईरान के नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने की अपील की।

खामेनेई की मौत की खबर के बाद कुछ जगहों पर लोगों के जश्न मनाने की तस्वीरें भी सामने आईं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंदाना ने कहा कि कई बार लोग युद्ध की वजह से खुश नहीं होते, बल्कि लंबे समय से चली आ रही दमनकारी परिस्थितियों के खत्म होने की उम्मीद में प्रतिक्रिया देते हैं। उनका कहना था कि जब लोग सालों तक दबाव और डर में जीते हैं, तो उनके लिए बदलाव की उम्मीद ही सबसे बड़ी राहत बन जाती है।

हालांकि, मंदाना के इन बयानों के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। कुछ यूजर्स ने उनके विचारों का समर्थन किया, जबकि कुछ ने उनकी आलोचना भी की। बावजूद इसके, मंदाना लगातार ईरान के लोगों की स्थिति और वहां के हालात को लेकर अपनी राय साझा कर रही हैं।

## गोविंदा का दावा- सलमान ने करवाई सर्जरी



**पार्टनर शूट करने से पहले कहा था- चेहरा उतर गया, बाल कम हैं, फिर सलमान ने बदला लुक**

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा ने सलमान खान को लेकर एक बड़ा दावा किया है। गोविंदा ने कहा कि उन्होंने ही सलमान खान को अपना लुक और फिजिकल अपीयरेंस बदलने का सुझाव दिया था।

एक इंटरव्यू में बताया कि पार्टनर फिल्म की शुरुआत से पहले उन्होंने सलमान को बॉडी और बालों पर काम करने की सलाह दी थी, जिसके बाद सलमान ने सर्जरी कराई और खुद को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया।

**गोविंदा बोले- थोड़ा चेहरा उतर गया है, बॉडी तैयार कर लीजिए**

इंटरव्यू में गोविंदा ने कहा, "मैंने सलमान से कहा था कि तुम्हें यह और यह करना है। थोड़ा सा चेहरा उतर गया है, थोड़ी बॉडी तैयार कर लीजिए। आपके बाल भी थोड़े कम लग रहे हैं, तो आपको कुछ करना चाहिए।" गोविंदा के मुताबिक, उन्होंने यह बात एक-दो ड्रिंक लेने के बाद कही थी।

## बादशाह के टटीरी सॉन्ग पर पंचकूला में एफआईआर

### लड़कियों को स्कूल बैग फेंकते दिखाया, गंदे शब्द का इस्तेमाल; महिला आयोग ने रैपर को तलब किया

गाने में लड़कियों के स्कूल बैग फेंकने पर आपत्ति जताई गई है। बॉलीवुड रैपर-सिंगर बादशाह के नए हरियाणवी फोक सॉन्ग 'टटीरी' को लेकर पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, अभी मामला अज्ञात पर दर्ज हुआ है।

रैप की लाइन 'आया बादशाह डोली चढ़ाने, इन सबकी घोड़ी बनाने' और लड़कियों को स्कूल की वर्दी में बैग फेंकने का विरोध हो रहा है।

उधर, पानीपत की नारी तू नारायणी संस्था की अध्यक्ष सविता आर्या और शिव आरती फाउंडेशन के प्रमुख शिव कुमार की शिकायत पर हरियाणा राज्य महिला आयोग ने बादशाह को समन जारी किया है। जिसमें बादशाह को अपना पक्ष रखने के लिए 13 मार्च को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा गया है।




यह सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। इस गाने में कैथल की रहने वाली बॉक्सर सिमरन जागलान की भी आवाज है। वह हरियाणवी सिंगर कर्मबीर फौजी की बेटी हैं। टटीरी गाने को अभी तक यूट्यूब पर 4 मिलियन से ज्यादा लोग सुन चुके हैं।

## क्या 'ओह माय गॉड 3' में नजर आएंगी रानी मुखर्जी?



फिल्म 'ओह माय गॉड 3' में अक्षय कुमार एक नए किरदार में वापसी कर रहे हैं। वहीं फिल्म निर्माता कथित तौर पर मुख्य अभिनेत्री की तलाश में हैं। तो क्या इस फिल्म में रानी मुखर्जी को फाइनल नहीं किया गया है?

**'ओह माय गॉड 3'**

अक्षय कुमार 'ओह माय गॉड' की फ्रैंचाइजी में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ओह माय गॉड 2 के बाद अब तीसरी फिल्म की नई कहानी तैयार हो रही है। यह फिल्म हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित होगी। अक्षय कुमार फिर से डायरेक्टर अमित राय के साथ काम करेंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 के बीच में शुरू होने की उम्मीद है। इसका अस्थायी नाम 'ओह माय गॉडेस' बताया जा रहा है।

**क्या 'ओह माय गॉड 3' का हिस्सा होंगी रानी मुखर्जी**

पहले रानी मुखर्जी के बारे में खबरें आई थीं कि वे इस फिल्म में मुख्य महिला भूमिका निभाएंगी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि रानी को ऑफर मिला था, उन्होंने कहानी सुनी और इच्छुक भी थीं। अक्षय और रानी के बीच अच्छी दोस्ती है, इसलिए दोनों साथ काम करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन वैरायटी इंडिया की एक खबर के अनुसार, रानी मुखर्जी ओह माय गॉड 3 का हिस्सा नहीं हैं। इसलिए फैंस को अक्षय और रानी को साथ देखने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

ओह माय गॉड (2012)- परेश रावल और अक्षय कुमार की फिल्म। नास्तिक आदमी (कांजी) भूकंप से अपनी दुकान खोने के बाद भगवान को कोर्ट में चुनौती देता है। अक्षय भगवान कृष्ण के रूप में मदद करते हैं। यह फिल्म बहुत हिट हुई।

ओह माय गॉड 2 (2023)- अक्षय कुमार भगवान शिव बने। पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम के साथ। कहानी यौन शिक्षा और स्कूल केस पर थी। यह भी सफल रही।

**किस फिल्म में नजर आएंगी रानी मुखर्जी**

हाल ही में रानी मुखर्जी 'मर्दानी 3' में नजर आईं। इसमें उन्होंने पुलिस वाली भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 51 करोड़ रुपये की कमाई की। जानकारी के अनुसार, अब रानी अभिनेता शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आ सकती हैं, जो 24 दिसंबर को रिलीज होगी।

## वर्षा उसगांवकर समेत 5 एक्ट्रेस से 47 लाख की ठगी : प्रोड्यूसर के खिलाफ केस दर्ज

### प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर फंसाया, पैसे मांगने पर धमकी दी



तिरंगा और दूध का कर्ज जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस वर्षा उसगांवकर लाखों की धोखाधड़ी का शिकार हो गई हैं। ऊषा के अलावा 4 अन्य एक्ट्रेसेस से भी धोखाधड़ी की गई है। जिसके बाद फिल्म निर्माता और बिल्डर अविनाश जाधव के खिलाफ मुंबई में शिकायत दर्ज की गई है। आरोप हैं कि अविनाश जाधव ने निवेश की आड़ में इन एक्ट्रेसेस से 47 लाख रुपए की ठगी की है।

मराठी फिल्म और थिएटर एक्ट्रेस मृणालिनी सुभाष जांभले भी इन पीड़ितों में शामिल हैं। उन्होंने मुंबई के शिवाजी पार्क पुलिस में अविनाश जाधव के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मुनाफे का लालच देकर ठगे पैसे**

शिकायत के अनुसार, आरोपी अविनाश जाधव लंबे समय से इन एक्ट्रेसेस को जानता था। जाधव ने खुद को एक बड़ा बिल्डर और फिल्म प्रोड्यूसर बताया था। उसने एक्ट्रेसेस को डोंबिवली स्थित एक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में निवेश करने पर कम समय में ज्यादा मुनाफा देने का लालच दिया। उसने वादा किया था कि एक साल के अंदर ही वह पूरी मूल राशि लौटा देगा।

नवंबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच एक्ट्रेसेस ने निवेश करना शुरू कर दिया। मृणालिनी जांभले, वर्षा उसगांवकर और तीन अन्य लोगों ने मिलकर चेक और ऑनलाइन पेमेंट से कुल 47 लाख रुपए जाधव को दिए थे। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए जाधव ने 4 लाख 52 हजार रुपए वापस भी किए, लेकिन इसके बाद उसने पैसे देना बंद कर दिया।

## नयनतारा ने खरीदा 31.5 करोड़ का डुप्लेक्स एक्ट्रेस की कई शहरों में करोड़ों की संपत्ति

एक्ट्रेस नयनतारा ने चेन्नई के पोएस गार्डन में 31.5 करोड़ का डुप्लेक्स खरीदा है। अब वह रजनीकांत और धनुष की पड़ोसी बन गई हैं। नयनतारा का इसमें 90% और पति विग्नेश का 10% शेयर है। नयनतारा की कई शहरों में प्रॉपर्टी है। जानिए उनकी नेट वर्थ, फीस और प्रॉपर्टी तक की डिटेलः साउथ फिल्मों 'लेडी सुपरस्टार' कही जाने वालीं नयनतारा ने चेन्नई में करोड़ों का डुप्लेक्स खरीदा है, जिसकी चर्चा हो रही है। यह डुप्लेक्स उन्होंने चेन्नई के पोएस गार्डन एरिया में लिया है।

इसकी कीमत 31.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह अपार्टमेंट टेयनमपेट में स्थित लेगेसी रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट की चौथी और पांचवीं मंजिल पर स्थित है। बताया जा रहा है कि यह डील 15 दिसंबर 2025 को रजिस्टर की गई 'जैपकी' को मिले डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, इस डुप्लेक्स का बिल्ट-अप एरिया 14,369 स्क्वायर फुट है। इसमें आठ कारों की पार्किंग स्पेस है। डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, डुप्लेक्स में नयनतारा और पति विग्नेश शिवन दोनों की हिस्सेदारी है। जहां नयनतारा का शेयर 90% है, वहीं विग्नेश शिवन का 10% शेयर है।

**नयनतारा बनीं धनुष और रजनीकांत की पड़ोसी**

नयनतारा ने जिस लेगेसी प्रोजेक्ट में डुप्लेक्स लिया है, उसी इलाके में रजनीकांत और धनुष भी रहते हैं। यानी वो एक्ट्रेस के पड़ोसी बन गए हैं। धनुष ने साल 2024 में पोएस गार्डन में 150 करोड़ रुपये का बंगला खरीदा था।



## फिल्म वृषकर्मा के इवेंट में कुर्सी से गिरे नागा चैतन्य

एक्टर नागा चैतन्य अपनी अपकमिंग फिल्म 'वृषकर्मा' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान एक दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। नागा चैतन्य जब स्टेज पर रखी कुर्सी पर बैठने की कोशिश कर रहे थे, तभी बैलेंस बिगड़ गया जिससे वो स्टेज से नीचे गिर गए।

यह घटना प्रेस मीट शुरू होने से ठीक पहले हुई। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोग उनकी मदद के लिए आगे आए। हालांकि, नागा चैतन्य बिना किसी सहायता के तुरंत उठ खड़े हुए। उन्हें मुस्कुराते हुए इस घटना पर हंसते हुए भी देखा गया। आयोजकों के अनुसार, घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई और कुछ देर बाद कार्यक्रम दोबारा शुरू कर दिया गया।

**वृषकर्मा का टीजर रिलीज हुआ**

बता दें कि फिल्म वृषकर्मा का टीजर (जिसे मेकर्स ने 'फर्स्ट ग्लिम्स' कहा है) 5 मार्च को रिलीज किया गया है। यह एक माइथोलॉजिकल एडवेंचर थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नागा चैतन्य मुख्य भूमिका में हैं।टीजर की



शुरुआत एक ऐसे व्यक्ति से होती है, जिस पर किसी बुरी शक्ति का कब्जा दिखाया गया है। वह एक ऐसे व्यक्ति का चित्र बनाता है, जिसकी आंख निकली हुई है। चित्र पूरा होने के बाद उसके मुंह से चमगादड़ जैसा जीव निकलता है, जो आगे उसी तरह एक व्यक्ति की हत्या करता दिखाया गया है, जैसा चित्र में दर्शाया गया था। वीडियो में वॉयसओवर सुनाई देता है-"जब एक अनोखी शक्ति जागती है और दुनिया अपने मकसद से भटक जाती है, तो किस्मत अपना रास्ता खुद चुन लेती है।" इसमें जयराम, मीनाक्षी चौधरी और नागा चैतन्य के किरदारों की झलक भी दिखाई गई है।

# 7.88 करोड़ की अफीम उगाने वाले भाजपा नेता गिरफ्तार

## पार्टी ने सस्पेंड किया, भूपेश बघेल बोले– कौन मंत्री विधायक शामिल सरकार बताए

दुर्ग-भिलाई, 7 मार्च (एजेंसियां)। दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम की खेती करने वाले भाजपा नेता विनायक ताम्रकर समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विनायक ताम्रकर ने अपने खेत में डेढ़ एकड़ में अफीम की खेती की थी। जिसकी कीमत करीब 7.88 करोड़ है।

अफीम उगाने की जानकारी मिलने पर 6 मार्च को पुलिस ने रेड मारी थी। मामला सामने आने के बाद पार्टी ने उन्हें अगले ही दिन सस्पेंड कर दिया। 7 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उस खेत पहुंचे, जहां अफीम की खेती की गई थी।

भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा नेता का फार्महाउस करीब 150 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें चारागाह की भूमि भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी का सांसद, विधायक और कलेक्टर के साथ उठना बैठना है, जिसके चलते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने सवाल पूछा है कि इस अवैध खेती में कौन कौन मंत्री विधायक शामिल था, सरकार बताए।

**ग्रामीणों-पुलिसकर्मियों में झूमाझटकी**

इस दौरान वहां भारी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग भी खेत में पहुंच गए। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो झूमाझटकी हो गई। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

बता दें कि पुलिस को अफीम की सूचना मिलने के बाद 6 मार्च को खेत में रेड की गई, जिसमें करीब डेढ़ एकड़ में अफीम के पौधे मिले हैं। मामला समोदा गांव का है, जहां भाजपा किसान मोर्चा



के नेताओं के खेत में चोरी-छिपे अफीम की खेती की जा रही थी।

इस पर भाजपा नेता विनायक का कहना है कि उन्हें अफीम की खेती की कोई जानकारी नहीं थी और जमीन अधिया (आधी फसल) पर दी गई थी।

भाजपा नेता विनायक ताम्रकर ने कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताया है। उनके मुताबिक जिस जमीन को लेकर मामला बनाया जा रहा है, वह उनकी नहीं है और उनकी असली जमीन समोदा गांव में है। उनका नाम बिना वजह उछाला जा रहा है।

उन्होंने समोदा के सरपंच अरुण गौतम पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि सरपंच ने आपराधिक छवि छिपाने के लिए गलत तरीके से नामांकन भरा था, जिसकी शिकायत उन्होंने पहले एसडीएम कार्यालय में की थी। ताम्रकर ने यह भी बताया कि दस साल पहले उनकी पत्नी सरपंच थी और उस समय रेत रॉयल्टी के 23 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया था।

जिस पर कार्रवाई के बाद 23 लाख की रिकवरी हुई और उन्हें छह साल के लिए सस्पेंड किया गया था। उनका कहना है कि इसी पुरानी शिकायत और व्यक्तिगत द्वेष के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है।

# जींद की फैक्ट्री में आग, 5 महिलाओं की मौत

## 17 मजदूर झुलसे, मेन गेट पर बाहर से ताला लगा था, निकल नहीं पाए तो छत से कूदे

जींद, 7 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं।

घटना सफीदों की भाट कॉलोनी की है। आरोप है कि फैक्ट्री के मेन गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जब फैक्ट्री में आग लगी तो मजदूर बाहर नहीं निकल पाए।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अभी यह नहीं पता चल पाया है कि आग कैसे लगी। सूचना पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

**30 मजदूर काम कर रहे थे, अचानक आग भड़की**

जानकारी के अनुसार, सफीदों



की भाट कॉलोनी में स्थित एक रंग फैक्ट्री में शनिवार को अन्य दिनों की तरह लगभग 30 मजदूर काम कर रहे थे।

तभी अचानक आग लग गई और कुछ ही मिनटों में यह पूरे परिसर में फैल गई। चारों ओर धुएं और आग की लपटें उठने के कारण मजदूरों में चीख-पुकार मच गई।

आग फैक्ट्री के प्रवेश द्वार के पास लगी थी, जिसका संभावित कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। आग लगने के बाद अंदर मौजूद महिलाएं और अन्य लोग घबरा गए। कुछ लोग ऊपर की मंजिल पर चढ़ गए, तो कुछ अंदर के कमरों में छिप गए। कुछ लोगों ने ऊपर से कूदकर अपनी जान बचाई और बाहर शोर मचाया।

मजदूरों के अनुसार, काम के दौरान फैक्ट्री के मुख्य दरवाजे पर बाहर से ताला लगा हुआ था। आग लगने के बाद जब मजदूरों ने बाहर निकलने की कोशिश की, तो ताला लगा होने के कारण वे अंदर ही कैद होकर रह गए।

स्थानीय युवाओं ने अपनी जान पर खेलकर फैक्ट्री में घुसकर लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने दीवार तोड़कर रास्ता बनाया ताकि फंसे हुए लोगों को निकाला जा सके। इसके बाद फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवाओं ने रेस्क्यू ऑपरेशन को संभाला।

दो महिलाओं की झुलसने से मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कई लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पानीपत अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में 3 और महिलाओं ने दम तोड़ दिया। मृतकों में पूजा निवासी वार्ड नंबर 13 सफीदो, उषा निवासी आदर्श कालोनी सफीदो, पिंकी निवासी सिंघपुरा और गुड्डी निवासी सफीदों की पहचान हो गई है। एक मृतका की पहचान के प्रयास हो रहे हैं।

# 1 राजस्व निरीक्षक, 14 पटवारियों को नोटिस जारी

## मसाहती ग्रामों के सर्वेक्षण में लापरवाही पर कार्रवाई राजस्व निरीक्षकों- पटवारियों की समीक्षा में दिए निर्देश

कोरबा, 7 मार्च (एजेंसियां)। कोरबा जिला कार्यालय में राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मसाहती सर्वेक्षण कार्यों सहित अलग-अलग राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मीटिंग के दौरान कोरबा जिले में चल रहे कुल 113 मसाहती ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि इन ग्रामों में से 8 का अंतिम प्रकाशन और 12 का प्रारंभिक प्रकाशन हो चुका है।

जबकि बाकी ग्रामों में मसाहती सर्वे का कार्य प्रगति पर है। राजस्व निरीक्षकों और हल्का पटवारियों को ग्रामवार खसरों का सत्यापन, प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा राजस्व अभिलेखों की स्वच्छ प्रति तैयार करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा में यह भी निर्देश दिया गया कि मसाहती ग्रामों के सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा कलेक्टर की ओर से की जाएगी। सर्वेक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण एक राजस्व निरीक्षक और 14 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया है।

इसके अलावा बैठक में डीसीएस के अंतर्गत रबी फसल सर्वेक्षण, सातवीं लघु सिंचाई संगणना, डिजिटल किसान किताब, सीमांकन कार्यों की प्रगति, वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नामांतरण, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन और नवीनीकरण से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# यूपीएससी में 301 रैंक पर 2 कैंडिडेट्स का दावा

## यूपी और बिहार की 'आकांक्षा सिंह' के सेम रोल नंबर, क्यूआर स्कैन करने पर खुली गड़बड़ी

लखनऊ, 7 मार्च (एजेंसियां)। यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम रिजल्ट 2025 में एक ही रैंक पर दो कैंडिडेट्स ने दावा कर दिया है। यूपीएससी द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में एआईआर 301 पर आकांक्षा सिंह हैं, जिनका रोल नंबर 0856794 है। इस सिलेक्शन पर बिहार और यूपी से 2 अलग अलग छात्राओं ने दावा किया है। इन दोनों कैंडिडेट्स का नाम आकांक्षा सिंह है।

मामले की पड़ताल के लिए दोनों कैंडिडेट्स के एडमिट कार्ड चेक किए। यूपी के गाजीपुर की आकांक्षा के इंटरव्यू कॉल लेटर पर दर्ज रोल नंबर 0856794 है। इस एडमिट कार्ड पर दिख रहे क्यूआर को स्कैन करने पर भी यही रोल नंबर दिख रहा है।

वहीं बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह ने अपना प्रीलिम्स एडमिट कार्ड उपलब्ध कराया। हालांकि, इस पर भी रोल नंबर 0856794 ही लिखा दिख रहा है। मगर क्यूआर स्कैन करने पर रोल नंबर 085659 दिख रहा है।

ऐसे में या तो यूपीएससी की ओर से एडमिट कार्ड जारी करने में कोई गड़बड़ी हुई है, या फिर बिहार की आकांक्षा के एडमिट कार्ड से छेड़छाड़ की गई है। इस मामले पर अभी यूपीएससी की



बिहार के आरा की आकांक्षा बांए और यूपी के गाजीपुर की आकांक्षा दांए

ओर से कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है।

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रंजीत सिंह की बेटी आकांक्षा ने बताया कि उसने 0856794 रोल नंबर से अगस्त 2025 में मेंस और 4 फरवरी 2026 को इंटरव्यू दिया था।

उन्होंने कहा- मुझे क्लियर है कि यह रिजल्ट मेरा है, आप मेरे एडमिट कार्ड पर दर्ज कोड या रोल नंबर से जांच कर सकते हैं। यूपीएससी की साइट पर कोई डाउट नहीं है। मीडिया में मिस इनफॉरमेशन हुआ है। पूरा मामला क्लियर हो चुका है कि ये रिजल्ट मेरा है।

आरा की रहने वाली आकांक्षा को लगता है कि रिजल्ट उसका है तो सामने आकर इस बात का खंडन करें और प्रूफ के साथ दिखाएं। मुझे नहीं पता कि आरा की आकांक्षा ने किस आधार पर रिजल्ट देखा है।

मैंने इसी रोल नंबर से मेंस समेत तीनों टेस्ट दिए हैं। मेरे पिता हर बार मुझे एग्जाम दिलवाते हैं। जब मैंने फॉर्म भरा था तब मुझे यह रोल नंबर मिला था।

बिहार की आकांक्षा भोजपुर जिले के अगिआंव प्रखंड के खोपीरा गांव की रहने वाली हैं। हालांकि, उनका परिवार आरा शहर के कतीरा मोहल्ले में रहता है। आकांक्षा की प्रारंभिक शिक्षा आरा के कैथोलिक मिशन स्कूल से हुई। उन्होंने साल 2017 में मैट्रिक की परीक्षा दी और 80 प्रतिशत नंबर्स लाए।

साल 2019 में इंटरमीडिएट (विज्ञान) की परीक्षा में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए साल 2022 में इंग्लिश से ग्रेजुएशन किया, जिसमें 64 प्रतिशत मार्क्स के साथ वो फर्स्ट आईं।

आकांक्षा ने बताया- मेरा जीवन बेहद सादगीपूर्ण रहा है और मैंने सीमित संसाधनों के बीच रहकर कड़ी मेहनत और लगन से ये मुकाम हासिल किया है। मेरे पिता कुमार इंदू भूषण सिंह किसान हैं और मां रिंकू देवी हाउस वाइफ हैं।

यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है।

# बीडीओ के घर निगरानी विभाग की रेड

## पत्नी सरकारी टीचर, रूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी टीम, सुबह से छापेमारी जारी

मोतिहारी, 7 मार्च (एजेंसियां)। मोतिहारी में निगरानी विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सुरसंड प्रखंड के बीडीओ कृष्णा राम के दफ्तर, पैतृक गांव, किराए के मकान समेत पांच ठिकानों पर रेड की।

निगरानी विभाग की टीम बीडीओ के पैतृक गांव पहुंची तो ताला बंद था। फिर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ताला तोड़कर घर में घुसी। वहीं, शहर के राजा बाजार स्थित किराए के मकान में एक टीम पहुंची, जहां पत्नी की मौजदूगी में तलाशी की। दरफ्तर में बीडीओ कृष्णा राम मौजूद थे।

छापेमारी के दौरान 21 जमीन के डीड और कई बैंक खाते की जानकारी मिली है। बीडीओ की पत्नी सरकार टीचर है। वो किराए के मकान में रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, छापेमारी में निगरानी विभाग के अधिकारी और सुरक्षाकर्मी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। हालांकि, अधिकारी फिलहाल इस कार्रवाई को लेकर कोई भी जानकारी देने से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की जा रही है। बताया जा रहा है कि बीडीओ की पत्नी सरकारी टीचर हैं। इसी आधार पर उनकी संपत्ति और आय के स्रोतों की जांच निगरानी विभाग द्वारा की जा रही है। निगरानी टीम की यह छापेमारी अभी जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले से जुड़े तथ्य स्पष्ट हो पाएंगे। इस कार्रवाई के बाद इलाके में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

पुलिस उपाधीक्षक शिव कुमार शाह ने बताया कि कृष्णा राम बीडीओ के पद पर 2 साल से सीतामढ़ी के सुरसंड प्रखंड में कार्यरत हैं। इनके खिलाफ निगरानी थाना कांड संख्या 29/2026 दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होने के बाद पटना से इनके खिलाफ वारंट लिया गया था। इनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ती के मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# इंजीनियर भाई को लगता था बहन ने गर्लफ्रेंड छुड़वा दी

## 40 बार चाकू मारकर हत्या की थी, कमरे से किचन तक खून




मुरादाबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। मुरादाबाद में चाकू से गोदकर इंजीनियर बहन की हत्या करने वाला इंजीनियर भाई हार्दिक (25) पुलिस की गिरफ्त से दूर है। हार्दिक ने अपनी बहन हिमशिखा (25) पर चाकू से 40 बार वार किए। घर में कमरे से किचन तक खून ही खून बिखरा हुआ था। मां पर भी चाकू से हमला किया था, जो जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती है।

हत्याकांड की सटीक वजह तो हार्दिक के पकड़े जाने के बाद ही पता चलेगी, लेकिन फिलहाल इतना पता चला है कि हार्दिक का पुणे की एक लड़की से अफेयर था। कुछ समय पहले उसका गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया था।

अस्पताल में भर्ती हार्दिक की मां नीलिमा ने पुलिस को बताया, "गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद से ही हार्दिक गुस्सैल हो गया था। वो गर्लफ्रेंड से शादी की जिद पर अड़ा था। जबकि वो उसे छोड़कर जा चुकी थी।

हार्दिक को कहीं न कहीं ये लगता था कि उसका ब्रेकअप बहन हिमशिखा और मेरी वजह से हुआ। इसलिए वो चिढ़ने लगा था। बात-बात पर गुस्सा करता था।"

# खुद को पुलिस बताकर लूटपाट और मारपीट की

धमतरी, 7 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पुलिसकर्मी बनकर लूटपाट और मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने एक पिकअप वाहन में सवार लोगों से 43,800 रुपए नकद और ऑनलाइन माध्यम से लूटे थे। यह घटना मगरलोड थाना क्षेत्र के आलेखुंटा-सिंगपुर मार्ग पर हुई। देवेंद्र कुमार मारकंडे अपने पिकअप वाहन (CG 04 MQ 1589) में फगेश्वर कुमार, लक्ष्मण यादव, लीलेश कुमार यादव और दुर्गेश कुमार साहू के साथ दो बछड़ों को छोड़ने ग्राम मुडकेरा जा रहे थे।

# शंकराचार्य बोले-दुर्भाग्य है कि धर्मयुद्ध के लिए निकलना पड़ रहा

## 'जिंदा हिंदू लखनऊ चलें'– लिखे पोस्टर बांटे, गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा करेंगे

वाराणसी, 7 मार्च (एजेंसियां)। बहुत दुर्भाग्य की बात है कि धर्म युद्ध के लिए निकलना पड़ रहा है। अपने ही देश में, अपने ही वोट से चुनी सरकार के सामने, अपनी ही गोमाता को बचाने के लिए हम लोगों को आंदोलन करना पड़ रहा है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने ये बातें काशी में लखनऊ रवाना होने से पहले शनिवार को कहीं। शंकराचार्य ने इस आंदोलन को "गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा" का नाम दिया। वह 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां हजारों संतों की मौजूदगी में



सभा करेंगे। इसमें सरकार से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करेंगे। शंकराचार्य ने 30 जनवरी को योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था।

उन्होंने तब कहा था- गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें। वरना आंदोलन करेंगे। शंकराचार्य काशी से 5 दिन बाद लखनऊ पहुंचेंगे।

काशी से शंकराचार्य जौनपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा- हमारे शंकराचार्यों पर सवाल उठाने का अधिकार किसी को नहीं है। हमारे धर्म में 4 शंकराचार्य हैं। जब सर्वोच्च शंकराचार्यों ने मेरा अभिषेक कर दिया, तो फिर किसी की क्या औकात है कि वह कहे, हम इन्हें नहीं मानते। उन्होंने कहा कि जो शंकराचार्य बनाता है, उसी को हटाने का भी अधिकार है।

अभी शंकराचार्य सुल्तानपुर पहुंच चुके हैं। यहां उन्होंने कहा- अरे पहले गो-माता की हत्या तो बंद कराओ। आज हिंदू राष्ट्र घोषित कर दोगे, तो क्या कल सवेरे से वहां गो-हत्या बंद हो जाएगी? अगर हिंदू राष्ट्र में भी गो-हत्या जारी रहती है, तो यह अपमानजनक होगा। इसलिए हमारी प्राथमिकता है कि पहले गो-हत्या बंद हो, बाकी बातें बाद में।

शंकराचार्य की यात्रा में 20 से अधिक गाड़ियां हैं। 500 से अधिक श्रद्धालु साथ हैं। इस दौरान लोगों को पोस्टर बांटे गए। इनमें लिखा है- जिंदा हिंदू लखनऊ चलें। इससे पहले, शंकराचार्य सुबह 8.30 बजे मठ से निकलकर गौशाला पहुंचे।

# रमजान में रोजा रखो या घर छोड़ दो

## हिंदू बहू पर ससुराल वालों का टॉर्चर, पति बोला– आज हमला हुआ, क्या पता कल मार दें

किशनगंज, 7 मार्च (एजेंसियां)। किशनगंज में एक हिंदू युवती ने 4 साल पहले मुस्लिम युवक से लव मैरिज की। अब महिला ने ससुराल वालों पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है।

महिला का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल वाले उस पर धर्म परिवर्तन और दहेज के लिए दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर उसे टॉर्चर किया गया। महिला और उसके पति पर जानलेवा हमला किया गया।

पति का कहना है कि मैंने लव मैरिज की है, मुझे पत्नी के हिंदू होने से कोई प्रॉब्लम नहीं है, लेकिन मेरे घरवालों को ये सब बर्दाश्त नहीं। वो मेरी पत्नी का काफिर बुलाते हैं। रमजान में रोजा रखने का दबाव डाला गया। मारा-पीटा जाता है, डर है कि कहीं हमें मार न डाले।

सिलसिलेवार तरीके से जानिए हिंदू-मुस्लिम की लव स्टोरी कैसे शादी तक पहुंची और अब कैसे 4 साल बाद पति-पत्नी को अपने ही परिवार से जान का खतरा महसूस हो रहा।



4 साल पहले किशनगंज के वार्ड नंबर 5, लोहार पट्टी रोड, नवाबगंज की रहने वाली प्रिया घोष (23) की दोस्ती खुशाल अहमद (27) से हुई। 4 महीने के अफेयर के बाद प्रिया ने 7 जुलाई 2022 को खुशाल अहमद के साथ भागकर शादी कर ली।

लड़के के परिवार वाले शुरू से ही इस शादी के लिए राजी नहीं थे। शादी के बाद से लड़की अपने ससुराल में रहने लगी, लेकिन ससुराल वाले उसके हिंदू होने के कारण उसे अपना नहीं पाए।

शादी के महज एक साल बाद ही ससुराल पक्ष से धर्म बदलने को लेकर दबाव बनाया जाने लगा। कई बार प्रिया के साथ मारा-पीटा भी गया। स्थानीय स्तर पर कई पंचायतें भी हुईं, जिसके बाद मामला कुछ समय के लिए सुलझ गया था।

इसके बाद फिर टॉर्चर शुरू हो गया। परेशान होकर प्रिया ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रिया ने बताया, 'ससुराल वाले उसे इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर करते थे, लेकिन प्रिया ने हर बार इनकार किया। प्रिया ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मार्च की शाम करीब 3 बजे वो जब घर के बाहर कपड़े सुखा रही थी, तभी सास हलीमा खातून (50), देवर अहमद रेजा (25), महफूज रेजा (22), ननद महासरीन फातिमा (19), खुशनमा परवीन (32) समेत 6-7 अन्य लोग आए।

# कार और ऑटो की आमने-सामने टक्कर

धनबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गहरा मोड़ के पास एक स्विफ्ट कार और ऑटो के बीच हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। सभी घायलों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गहरा मोड़ के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और ऑटो के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई। इस हादसे में ऑटो में सवार मुर्गाबानी निवासी वंदना और फूलमती देवी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

# जेडी ने हेडमास्टर को किया सस्पेंड, 5 टीचर को नोटिस

## होली के दूसरे दिन 12 बजे तक नहीं खुला था स्कूल, बाहर पढ़ाई कर रहे थे बच्चे

सरगुजा/सूरजपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। सरगुजा के संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता ने सूरजपुर जिले के सावारांवा मिडिल स्कूल के हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही स्कूल के बाकी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

होली के दूसरे दिन मिडिल स्कूल का ताला नहीं खुला था, जिसके कारण बच्चे कुछ देर तक स्कूल के बाहर बैठकर पढ़ते रहे। मामले की जानकारी मिलने पर डीईओ ने जांच टीम भेजी, तो स्कूल बंद मिला।

जानकारी के मुताबिक, भैयाथान ब्लॉक के सावारांवा मिडिल स्कूल में गुरुवार सुबह से ही ताला बंद था। बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल पहुंचे, लेकिन कोई शिक्षक नहीं आया था। करीब 12 बजे तक बच्चे स्कूल के बाहर ही घूमते रहे। इस दौरान कुछ बच्चे स्कूल के बाहर बैठकर पढ़ाई करते भी नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। स्कूल बंद मिलने की सूचना मिलने पर सूरजपुर डीईओ अजय मिश्रा ने जांच के लिए अधिकारियों की टीम को सावारांवा भेजा। जांच टीम जब स्कूल पहुंची तो वहां भी स्कूल का ताला बंद मिला।

अधिकारियों की सूचना पर एक शिक्षिक प्रीति टोप्पो 12 बजे स्कूल पहुंची और स्कूल का संचालन कराया। मामले में डीईओ ने हेडमास्टर संजय गुप्ता सहित 6 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। डीईओ के रिपोर्ट पर संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता ने सावारांवा स्कूल के हेडमास्टर संजय कुमार गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। उनका मुख्यालय ओड़गी बीईओ कार्यालय नियत किया गया है। संयुक्त संचालक ने संकुल समन्वयक बैजनाथपुर रामजतन कुशवाहा सहित अन्य शिक्षकों ईशा खलखो, प्रीति टोप्पो, अजीत कुमार चंद्रा और रमेश चेसकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संयुक्त संचालक ने तीन दिनों में शिक्षकों से नोटिस का जवाब मांगा है। उचित जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल के बच्चों ने बताया कि स्कूल में पदस्थ शिक्षक रमेश चेसकर अक्सर शराब पीकर स्कूल पहुंचते हैं।

बच्चों ने बीडीसी से बातचीत में यह भी बताया कि चेसकर सर के साथ गांव के कुछ लोग भी शराब पीकर स्कूल आ जाते हैं।



## अदाणी समूह बना यूनेस्को के विश्व इंजीनियरिंग दिवस 2026 का आधिकारिक भागीदार

अहमदाबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। अदाणी समूह को सतत विकास के लिए विश्व इंजीनियरिंग दिवस (डब्ल्यूईडी) 2026 का आधिकारिक भागीदार नामित किया गया है। यह दिवस यूनेस्को द्वारा घोषित एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशंस द्वारा आयोजित किया जाता है। यह पहली बार है, जब विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर इंजीनियरों के प्रयासों को सम्मानित करने के लिए डब्ल्यूएफईओ द्वारा किसी भारतीय संगठन को चुना गया है।

भारत की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर कंपनी ने कहा कि यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने में अदाणी समूह के नेतृत्व और बड़े पैमाने पर स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति करने की उसकी क्षमता का प्रमाण है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों में योगदान देता है।

## सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी से जुटाए जाएंगे 45960 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि कई राज्य सरकारें 10 मार्च 2026 को होने वाली नीलामी के जरिए कुल 45,960 करोड़ रुपये जुटाएंगी। यह राशि राज्य सरकारी प्रतिभूतियों (एसजीएस) की नीलामी के माध्यम से जुटाई जाएगी। इसे आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया जाएगा। आरबीआई के अनुसार इस नीलामी में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अलग-अलग अवधि की प्रतिभूतियां जारी की जाएंगी। इनमें नई प्रतिभूतियों के साथ-साथ पहले जारी किए गए बॉन्ड की री-इश्यू भी शामिल होगी।

**कौन-कौन से राज्य हो रहें शामिल?**

आंध्र प्रदेश 13, 15 और 17 वर्षों की अवधि वाली तीन प्रतिभूतियों के माध्यम से 3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। अरुणाचल प्रदेश 20 वर्षों की अवधि के साथ 190 करोड़ रुपये जुटाएगा। असम 15 वर्षों की प्रतिभूति के माध्यम से 900 करोड़ रुपये उधार लेगा। दिल्ली 10 वर्षों की प्रतिभूति के माध्यम से 1,000 करोड़ रुपये जुटाएगा। गुजरात सात साल छह महीने और ग्यारह साल की अवधि के दो प्रतिभूतियों के माध्यम से 2,000 करोड़ रुपये जुटाने का इरादा रखता है, जिसमें प्रत्येक के लिए 500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त उधार का विकल्प भी शामिल है। हरियाणा चार, बारह और अठारह साल की अवधि में 3,000 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिभूतियां जारी करेगा। जम्मू और कश्मीर पंद्रह साल की अवधि के लिए 900 करोड़ रुपये उधार लेगा।

**यह राज्य बना सबसे बड़ा उधारकर्ता**

कर्नाटक इस नीलामी में सबसे बड़ा उधारकर्ता होगा, जो नए शेयरों और मौजूदा शेयरों के पुनर्निर्धारण के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये जुटाएगा। इनमें 7.31 प्रतिशत ब्याज दर वाले कर्नाटक एसजीएस 2033, 7.38 प्रतिशत ब्याज दर वाले कर्नाटक एसजीएस 2034 और 7.48 प्रतिशत ब्याज दर वाले कर्नाटक एसजीएस 2037 के पुनर्निर्धारण के साथ-साथ 10 वर्ष छह महीने और 14 वर्ष की अवधि वाले अन्य शेयर शामिल हैं। आरबीआई ने बताया कि नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों तरह की बोलियां 10 मार्च को सुबह 10:30 से 11:30 बजे के बीच ई-कुबेर प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा की जाएंगी।

## मिडिल ईस्ट तनाव से कीमती धातुओं में उछाल

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन) के रूप में कीमती धातुओं (सोना-चांदी) में खरीदारी का रुख किया, जिससे इस सप्ताह भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली, साथ ही व्यापक कमोडिटी बाजार में अस्थिरता भी बढ़ी। हालांकि दिन के दौरान कुछ समय कीमतों में हल्की गिरावट और मुनाफावसूली देखने को मिली, लेकिन कुल मिलाकर सोने और चांदी की कीमतों का रुझान अभी भी मजबूत और तेजी वाला बना हुआ है।

एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की डिलीवरी वाले गोल्ड फ्यूचर्स में तेजी जारी रही और कीमतें 1,65,000 रुपए के रेजिस्टेंस स्तर को पार कर 1,69,880 रुपए तक पहुंच गईं।

# 50 हजार तक डिजिटल धोखाधड़ी पर मुआवजा




**> एक जुलाई से लागू होंगे आरबीआई के नए नियम**
**> पांच दिन में करनी होगी शिकायत**

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। यदि धोखाधड़ी में नुकसान 50,000 रुपये तक होता है, तो ग्राहक को 85 फीसदी तक मुआवजा मिलेगा। यह अधिकतम 25,000 रुपये होगा और तभी मिलेगा, जब शिकायत 5 दिन में की गई हो। साथ ही, साइबर क्राइम पोर्टल या 1930 हेल्पलाइन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट की गई हो। ऑनलाइन लेनदेन में डेबिट व क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम शामिल हैं। ग्राहकों को यह सुविधा सिर्फ एक बार मिलेगी।

धोखाधड़ी में यदि नुकसान 29,412 रुपये से कम है, तो 85 प्रतिशत तक मुआवजा मिलेगा। इसमें 65 फीसदी खर्च रिजर्व बैंक, 10 फीसदी ग्राहक के बैंक व 10 फीसदी लाभार्थी बैंक की ओर से वहन किया जाएगा। यदि नुकसान 29,412 रुपये या अधिकतम 50 हजार रुपये है, तो मुआवजा 25 हजार रुपये तक मिल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता सीमित करने संबंधी निर्देशों का मसौदा शुक्रवार को जारी किया। नियम एक जुलाई से लागू होंगे। वाणिज्यिक बैंकों, स्मॉल फाइनेंस बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पर भी यह निर्देश लागू होंगे।

**धोखाधड़ी पर यह करें**

धोखाधड़ी पर ग्राहक तुरंत बैंक को सूचित करें।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत करें।

1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें।

बैंक के सिस्टम में संदेश भेजने और प्रतिक्रिया प्राप्त करने का समय भी रिकॉर्ड करें।

**शिकायत पर बैंक को उठाने होंगे कदम**

शिकायत पर ग्राहक को तुरंत शिकायत संख्या और समय भेजा जाएगा। बैंक को आगे के अनधिकृत लेनदेन रोकने के कदम उठाने होंगे। धोखाधड़ी में ग्राहक की गलती साबित करने की जिम्मेदारी बैंक पर होगी। बैंक या तीसरे पक्ष की लापरवाही और ग्राहक के 5 दिन में रिपोर्ट करने पर तो ग्राहक की जिम्मेदारी नहीं होगी। यह ग्राहक की लापरवाही मानी जाएगी

पिन, पासवर्ड, ओटीपी देना। धोखाधड़ी या कार्ड खोने की सूचना तुरंत बैंक को न देना। बैंक की चेतावनी नजरअंदाज करना। हानिकारक एप डाउनलोड करना।

**500 से अधिक के लेनदेन पर एसएमएस अलर्ट**

बैंक को इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक सुरक्षा के लिए नीति बनानी होगी। इसमें लेनदेन अलर्ट, ग्राहकों के अधिकार और दायित्व शिकायत समाधान की समय सीमा, ग्राहक जागरूकता तंत्र जैसी व्यवस्था करनी होगी। सुरक्षित डिजिटल भुगतान प्रणाली, मजबूत धोखाधड़ी पहचान तंत्र, जोखिम मूल्यांकन प्रणाली जैसे उपाय करने होंगे। 500 रुपये से अधिक के सभी इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन पर तत्काल एसएमएस अलर्ट अनिवार्य होगा।

## दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे /दक्षिण , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874
सूर्योदय 06-33
सूर्यास्त. 18-20
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - चैत्र कृष्ण पक्ष रविवार 08 March 2026
तिथि - पंचमी 21-11 तक उपरान्त षष्ठी
नक्षत्र - स्वाति 13-31 तक उप विशाखा
योग - ध्रुव 07-03 तक उप व्याघात
करण - कौलव 08-10 तक. तैतिल
श्री रंगपंचमी, अस्त शनि 09-34 से
विश्व महिला दिवस

| गृह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ | मे | कुंभ.... | 05-16 बजे |
| चंद्र | तुला | मे | मीन.... | 06-54 बजे |
| मंगल | कुंभ | मे | मेष..... | 08-30 बजे |
| बुध | कुंभ | मे | वृष.... | 10-15 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | मिथुन.. | 12-16 बजे |
| शुक्र | मीन | मे | कर्क... | 14-28 बजे |
| शनि | मीन | मे | सिंह--- | 16-40 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | कन्या-- | 18-47 बजे |
| केतु | सिंह | मे | तुला---- | 20-52 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 23-02 बजे |
| | | | धनु..... | 01-16 बजे |
| | | | मकर... | 03-21 बजे |

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 16-54 से 18-23 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उत्पात | 06-33 - 07-59 अशुभ | शुभ। | 18-20 - 19-54 शुभ |
| चंचल | 07-59 - 09-29 शुभ | अमृत | 19-54 - 21-25 शुभ |
| लाभ | 09-29 - 10-58 शुभ | चंचल | 21-25 - 22-56 शुभ |
| अमृत | 10-58 - 12-27 शुभ | रोग | 22-56 - 00-27 अशुभ |
| काल | 12-27 - 13-56 अशुभ | काल | 00-27 - 01-58 अशुभ |
| शुभ | 13-56 - 15-25 शुभ | लाभ | 01-58 - 03-28 शुभ |
| रोग | 15-25 - 16-54 अशुभ | उत्पात | 03-28 - 04-59 अशुभ |
| उत्पात | 16-54 - 18-20 अशुभ | शुभ | 04-59 - 06-53- शुभ |

# खाड़ी क्षेत्र का युद्ध लंबा चला तो बढ़ सकती है महंगाई, भारत पर असर सीमित : एसबीआई

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। खाड़ी क्षेत्र में चल रहा संघर्ष, जिसमें इजरायल, ईरान और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकाने शामिल हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकता है। शनिवार को जारी एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इससे वैश्विक मंदी का दबाव, महंगाई में वृद्धि और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ सकती है।

हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के घरेलू वित्तीय बाजारों को फिलहाल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कदमों से सपोर्ट मिला है। आरबीआई ने सरकारी बॉन्ड (जी-सेक) यील्ड को संतुलित रखने और रुपए की अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर यह संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे भारत के मैक्रो-इकोनॉमिक संकेतकों पर भी दबाव पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई ने स्पॉट मार्केट में हस्तक्षेप करके रुपए की अधिक अस्थिरता को कम किया है और इसे 92 के स्तर से नीचे रखने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा अनिश्चितता के बीच यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर असर पड़ा है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार इसी मार्ग से होता है, इसलिए यहां बाधा आने से तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 91.84 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 89.62 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुकी है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार, अगर कच्चे तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी होती है, तो वित्त वर्ष 2027 में चालू खाते का घाटा (सीएडी) करीब 36 बेसिस प्वाइंट तक बढ़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि तेल की कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर लगभग 6 प्रतिशत तक आ सकती है। एसबीआई रिसर्च ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी इस संघर्ष का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह युद्ध कोंड्राटिएफ वेव के अंतिम चरण के दौरान हो रहा है, जो लंबे समय तक चलने वाले आर्थिक चक्र का सिद्धांत है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संरचनात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस संघर्ष में कुछ देशों को फायदा भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, अमेरिका को तेल और गैस की कीमतें बढ़ने से लाभ मिल सकता है। साथ ही, यूरोप की रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम होने से अमेरिका के लिए नए अवसर बन सकते हैं। वहीं, दुनिया के अधिकांश अन्य क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों पर दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच कई केंद्रीय बैंक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने का भंडार बढ़ा रहे हैं। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिलहाल लगभग 17.6 प्रतिशत हिस्सा सोने का है।

# पश्चिम एशिया संकट से बढ़ेगा भारतीय रुपये पर दबाव?

**बढ़ती तेल व उर्वरक कीमतें महंगाई बढ़ा सकती हैं**

नई दिल्लीनई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया संकट के लंबे समय तक जारी रहने पर भारतीय रुपये की विनिमय दर पर दबाव पड़ सकता है। साथ ही, पेट्रोलियम एवं उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई पर भी जोखिम बढ़ सकता है।



वित्त मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, इन जोखिमों के बीच कच्चे तेल का बड़ा आयातक होने के बावजूद भारत पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार, कम चालू खाते का घाटा और नियंत्रित महंगाई के कारण बढ़ती वैश्विक कीमतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने में सक्षम है। हालांकि, यह संकट लंबा खिंचने की स्थिति में रुपये की विनिमय दर, चालू खाता घाटा और महंगाई पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और कच्चे तेल पर निर्भर उर्वरक एवं पेट्रोरसायन जैसे क्षेत्रों पर भी इसका असर पड़ सकता है। वित्त मंत्रालय ने फरवरी की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, सुरक्षित निवेश की ओर पूंजी का प्रवाह होने से मुद्रा पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

**वित्त मंत्रालय का रिपोर्ट**

वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में कहा, ईरान पर हमलों के बाद बढ़े तनाव से होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित हो गई है।

इस व्यवधान के बीच वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता के बावजूद बाहरी क्षेत्र स्थिर बना हुआ है। साथ ही, अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों समेत सक्रिय व्यापार कूटनीति से निर्यात गंतव्यों का विविधीकरण एवं मध्यम अवधि में बाह्य मजबूती बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है। इस अवधि में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.6 फीसदी रह सकती है, जबकि वास्तविक सकल मूल्यवर्धन वृद्धि 7.7 फीसदी रहने का अनुमान है। जनवरी, 2026 में आर्थिक गतिविधियां व्यापक आधार पर मजबूत रहीं, जिन्हें लॉजिस्टिक गतिविधि, पीएमआई में विस्तार और मजबूत मांग जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों का समर्थन मिला।

## यात्रियों को एयरपोर्ट न आने की सलाह

दुबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। दुबई स्थित अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन एमिरेट्स ने शनिवार को घोषणा की कि दुबई से आने-जाने वाली उसकी सभी उड़ानों को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। एयरलाइन ने यात्रियों से अपील की है कि जब तक संचालन दोबारा शुरू होने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी जाती, तब तक वे एयरपोर्ट की ओर यात्रा न करें।

**एयरलाइन ने क्या बताया?**

एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि स्थिति सामान्य होने और अधिक जानकारी उपलब्ध होने पर आगे के अपडेट साझा किए जाएंगे। कंपनी ने स्पष्ट किया कि यात्रियों और क्रू सदस्यों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही एयरलाइन ने इस असुविधा के दौरान यात्रियों से धैर्य और सहयोग बनाए रखने के लिए धन्यवाद भी दिया।

एयरलाइन ने यह भी जानकारी दी कि दुबई में उसके सभी सिटी चेक-इन काउंटर फिलहाल अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। यात्रियों से कहा गया है कि वे अपनी बुकिंग प्रोफाइल में संपर्क विवरण अपडेट रखें, ताकि संचालन से जुड़ी ताजा जानकारी उन्हें समय-समय पर मिलती रहे।

एमिरेट्स ने कहा कि जैसे-जैसे स्थिति विकसित होगी, वह अपने आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी साझा करता रहेगा।

**दुबई एयरपोर्ट के ऊपर धमाके की आवाज**

दरअसल दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के ऊपर एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी गई, जिसके बाद आसमान में धुएं का गुबार दिखाई दिया। यह घटना ऐसे समय हुई है जब ईरान की ओर से खाड़ी क्षेत्र में हमलों का दबाव बढ़ा हुआ है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
जो लोग विलासिता के सामान के व्यवसायों में शामिल हैं , वे लोग आज बहुत लाभ में रहेंगे और साथ ही साथ जो लोग स्वरोजगार में हैं , वे भी अपनी दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं और साथ ही साथ मन वांछित राशि की प्राप्ति कर सकते हैं। उन लोगों पर ध्यान न दें जो लोग आपकी सराहना करने में विफल रहते हैं, बस अपनी विशेषज्ञ कौशल से लाभ प्राप्त करने की इच्छा रखने वालो के महत्व को आप स्वीकार करें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपकी वित्तीय स्थिति में लगातार वृद्धि दिख रही है और आगे भी इसमें सुधार की संभावना है , परन्तु आप ऐसा महसूस करेंगे की आपके नियंत्रण से परे स्थितियां आपकी उत्पादकता और काम करने की क्षमता को प्रभावित कर रही है , लेकिन आपका डर निराधार हैं। यहां तक कि आपके वरिष्ठ अधिकारी इस चीज़ को समझते हैं और आपके हालातो के साथ हमदर्दी भी रखते है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
आज के दिन अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के योग है । आज का दिन लॉटरी और सट्टा बाजार के लिए भी लाभप्रद है परन्तु ये धन लाभ कई तरह की जिम्मेदारियां भी साथ लायेगा जिसे आपको नजरअंदाज नहीं करना है । आपको इस पैसे के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण काम का निर्वहन करना पड़ सकता है।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आप सक्रिय हैं और आज आपकी सक्रिय प्रकृति आपको शीर्ष पर रखेगी । आप सभी गतिविधियों के केंद्र पर हैं । आप बहुत अच्छा कर रहे हैं। बस अपनी गति को बनाए रखने और आगे बढ़ते रहे । अब भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। आप अपने कार्य क्षेत्र को व्यवस्थित रखें और समय-समय पर अपने दस्तावेजों को देखते रहे ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आज आप पेशेवर आत्मविश्वास से भर जायेंगे । आप अपनी कार्य सम्भंधि चिन्ताओ को सशक्त तरीके से आगे रखेंगे एवं कोई भी मुश्किल आपको बड़ी नहीं लगेगी । कुछ सूक्ष्म संकट कार्यस्थल पर आ सकते है , परन्तु आप उन संकटो से आसानी से आत्मविश्वास के साथ बाहर आयेंगे । आज आपके सहकर्मी आपकी क्षमता से प्रभावित होंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अपने स्वयं के वित्त एवं धन का नियंत्रण लेना आप के लिए अब बहुत महत्वपूर्ण है और आप इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत से डरते नहीं हैं । आज आप बहुत संगठित और अनुशासित हैं और आप बहुत ही व्यावहारिक तरीके से अपने कार्य क्षेत्र और कैरियर के मुद्दों से निपटने के लिए तैयार हैं।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
जब लोहा गर्म हो तो उस पर निशाना लगाये ! यह विशेष रूप से प्रेरक वक्ताओं की भूमिका या इसी तरह की भूमिका वालो के लिए एक महान दिन है। आज आप जनता के साथ बेहतर संवाद करने में सक्षम होंगे और आपको उस के लिए उच्च भुगतान भी किया जा सकता है। तो आप आगे बढे और इस तरह प्रदर्शन करे की लोग आप की बाते सुनने के लिए लालायित रहे ।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
आपके नए व्यापार विचार जो आपने सुझाये थे वे अब फल देने लगेंगे । आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की सोच सकते है। यह अपने दम पर कुछ करने के लिए सबसे अच्छा समय है। संभावना है कि आप इस समय अपने नए व्यापार के लिए पर्याप्त वित्तपोषण प्राप्त करने में सक्षम होंगे । आपको इस व्यवसाय को स्थापित करने के लिए विदेश में से किसी के साथ साझेदारी में काम करना पड़ सकता है।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
हालाँकि आप सावधान और व्यवस्थित है , पर किसी दूसरे के कार्यभार के लिए आप जवाबदेह होंगे । अपने और अपने काम के तरीको पर विश्वास रखे । एक बार में एक काम को सुव्यस्थित तरीके से करे और अगले सप्ताह तक आप चीजों को आकार में वापस पायेंगे । उस समय तक अपने सहकर्मियों के साथ किसी बहस में संलिप्त न हो ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपका भाग्य आपके वित्तीय उपक्रम को पूरा समर्थन दे रहा है एवं आपकी नौकरी भी काफी अच्छी है परन्तु आपको अपने धन पर ध्यान रखने की जरुरत है जैसे की हम सब जानते है की पैसे पेड पर नहीं उगते है। आपके अपव्यय करने की आदत से आपको अपने निकट के व्यक्तियों से आलोचना सुननी पड़ती है ।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आपके मितव्ययी होने की संभावना हैं, और आप एक असाधारण अवस्था में रहेंगे । आप एक महंगी कला की वस्तु खरीद सकते है क्यों की आप कला के पुजारी है । आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते है जो की उस व्यक्ति को आश्रयचकित कर सकता है । आपके कार्यस्थल में सब कुछ सुचारू रूप से चलेगा ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आज आप एक दार्शनिक मुद्रा में रहेंगे और गहरी सोच वाली ऐसी किसी भी नौकरी में आज आप सफलता को छुएंगे । शिक्षकों, वकीलों, दार्शनिकों, प्रचारकों और राजनेताओ के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा । लेकिन आपको सांसारिक एवं जीवन के गहरे सवालों के बीच ध्यान देने की जरूरत है।व्यावहारिक स्थिति से अपना मुख मोड़ना आज आपकी सबसे बड़ी समस्या है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# भारत में 3% तो दुबई में 9% तक किराया!

**> भारतीयों ने साल 2025 में खरीदे 95000 करोड़ रुपये के मकान**

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के कारण मिडिल ईस्ट में तनाव पैदा हो गया है। ईरान ने दुबई समेत यूएई पर कई जगह हमले किए हैं। इससे दुबई के रियल एस्टेट बाजार में कुछ अनिश्चितता पैदा हो गई है। लेकिन इसके बावजूद भारतीय निवेशकों ने दुबई की रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी मार्केट में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है।

प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म एनरॉक की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में भारतीयों ने दुबई में करीब 85,000 करोड़ से 95,000 करोड़ रुपये के घर खरीदे। रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुबई में सभी एसेट क्लास को मिलाकर करीब 250 अरब डॉलर (करीब 23 लाख करोड़ रुपये) के रियल एस्टेट ट्रांजैक्शन दर्ज किए गए।



**विदेशी खरीदारों में भारतीय सबसे आगे**

एनरॉक के मुताबिक साल 2025 में दुबई में विदेशी आवासीय संपत्ति लेनदेन में भारतीयों की हिस्सेदारी 23% रही। यह साल 2023 के मुकाबले लगभग दोगुनी है। साल 2023 में भारतीयों की हिस्सेदारी 12% थी और उस वर्ष उन्होंने करीब 37,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था। गैर-अरब निवेशकों में यूके के नागरिक दूसरे और चीन के निवेशक तीसरे स्थान पर रहे।

**दुबई में भारतीयों का निवेश क्यों?**

भारत से भौगोलिक नजदीकी। फ्लाइट में दिल्ली से दुबई पहुंचने में 4 घंटे और मुंबई से करीब साढ़े तीन घंटे लगते हैं। यूएई दिरहम का अमेरिकी डॉलर से जुड़ा होना। अपेक्षाकृत ज्यादा किराया रिटर्न। दरअसल, दुबई में प्रॉपर्टी पर 6% से 9% तक का रेंटल रिटर्न मिल जाता है। वहीं भारत में आमतौर पर यह 2% से 3% के बीच ही रहता है।

**रहना नहीं, निवेश पहला उद्देश्य**

दुबई में ज्यादातर भारतीयों ने रहने नहीं, बल्कि निवेश के लिए प्रॉपर्टी खरीदी है। एनरॉक ग्रुप के रिसर्च एंड एडवाइजरी प्रमुख प्रशांत ठाकुर के मुताबिक, ज्यादातर भारतीयों ने दुबई में अपार्टमेंट और विला निवेश के उद्देश्य से खरीदे हैं। कई डेवलपर्स खरीदारों को रेंटल मैनेजमेंट सर्विस भी उपलब्ध कराते हैं।

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले का असर दुबई पर भी दिखाई दिया है। दुबई पर भी ईरान ने हमले किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशकों में कुछ सावधानी जरूर बढ़ सकती है। साथ ही निकट भविष्य में लेनदेन की गति थोड़ी धीमी पड़ सकती है। लोहिया वर्ल्डस्पेस के डायरेक्टर पीयूष लोहिया ने बताया कि मिडिल ईस्ट की वर्तमान स्थिति निश्चित रूप से दुबई में रियल एस्टेट निवेशकों को अधिक सतर्क बना रही है। उनके मुताबिक फिलहाल घबराहट में बिक्री देखने को नहीं मिल रही है, लेकिन खरीदार 'वेट-एंड-वॉच' की रणनीति अपनाए हुए हैं।



# विधानसभा में पारित हुआ डिस्टर्ब एरिया बिल

## दंगा-सांप्रदायिक तनाव वाले इलाकों में एडीएम-एसडीएम की मंजूरी बिना प्रॉपर्टी खरीद-बेच नहीं सकेंगे

जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। विधानसभा में बहस के बाद डिस्टर्ब एरिया बिल पारित कर दिया गया। दी राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इमूवेबल प्रॉपर्टी एंड प्रोविजन फोर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेन्ट्स फ्रॉम एविक्शन फ्रॉम प्रिमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल, 2026' के प्रावधानों के तहत सरकार दंगा प्रभावित इलाकों को डिस्टर्ब एरिया घोषित कर सकेगी।

डिस्टर्ब एरिया में एडीएम या एसडीएम की मंजूरी के बिना कोई भी प्रॉपर्टी की खरीद और बेचान नहीं हो सकेगा, न रजिस्ट्री हो सकेगी।

बिल के प्रावधानों के अनुसार, दंगा प्रभावित और जनसंख्या असंतुलन से हिंसा के हालात बनने पर एक क्षेत्र, कॉलोनी या वार्ड को डिस्टर्ब एरिया घोषित किया जाएगा। क्षेत्र विशेष को डिस्टर्ब एरिया घोषित किए जाने के बाद वहां एडीएम-एसडीएम की मंजूरी के बिना प्रॉपर्टी की खरीद-बेचान नहीं किया जा सकेगा। बिना अनुमति अगर प्रॉपर्टी का ट्रांसफर हो भी जाता है तो उसे अमान्य कर शून्य घोषित किया जा सकेगा।

समुदाय विशेष की जनसंख्या बढ़ने और डेमोग्राफी प्रभावित होना भी डिस्टर्ब एरिया का आधार

बिल में समुदाय विशेष की जनसंख्या बढ़ने और डेमोग्राफी प्रभावित होना भी डिस्टर्ब एरिया घोषित करने का आधार बन सकता है।

डिस्टर्ब एरिया में बाजार दर से कम पर प्रॉपर्टी नहीं बिकेगी

ऐसे इलाकों में एडीएम-एसडीएम से मंजूरी मिलने के बाद ही प्रॉपर्टी ट्रांसफर हो सकेगी। डिस्टर्ब एरिया में एडीएम-एसडीएम संबंधित प्रॉपर्टी के बारे में पूरी रिपोर्ट ली जाएगी। अफसर यह सुनिश्चित करेंगे कि बाजार कीमत से कम में प्रॉपर्टी नहीं बिके।

किसी दबाव में या स्थानीय लोगों के दबाव में प्रॉपर्टी नहीं बिके यह भी जांच होगी। डिस्टर्ब एरिया में एडीएम-एसडीएम प्रॉपर्टी खरीद-बेचान के आवेदन पर 3 महीने में फैसला करेंगे, इस अवधि को बढ़ाया भी जा सकेगा।



**कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन पर 3 से 5 साल की सजा, 1 लाख जुर्माना**

कानून के इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर अपराध गैर जमानती और संज्ञेय होगा, जिसमें 3 साल से 5 साल तक जेल और जुर्माने की सजा होगी। 1 लाख तक जुर्माना भी लगेगा।

**बैंकों और वितीय संस्थानों के पास गिरवी प्रॉपर्टी पर लागू नहीं होगा कानून**

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रॉपर्टी गिरवी होने पर यह कानून लागू नहीं होगा। डिस्टर्ब एरिया में गिरवी प्रोपर्टीज को बैंक और एनबीएफसी नीलाम कर सकेंगे।

**पटेल ने कहा- दंगे नहीं तो डिस्टर्ब एरिया घोषित नहीं होगा**

कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- दंगे नहीं होंगे तो डिस्टर्ब एरिया घोषित ही नहीं होगा। प्रॉपर्टी का बाजार मूल्य मिल रहा है या नहीं, बाजार मूल्य से कम नहीं मिले। अफसर यह देखेगा कि प्रॉपर्टी बाजार मूल्य से कम में नहीं मिले। यह कानून कमजोर लोगों की रक्षा करता है। पटेल ने कहा- जोधपुर में एक ऐसा भी क्षेत्र है, जहां कोई घुस नहीं सकता। राजस्थान में ऐसे क्षेत्र लगातार बढ़ रहे हैं।

**डोटासरा बोले- कांग्रेस सत्ता में आएगी तो इस बिल को खत्म करेंगे**

इससे पहले राजस्थान डिस्टर्ब एरिया बिल-2026 बिल पर बहस में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- सरकार धार्मिक उन्माद फैलाकर ऐसे बिल लाकर बहुसंख्यक वोटों को अपनी तरफ करके गुजरात का मॉडल यहां पर अपनाने जा रही है।

जमीन जायदाद पर सरकार की नजर है, इससे बड़ा दुर्भाग्य नहीं हो सकता। संपत्ति खरीद बेचने के अधिकार संविधान से हमें मिले हैं। इस पर सरकार का नियंत्रण करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए शांत क्षेत्र को अशांत करने का षड्यंत्र है।

डोटासरा ने कहा- डिस्टर्ब एरिया कौन सा होगा, समुदाय विशेष कौन सा होगा ,जिससे डिस्टर्ब करना चाहते हो? 2028 में कांग्रेस सत्ता में आएगी, हम इस बिल को खत्म करेंगे। राजस्थान में यह परंपरा है, अगली बार हम आएंगे। राजस्थान में आपकी सरकार है फिर भी ऐसा बिल लाकर राजस्थान को क्यों जलाना चाह रहे हो।

## कागजों में दरी, हकीकत में 'फर्श' का खेल

# मदन दिलावर ने बीईओ को सस्पेंड कर कांग्रेस को घेरा

जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में उस समय हड़कंप मच गया जब पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने डेगाना विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में हुई खरीद-फरोख्त में बड़े भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा खोल दिया। सदन में गूंजे 'दरी-पट्टी घोटाले' ने विपक्ष को बैकफुट पर धकेल दिया है। मंत्री दिलावर ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा कर दी है।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान जब डेगाना विधायक अजय सिंह ने पूरक प्रश्न पूछे, तो पंचायती राज मंत्री ने चौंकाने वाले तथ्य पेश किए। मदन दिलावर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान यानी जनवरी 2019 से दिसंबर 2023 के बीच, डेगाना के सरकारी स्कूलों के लिए लगभग 35 लाख रुपये की दरी-पट्टियों की खरीद की गई थी। उस समय के तत्कालीन विधायक ने इन सामानों को स्कूलों में उपलब्ध कराने की



सिफारिश की थी। जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं हैं।

**मदन दिलावर ने किए ये बड़े खुलासे**

दरी-पट्टियों के नाम पर बजट पास हुआ, लेकिन स्कूलों में फर्श खरीदे गए। रिकॉर्ड के अनुसार 288 फर्श तो स्कूलों तक पहुंचे, लेकिन 171 फर्श का कोई अता-पता नहीं है। सरकारी खजाने का पैसा तो निकल गया, लेकिन सामान बच्चों तक पहुंचा ही नहीं।

**भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' का संकल्प**

मंत्री दिलावर ने सदन के पटल पर लिखित विवरण रखते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर राजकीय धन का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्र 2022-23 के दौरान छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था के नाम पर हुआ यह खेल अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह सिर्फ दरी-पट्टी की खरीद का मामला नहीं है, यह गरीब बच्चों के हक पर डाका है। इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और जो भी अधिकारी इसमें संलिप्त पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सदन में दिखा सख्त मिजाज

जैसे ही मंत्री ने तत्कालीन बीईओ के निलंबन की घोषणा की, सदन में सन्नाटा छा गया। दिलावर ने यह भी संकेत दिए कि जांच का दायरा केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खरीद प्रक्रिया से जुड़े हर कड़ी की पड़ताल की जाएगी। इस खुलासे ने एक बार फिर शिक्षा विभाग में होने वाली स्थानीय स्तर की खरीद प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

# पंचायत चुनाव टलने के आसार

## ओबीसी आरक्षण तय नहीं, आयोग ने सीएस को लिखा पत्र

जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में प्रस्तावित पंचायत चुनावों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से जुड़ी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण चुनाव कार्यक्रम आगे खिसकने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि संबंधित रिपोर्ट तैयार करने में देरी हो रही है, जिससे समय पर चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण बन गया है।

हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के दिए थे निर्देश

राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पंचायत चुनाव 15 अप्रैल 2026 तक कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह समय सीमा पूरी होना कठिन नजर आ रहा है। मुख्य वजह OBC आरक्षण को लेकर तैयार की जाने वाली रिपोर्ट में देरी बताई जा रही है।

**आयोग ने मुख्य सचिव को लिखी चिट्ठी**

ओबीसी आयोग ने हाल ही में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को एक पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया है। आयोग के अनुसार जनाधिकार प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए पिछड़े वर्ग की जनसंख्या से जुड़े आंकड़े अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं।

आयोग का कहना है कि इन अधूरे आंकड़ों के आधार पर पंचायतों में वार्ड पंच के लिए ओबीसी आरक्षण तय करना संभव नहीं है। इसलिए सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर सही और अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराने की जरूरत बताई गई है।

आयोग द्वारा भेजे गए पत्र में कई पंचायतों के आंकड़ों में गड़बड़ी की ओर भी ध्यान दिलाया गया है। जानकारी के मुताबिक 403 ग्राम पंचायतों में कुल जनसंख्या और अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या शून्य दर्शाई गई है। वहीं 118 पंचायतों में कुल आबादी 1 से 500 के बीच और 266 पंचायतों में 501 से 1000 के बीच दिखाई गई है।

जबकि पंचायतीराज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी पंचायत का गठन 1200 से अधिक आबादी होने पर किया जाता है। ऐसे में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की सटीकता पर सवाल उठ रहे हैं।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन त्रुटियों के कारण पंचायतों में वार्ड पंच के पदों के लिए OBC आरक्षण निर्धारित करना फिलहाल संभव नहीं है। इसलिए जनाधार प्राधिकरण और पंचायतीराज विभाग को निर्देश देने का आग्रह किया गया है कि वे सभी 14 हजार 403 पंचायतों के पंचायतवार कुल जनसंख्या और पिछड़ा वर्ग की आबादी से जुड़े सही आंकड़े उपलब्ध कराएं।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पंचायतवार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण से संबंधित जानकारी भी स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई है। आयोग के अनुसार इस संबंध में पहले भी पंचायतीराज विभाग को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद 24 फरवरी 2026 तक आयोग को पंचायतवार जनसंख्या के पूर्ण और स्पष्ट आंकड़े तथा एससी-एसटी आरक्षण से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है।

## सीनियर जर्नलिस्ट और पूर्व सूचना आयुक्त नारायण बारेठ का निधन



जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व सूचना आयुक्त और बीबीसी समेत अन्य मीडिया ग्रुप में पत्रकारिता कर चुके वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मालवीय नगर अपेक्स सर्किल के पास स्थित मोक्षधाम में हुआ। 68 साल के नारायण बारेठ पिछले कुछ समय से निमोनिया से पीड़ित थे। उनका जयपुर के एक हॉस्पिटल में इलाज चला था। रात करीब 1.30 बजे उनका निधन हो गया। बारेठ के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शोक जताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त नारायण बारेठ जी के निधन का समाचार बेहद दुखद है। वे कई दिनों से निमोनिया से पीड़ित थे। नारायण जी ने बीबीसी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता कर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई।

# शहीद के घर से अशोक चक्र चोरी

## 4 महीने बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

### *सूने मकान में दिया था वारदात को अंजाम*

अनूपगढ, 7 मार्च (एजेंसियां)। शहीद के घर से अशोक चक्र चोरी के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ का है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अशोक चक्र बरामद कर लिया है। अनूपगढ़ थाना एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया- 1 नवंबर 2025 को थाना क्षेत्र निवासी विक्रम सिंह ने रिपोर्ट थी। जिसमें बताया कि उनके दादा लांस हवलदार शीशपाल सिंह 1961 में गोवा मुक्ति संग्राम के दौरान शहीद हो गए थे। 15 अगस्त 1962 को उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।

श्रीगंगानगर में रहता था परिवार

विक्रम सिंह ने बताया- मैं वन विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर श्रीगंगानगर में कार्यरत हूं। 8 महीने से पूरा परिवार श्रीगंगानगर में ही रह रहा है। 1 नवंबर को मैं अनूपगढ़ के वार्ड 21/15 स्थित अपने घर पहुंचा। जहां मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरों के भी ताले भी टूटे हुए थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभालने पर पता चला कि दादा को मिला अशोक चक्र, नगदी और कई उपकरण चोरी हो गया हैं।

एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच एएसआई रामकुमार को सौंपी गई।

टीम ने जांच के बाद थाने के हिस्ट्रीशीटर अभिषेक उर्फ अंकित को शनिवार के दिन पदमपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर अशोक चक्र को बरामद कर विक्रम सिंह और उनके पिता से शिनाख्त कराई।

थाना अधिकारी ने बताया-पूछताछ में आरोपी से अन्य चोरियों का खुलासा होने की संभावना है। आरोपी के खिलाफ पहले भी विभिन्न धाराओं में 17 मामले दर्ज हैं।

**गोवा मुक्ति संग्राम के दौरान हुए थे शहीद**

एसएचओ ने बताया-परिवादी विक्रम सिंह के दादा लांस हवलदार शिशपाल सिंह साल 1961 में गोवा मुक्ति संग्राम के दौरान शहीद हुए थे। उन्हें 15 अगस्त 1962 को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। उन्होंने पुर्तगाली सेना के खिलाफ साहस का प्रदर्शन किया था और 18 दिसंबर 1961 को घायल होने के बाद शहीद हो गए थे।

## शेखावाटी क्षेत्र में भूकंप के हल्के झटके, तीव्रता 3.5 दर्ज की गई



सीकर, 7 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के शेखावाटी में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सीकर जिले के कई हिस्सों में खासतौर पर खाटूश्यामजी, पलसाना, धींगपुर और इनके आसपास के इलाकों में में कंपन महसूस किया गया। घरों में हल्की कंपन और खिड़कियों-दरवाजों में हलचल महसूस किया गया। वैसे किसी भी नुकसान की जानकारी नहीं है। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 दर्ज की गई है।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2026 को सुबह 6 बजकर 32 मिनट 59 सेकंड पर भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र जयपुर से करीब 69 किमी उत्तर-पश्चिम दिशा में स्थित था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 दर्ज की गई है।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 5 किमी नीचे बताया गया है। कम गहराई होने के कारण आस-पास के क्षेत्रों में हल्का कंपन महसूस किया गया।

**भविष्य में भूकंपीय गतिविधियों की संभावना**

भू विशेषज्ञों का मानना है कि पहाड़ियों को काटकर तेजी से हो रहा निर्माण कार्य और सुरंगों का निर्माण क्षेत्र की भू-संरचना को कमजोर बना रहा है, जिससे भविष्य में भूकंपीय गतिविधियों की संभावना बनी रह सकती है।

## खेत में काम कर रहे किसान को 3 भालुओं ने किया लहूलुहान, इलाके में दहशत का माहौल

उदयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। उदयपुर के सायरा क्षेत्र में शनिवार तड़के तीन भालुओं ने खेत में काम कर रहे किसान पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में किसान बुरी तरह लहूलुहान हो गया। घायल किसान का उदयपुर के अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, भालुओं के हमले के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

गोगुंदा उपखंड में सायरा थाना क्षेत्र के कड़ेचावास गांव में 40 वर्षीय किसान प्रेम सिंह राजपूत अपने खेत में काम कर रहा था। वह जब गेहूं की फसल में पानी दे रहा था, तभी 3 भालुओं ने हमला कर दिया।

किसान की चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन, तब तक भालू जंगल की ओर भाग गए। ग्रामीणों ने घायल किसान को तुरंत उदयपुर के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज जारी है। भालुओं के हमले में प्रेम सिंह राजपूत के मुंह, सिर व शरीर पर गंभीर चोट आई है।

इधर, घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी और सायरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम भालुओं की तलाश में जुटी हुई है। वहीं, इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों से रात के समय घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है।

# बीमा क्लेम की मांग को लेकर किसान 13 मार्च को चूरू में रोकेंगे रेल, करेंगे प्रदर्शन

चूरू, 7 मार्च (एजेंसियां)। शिक्षक भवन में अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष इंद्राजसिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 13 मार्च रेल रोको आंदोलन की तैयारी पर चर्चा की गई। प्रेस वार्ता में किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य निर्मल प्रजापत ने बताया कि खरीफ 2021 का बीमा क्लेम कंपनी और सरकार ने मिलकर सेटेलाइट लगागर दिया है, जो नियम के विरूध है। लगातार आंदोलन के चलते सरकार ने फैसला पलटा भी है, लेकिन फिर उसी सेटेलाइट को आधार मान कर किसानों से क्लेम हड़पना चाहती है।

लगातार आंदोलन के बाद किसान अब किसान सभा के नेतृत्व में सरकार और बीमा कंपनी को रेल की पटरी पर लाएंगे,ओर फैसला कराएंगे राज्य कमेटी सदस्य निर्मल प्रजापत ने बताया कि 13 मार्च को बड़ी संख्या में किसान चूरू जिला मुख्यालय पर रेलवे ट्रैक को रोकने का काम करेगी। जिला मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि पिछले महीने फरवरी में सभी तहसील मुख्यालयों पर किसान महापंचायत हुई।

किसान महापंचायत में रेल रोको आंदोलन का फैसला कर किसान 13 मार्च को तैयारी में लगे हुए है। जिला संयुक्त सचिव रामकृष्ण छींपा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर बीमा क्लेम को लेकर चार महीनों तक लंबा आंदोलन चला। इस बार रेल रोको आंदोलन एक निर्णायक और ऐतिहासिक आंदोलन होगा जिसकी सभी तहसील कमेटियां तैयारियों में लगी हुई हैं। खरीफ 2022 और 2023 का क्लेम सरकार से निकलवाएंगे।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष चिमनाराम पांडर, जिला संयुक्त मंत्री रामनारायण रुलानिया, गौरीशंकर सिद्धमुख, जिला उपाध्यक्ष मदन जाखड़,दीपाराम प्रजापत,सावरमल मेघवाल, कुरड़ाराम दामिवाल, सोनू जिलोवा, भादर भांभू, रामनिवास लांबा, हाकम सिंह, काशीराम सारण, रामदेव भाकर सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# टीआरएआई अधिकारी बनकर ठग रहे साइबर माफिया

## बुजुर्गों को 'डिजिटल अरेस्ट' में फंसाकर करोड़ों की लूट

जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। देशभर सहित राजस्थान में साइबर अपराधियों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के नाम का दुरुपयोग कर नया खेल शुरू कर दिया है। खुद को टीआरएआई अधिकारी बताकर लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है और 'डिजिटल अरेस्ट' के बहाने लाखों-करोड़ों रुपए ठगे जा रहे हैं। राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम विंग ने हाल ही में विशेष अलर्ट जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि ठगों की यह चाल तेजी से बढ़ रही है और बुजुर्ग तथा आम नागरिक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (साइबर क्राइम) वी.के. सिंह ने हाल ही जारी अलर्ट में बताया कि अपराधी टीआरएआई या सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों के अधिकारी बनकर फोन कॉल, मैसेज और फर्जी लेटर भेज रहे हैं। वे दावा करते हैं कि पीड़ित का आधार या मोबाइल नंबर मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग तस्करी या अन्य गंभीर अपराधों में इस्तेमाल हुआ है। फिर वीडियो कॉल पर घंटों 'डिजिटल अरेस्ट' कर डराते हैं और पैसे ट्रांसफर करवाते हैं।

पुलिस ने साफ किया कि टीआरएआई कभी वीडियो कॉल पर जांच या डिजिटल अरेस्ट नहीं करता। राजस्थान में टीआरएआई से जुड़े ठगी के कई मामले सामने आए हैं, हालांकि स्पेसिफिक बड़े 'डिजिटल अरेस्ट' केस टीआरएआई इंपर्सोनेशन के साथ सीधे रिपोर्टेड कम हैं, लेकिन संबंधित स्कैम्स बढ़े हैं।

राजस्थान पुलिस ने चेतावनी दी है कि कोई भी सरकारी एजेंसी व्यक्तिगत बैंक डिटेल्स या ओटीपी नहीं मांगती। सतर्क रहें, अनजान कॉल/लिंक पर क्लिक न करें।

अगस्त 2025 में राजस्थान में TRAI अधिकारी बनकर 'मोबाइल टावर इंस्टॉलेशन' के नाम पर लोगों से फर्जी फीस मांगने का केस सामने आया, जहां ठग घर-घर जाकर या कॉल पर पैसे ऐंठ रहे थे।

# मां ने बच्चों संग टांके में लगाई छलांग, 3 बच्चों की मौत

नागौर, 7 मार्च (एजेंसियां)। सदर थाना क्षेत्र के बसवानी गांव में दिल दहला देने वाली घटना हुई। एक विवाहिता अपने तीन बच्चों को साथ लेकर पानी से भरे टांके में कूद गई। हादसे में तीनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई, जबकि महिला को बचाकर गंभीर हालत में नागौर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नागौर डीएसपी धरम पूनिया ने बताया कि बसवानी निवासी मंजू अपने तीन साल के लड़के रुद्र व दो पांच साल की जुड़वा लड़कियों को साथ लेकर शाम को घर के पास बने टांके में कूद गई।

जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर महिला को बाहर निकाला और जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।जबकि चिस्त्सकों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। शव जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं।

डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला का पति रामप्रसाद कोटा में ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। घटना के समय महिला के सास-ससुर खेत में काम करने गए हुए थे। उसका एक देवर है जो हैदराबाद में रहता है।

## नमाज के दौरान मस्जिद की दीवार गिरी

### 15 नमाजी हुए घायल, पढ़ें हादसे की वजह

जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के भट्टा बस्ती इलाके से एक हृदयविदारक दुर्घटना सामने आई है। फिरदौस मस्जिद में नमाज के दौरान अचानक एक पुरानी दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे के वक्त मस्जिद परिसर और आसपास काफी भीड़ थी, जिसके चलते 15 युवक और महिलाएं मलबे के नीचे दब गए। घटना के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ जब बड़ी संख्या में अकीदतमंद नमाज अदा कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हम नमाज पढ़कर बाहर निकल ही रहा थे कि अचानक जोरदार आवाज हुई। कुछ बच्चे और महिलाएं दीवार के पास ही खड़े थे। देखते ही देखते दीवार का आधा हिस्सा उन पर गिर गया।

## दोहरे हत्याकांड में 16 साल से फरार आरोपी सीबीआई के हत्थे चढ़ा, 5 लाख का था इनाम

जयपुर, 7 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करीब 16 वर्षों से फरार चल रहे एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान परस राम उर्फ राजू शर्मा के रूप में हुई है, जो राजस्थान के एक सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में वांछित था।

आरोपी पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित रखा गया था। सीबीआई की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, इस मामले को 6 अप्रैल 2011 को दर्ज किया गया था। यह मामला राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के निर्देश पर दर्ज किया गया था, जिसमें कुल छह आरोपियों को नामजद किया गया था। जांच एजेंसी के मुताबिक, 29 जुलाई 2010 को आरोपियों ने राजस्थान के कामां (कामा) इलाके में एक व्यक्ति के घर में अवैध रूप से घुसकर देशी हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस हमले में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक पिता और उसका बेटा शामिल थे। दोनों उस समय के एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के परिवार के सदस्य बताए गए थे। इस हमले में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सीबीआई जांच के दौरान यह सामने आया कि इस मामले का एक आरोपी परस राम केस दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।

# इंदिरम्मा घर योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 3.60 लाख घर मंजूर : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व, आवास और सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि राज्य में प्रत्येक गरीब परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में जनसरकार इंदिरम्मा घर योजना को गंभीरता से लागू कर रही है। मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में 3.60 लाख घर मंजूर किए जा चुके हैं। इस महीने 31 मार्च तक एक लाख घरों का गृह प्रवेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, इंदिरम्मा घर केवल उन परिवारों तक पहुंचे जो वास्तव में इसके पात्र हैं। कुछ गांवों में अभी भी अधूरे घर दिख रहे हैं। ऐसे परिवारों को प्राथमिकता देते हुए इस कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। शनिवार को मंत्री ने अपने कार्यालय से प्रजा पालन-प्रगति



प्रणालीका रिपोर्ट के तहत 99 दिनों की विशेष कार्ययोजना पर जिले के आवास परियोजना निदेशकों के साथ वीडियो कांफ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंजूर किए गए घरों में से 20 प्रतिशत की ग्राउंडिंग अभी तक नहीं हुई है, इसलिए मार्च 31 तक सभी घरों की ग्राउंडिंग पूरी कर ली जाए। मंत्री ने कहा कि निर्माण का समन्वय, ईंटों की आपूर्ति बढ़ाना, मुफ्त रेत वितरण और मूल्य नियंत्रण समितियों को सक्रिय रूप से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले मंजूर किए गए घरों की किस्तें रोकी नहीं जानी चाहिए और किसी भी स्थिति में यह समस्या दोबारा नहीं होनी चाहिए। डबल बेडरूम घरों के लिए लाभार्थियों का चयन भी 31 मार्च तक पूरा किया जाए और जिन गरीब परिवारों के पास घर नहीं है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि केवल मुख्यमंत्री, मंत्री और सचिव का प्रयास पर्याप्त नहीं है, हर अधिकारी का सामूहिक प्रयास और सरकारी नीतियों के अनुसार काम करना ही इस योजना को सफल बनाएगा। उन्होंने अधिकारियों से आवास क्षेत्र में 99 दिनों की विशेष कार्ययोजना को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत करने का आह्वान किया।

# 'भारत वो देश, जो किसी भी पक्ष से बात कर सकता है'

> वैश्विक तनाव के बीच बोले फिनलैंड के राष्ट्रपति

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने शनिवार को भारत की जमकर सराहना की है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो वैश्विक विवादों में हर पक्ष से बात कर सकता है।




उन्होंने भारत की विदेश नीति को बहुत व्यावहारिक और वास्तविक बताया। स्टब के अनुसार, भारत की यह खूबी उसे अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में एक विशेष स्थान दिलाती है। यह बात उन्होंने बढ़ती भू-राजनीतिक तनावों के बीच कही। राष्ट्रपति स्टब ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। स्टब ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री के साथ तीन घंटे बिताना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात थी। हमने विश्व भर के संघर्षों, चीन, अमेरिका, रूस और यूरोप के साथ संबंधों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर भी व्यापक और सार्थक बातचीत की। स्टब ने कहा कि आधुनिक संघर्ष स्थानीय युद्धों से आगे बढ़कर क्षेत्रीय संकट बन गए हैं। उन्होंने कहा स्थिति नाजुक है। स्टब ने क्षेत्र में तनाव कम करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही देश झगड़ों से दूर रहने की कोशिश करें, लेकिन कोई भी इसके ग्लोबल असर से बचा नहीं जा सकता, क्योंकि इससे तेल की कीमतें, व्यापार और समुद्री मार्ग हमेशा प्रभावित होते हैं।

**भारत की संतुलित विदेश नीति पर कही ये बात :**

फिनलैंड के राष्ट्रपति ने भारत की संतुलित विदेश नीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह नीति भारत को वैश्विक संघर्षों में कई पक्षों से संबंध बनाए रखने में मदद करती है। स्टब के अनुसार, भारत उन दुर्लभ देशों में से है जो लगभग सभी से बात कर सकता है।


**पूर्व तट रेलवे**

**सामग्रियों की आपूर्ति**

निविदा सं. 30265380, दिनांक: 02.03.2026

कार्य का नाम : BLW ड्रॉइंग नं. 40083540 ALT "A" अथवा नवीनतम एवं BLW पार्ट नं. 16241186 के अनुसार ECOTIP सुपरस्टैक इंजेक्टर, स्पेसिफिकेशन : क्लीनिंग, पैकिंग एवं मार्किंग स्पेसिफिकेशन। मिसलेनियस : 397 (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तिथि के बाद से 18 महीने), TPI एजेंसी द्वारा निरीक्षण, मात्रा : 64 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 120 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.04.2026 को 1500 बजे।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-1196/Q/25-26



**दक्षिण मध्य रेलवे**

फॉलो करें @SCRailwayindia पर

द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों की हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in द्वारा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीइ/सी-IV/एससी& सीई/सी-VI/एससी कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनस दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**क्रम सं.01,** एनआयटी नं. 14-सीएओ-सी-एससी-2026, दि.27-02-2026 कार्य विवरणः एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनः निम्न कार्यों के निष्पादन के लिए तकनीकी परामर्शदाता या टेक्नीकल कंसल्टन्ट की नियुक्ति, जिनमें आर्किटेक्चरल व तकनीकी परामर्श या कंसलटंसी प्रदान करने एवं फिजीबिलीटी स्टडी, प्लानिंग, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग तथा मौलाली सिकंदराबाद पर सहायक भवनों सहित इण्डियन रेलवे टीयर-III /रेटेड-3 तथा अधिक डिजास्टर रिकवरी डाटा सेंटर हेतु निर्माण कार्य अवधि के दौरान स्कोप, डिजाइन आधारित मानदंड, निर्माणार्थ विनिर्देशन, जीएडीज, मूल्य अनुसूची आदि युक्त इपीसी दस्तावेज हेतु डीपीआरकी तैयारी एवम् ठेकेदार के ड्राइंग्स व तकनीकी डाटा शीट्स के सत्यापन या वेरीफिकेशन आदि कार्य।

अनुमानित मूल्य रु.2,94,00,000.00, अग्रधन रु.2,97,000.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 09 (नौ) महिने, खोलने की तिथिः 23-03-2026 के 15.00 बजे

**क्रम सं.02,** एनआयटी नं. इपीसी-05-सीएओ-सी-एससी-2026, दि.26-02-2026 कार्य विवरणः एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशनः डोर्नकल जंक्शन (डीकेजे)-कारेपल्ली जंक्शन (केआरए) स्टेशनों के बीच तथा बेथमपुडी (बीटीपीडी)-भद्राचलम रोड (बीडीसीआर) स्टेशनों के बीच ट्रैक का दोहरीकरण या डबलिंग आफ ट्रैक हेतु आभियांत्रिकी, प्रापण एवं निर्माण (इपीसी) ठेका कार्य सहित तेलंगाना राज्य के डोर्नकल जंक्शन-भद्राचलम रोड परियोजना से संबंधित दक्षिण मध्य रेलवे से जुडा विद्युतीकरण, सिग्नलिंग व दूरसंचार कार्य।

अनुमानित मूल्य रु.291,61,32,185.21, अग्रधन रु.1,45,80,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 24 (चौबीस) महिने, खोलने की तिथिः 30-04-2026 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज व अन्य विवरण हेतु कृपया **वेबसाइटः** https://ireps.gov.in पर लागिन करें।

निविदाकार, अपने आफर्स को आनलाइन में निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान निविदा बंद करने की तिथि से पहले, पंद्रह दिन की अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

निविदाकार, किसी भी शुद्धिपत्र (आनलाइन पर जारी मात्र) को, निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथितक ही देख सकते हैं।

**मुख्य प्रशासन अधिकारी, निर्माण, सिकंदराबाद**

**निविदा सूचना सं. 62/2026, दि.06-03-2026**
**भण्डारण मदों की आपूर्ति**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निम्न निविदाओं को आनलाइन पर दर्शाया गया है। निविदाकारों से अनुरोध है कि, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें तथा अपने आफर्स को आनलाइन पर प्रस्तुत करें। निविदा कार्य विवरण, मात्रा, अग्रधन, एसडी को वेबसाइट पर देख सकते हैं। मैन्युएल रुप से प्रस्तुत आफर्स अमान्य होंगे। डाक द्वारा प्रेषित आफर्स पर भी विचार नही किया जायेगा। निविदा की निर्धारित तिथि की निविदा बंद करने का समय 14.30 बजे है। सभी स्वदेशी प्रस्तावों, अग्रधन को केवल आनलाइन सिस्टम पर उपलब्ध **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 29251437 | एसबी2 में द कनेक्टर सहित फायर डिटेक्शन उपकरण |
| एलएच25744 6ए | एयर स्प्रिंग एसेम्बलीज का एक कोच सेट |
| 30263649 | हेक्स हेड बोल्ट |
| 45261006ए | 110वी/40एएच लीड एसिड बैटरी |
| एलएच265184 | बोगी फ्रेम एआरआग़ीटी |
| 66258191ए | प्लासर मेक का ट्रैक मशीन स्पेयर्स |
| 29261423 | सीएलडब्ल्यू विनिर्देशनानुसार कान्ट्रैक्टर टाइप-4 |
| 38261008 | काल्लर सहित 22.22 एमएम डाया लाक बोल्ट |
| 25264582 | ट्रैक्शन मोटर टाइप हिटाची हेतु कार्बन ब्रश |
| 56265120 | 04-चैनल व्हाइस लाग्गर। सर्वर हार्डवेयर व साफ्टर |
| 33261165 | ब्रेक कैलीपर युनिट |
| 38261007 | काल्लर सहित 22.22एमएम डाया लाक बोल्ट |
| 45261005 | लीड एसिड स्टेशनरी बैटरी 110वी/200एएच |
| 6026पीटी005 | टी-8780 के प्रति टीडब्ल्यूएस का प्रापण |
| 66265467 | ट्रैक मशीनों हेतु जेएससी कलुगापटमश मेक स्पेयर्स का प्रापण |
| 56265131 | एसएमपीएस आधारित मिनि आइपीएस सिस्टम की आपूर्ति |
| 6626पीटी 002 | 1 इन 12 एवम् 1 इन 8.5 52 किग्रा ओ/आर स्वीचेस का प्रापण |
| 66265399 | ट्रैक मशीनों हेतु कोलमार मेक स्पेयर्स का प्रापण |

**टिप्पणीः निविदा खोलने की निर्धारित तिथियां--**

क्रम सं.01 & 02 दि.24-03-2026, क्रम सं.03 से 06 दि.25-03-2026, क्रम सं.07 & 08 दि.26-03-2026, क्रम सं.09 से 12 दि.30-03-2026, क्रम सं.13 दि.01-04-2026, क्रम सं.14 दि.06-04-2026, क्रम सं.15 दि.07-04-2026, क्रम सं.16 & 17 दि.08-04-2026, क्रम सं.18 दि.13-04-2026

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना सं. 59/2026 दि.12-02-2026 निविदा सं. 56255393 निर्धारित तिथि 04-03-2026 संक्षिप्त कार्य विवरणः सिंगल सेक्शन डिजीटल एक्सल काउन्टर (एसएसडीएसी) फेज रिवर्सल टाइप को, मौजूदा के स्थान पर निर्धारित तिथि 16-03-2026 पढा जाना चाहिए।

उपरोक्त निविदाओं के अलावा रु.50 लाख से अधिक मूल्य की अन्य निविदाएं भी हैं।

अधिक जानकारी हेतु कृपया रेलवे वेबसाइट देखें।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सिकंदराबाद**


# महिला हॉकी के लिए भव्य तैयारियां : जितेंद्र रेड्डी

## हैदराबाद बनेगा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का केंद्र



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सरकार ने महिला हॉकी के विकास और इसे पुनः लोकप्रिय बनाने के लिए भव्य तैयारियां की हैं। राज्य के खेल सलाहकार जितेंद्र रेड्डी और खेल प्राधिकरण की प्रबंध निदेशक डॉ. सोनी बालादेवी ने प्रेस वार्ता में बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी क्वालीफाइग मैच गच्चीबावली स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं। जितेंद्र रेड्डी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल हॉकी को नई पहचान दिलाने और इसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यह अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आठ टीमों के कप्तानों ने भी हिस्सा लिया और उन्होंने आयोजनों और तैयारियों की प्रशंसा की। डॉ. सोनी बालादेवी ने बताया कि खेल विभाग के सहयोग से स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की गई हैं। लगभग दो महीनों की कड़ी मेहनत के बाद यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट गच्चीबोली में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिभागी कप्तानों ने कहा कि तैयारियां उत्कृष्ट हैं और उन्होंने राज्य सरकार के समर्थन और आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया। गच्चीबावली का एस्ट्रो टर्फ मैदान महिला हॉकी के लिए एक शानदार मंच साबित होगा। यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देगा, बल्कि महिला हॉकी के विकास और लोकप्रियता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महिला हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर में हॉकी टीमों की कप्तान इंडिया- सलीमा टेटे, ऑस्ट्रिया- जोहाना चेक, इटली- सारा पुग्लिसी, कोरिया- यूरी ली, स्कॉटलैंड- सारा रॉबर्टसन, उरुग्वे- मैनुएला विलर, वेल्स- एलिजाबेथ बिंगहैम, इंग्लैंड- लिली वॉकर और फ़्लोरा पील है।

# त्योहार में दिखाई गई ऊर्जा अपने कार्य में भी बनाए रखें : सीपी

## सिटी पुलिस ने धूमधाम से मनाया होली का त्योहार

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी पुलिस ने शहर सशस्त्र रिज़र्व (कार) मुख्यालय, पेटलाबुर्ज में होली का पर्व बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन पुलिसकर्मियों को मानसिक विश्राम और ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया, जो निरंतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, त्योहारों में सुरक्षा प्रबंधों और कठिन ड्यूटी में लगे रहते हैं। यह हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नरेट के इतिहास में पहली बार होली का ऐसा भव्य आयोजन था। इस अवसर पर हैदराबाद सिटी के पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके



परिवारों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कमिश्नर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के लिए मानसिक राहत का अवसर प्रदान करते हैं, जो त्योहारों के दौरान ड्यूटी और सुरक्षा जिम्मेदारियों के कारण अपने परिवार से दूर रहते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि त्योहार में दिखाई गई ऊर्जा और उत्साह को अपने कार्य में भी बनाए रखें और हैदराबाद सिटी पुलिस का मान बढ़ाएं। उन्होंने सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा दी। उत्सव का मुख्य आकर्षण था सहानुभूति और मिलनसारिता, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने पदानुक्रम भूलकर निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ रंग खेला और त्योहार की खुशी साझा की। सभी अधिकारी और कर्मचारी एक परिवार की तरह नाच-गान और परंपरागत संगीत में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम में जीवंत और खुशहाल माहौल बना।

इस अवसर पर श्वेता, (जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, नॉर्थ ज़ोन), डीसीपी किरण प्रभाकर, रक्षिता के. मूर्ति, शिल्पावली, चैतन्य कुमार, काजल, चंद्र मोहन, एस. श्रीनिवास, वेंकटेश्वरलु, लावण्या नाइक, के. वेंकट लक्ष्मी, ए. रमण रेड्डी और अरविंद बाबू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, सिद्दीपेट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र प्रमुख बी. श्रीनिवास एवं उप क्षेत्र प्रमुख वाई वीरा राघव ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्नेहा साव ने किया।


**पूर्व तट रेलवे**

नीलामी कैटलॉग नं.: CAT-ADVTD-020

(1) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131662-3-24-1 (Advertising-Train Interior)

विवरण : ट्रेन लिंक नं. 12805/12806 विशाखापट्टनम-लिंगमपल्ली-विशाखापट्टनम जन्मभूमि सुपर फास्ट एक्सप्रेस में 02 रेक के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(2) लॉट नं./वर्ग: ADVT-WAT-VSKP-OSN-240-25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital))

विवरण : वाल्टियर मण्डल में ATVM'S के पैनल में विज्ञापन के लिए स्थान प्रदान। 3 वर्ष की अवधि के लिए कुल 54 ATVM'S एवं कुल 703 वर्ग फुट विज्ञापन के लिए स्थान है।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.03.2026 को 1100 बजे (सभी क्रम सं. हेतु)।

लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.03.2026 को 1130 बजे (क्रम सं. 1 हेतु), 1140 बजे (क्रम सं. 2 हेतु)।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-1203/Q/25-26



**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-Central-WAT-05-2026
दिनांक : 03.03.2026

कार्य का नाम : एजेन्सी (केवल RDSO अनुमोदित फर्म) द्वारा 5 वर्षों के लिए वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/सेन्ट्रल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन में कर्व पर 315 ट्रैक माउन्टेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर्स (इलेक्ट्रोनिक टाइप) की आपूर्ति, संस्थापन, शुरुआत एवं रख-रखाव।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 40,83,86,550.60, EMD : ₹ 21,91,900/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹ 11,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 60 (साठ) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 27.03.2026 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र को ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-1200/Q/25-26


# ईरान ने कहा-पड़ोसी देशों को तब तक निशाना बनाने का इरादा नहीं

तेहरान, 7 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। हालांकि अपने बयान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने क्षेत्रीय देशों पर हुए हमलों को लेकर खेद भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाल में खाड़ी के कुछ देशों पर हुए हमले गलतफहमी के कारण हुए और तेहरान आगे ऐसी घटनाओं को रोकने की कोशिश करेगा। जब तक कि उन देशों की जमीन से ईरान पर कोई हमला न किया जाए।

## कतर में फंसे भारतीयों से दूतावास ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। ईरान जंग के बीच कतर में भारतीय दूतावास ने वहां फंसे भारतीयों से जानकारी मांगी है। दूतावास ने एक गूगल फॉर्म जारी किया है और कतर में फंसे भारतीयों से इसे भरने का आग्रह किया है ताकि संकट में कुल भारतीयों की संख्या पता चल सके। हालांकि सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म एक्स पर कई यूजर ने शिकायत की है कि यह गूगल फॉर्म खुल नहीं रहा है।

कई यूजर ने लिखा कि न यह फॉर्म खुल रहा है और डाउनलोड हो रहा है जिससे कि वे अपनी जानकारी साझा कर सकें। भारतीय दूतावास ने कहा कि जो भारतीय नागरिक अभी कतर से 28 फरवरी से 7 मार्च 2026 के बीच फ्लाइट्स कैंसिल होने की वजह से टूरिस्ट/शॉर्ट टर्म विजिटर (हय्या एआई वीजा वाले) के तौर पर कतर में फंसे हुए हैं, वे यहां दिए गए लिंक पर अपनी डिटेल्स भरें। भारतीय दूतावास ने कहा कि कृपया ध्यान दें कि यह सिर्फ उन फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सही संख्या और डिटेल्स पता करने के लिए है जो कतर के रहने वाले नहीं हैं।


**निविदा सं. जीटीएल-इएम-79-2025-26 दि.06-03-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुन्टकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** जीटीएल-इएम-79-2025-26, कार्य विवरणः-गुंटकल डिवीजन-1. ढोनेः रसोई, भोजन व मनोरंजन सुविधाएं आदि सहित प्रस्तावित 24 बिस्तरों की क्षमतायुक्त टीटीइज रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य। 2. मंत्रालयम रोडः फर्नीचर व शौचालयों आदि सहित आरपीएफ आउट पोस्ट मंत्रालयम हेतु नये आफिस बिल्डिंग का निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं।

**अनुमानित मूल्य रु. 54,41,268.52**

बंद करने की तिथि व समयः 30-03-2026 के 15.00 बजे

निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डींग तथा अन्य जानकारी हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकार, निविदा दस्तावेज को http://www.ireps.gov.in से मुफ्त मे डाउनलोड कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुन्टकल**

**निविदा सं. जीटीएल-इएम-82-2025-26 दि.06-03-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुन्टकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** जीटीएल-इएम-82-2025-26 कार्य विवरणः गुन्टकल डिवीजनः 1. एयरकण्डीशनींग सहित सभी विनिर्देशित सुविधाओं को प्रदान करते हुए ढोने पर क्रू बुकिंग लाबी बिल्डिंग के उन्नयन हेतु बिजली व्यवस्थाओं का प्रावधान। 2. एसआर. डीइएन/मध्य क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/डीएचएनइ सब-डिवीजन में डीएचएनइ, बीएमएच & पीडीएल स्टेशनों पर कालोनियों (क्वार्टर्स/वाटर पाइप लाइन/ड्रैनेज/सडकें, पार्क आदि) का सुधार कार्य।

**अनुमानित मूल्य रु.54,25,332.76**

बंद करने की तिथि व समयः 30-03-2026 के 15.00 बजे

निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डींग तथा अन्य जानकारी हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकार, निविदा दस्तावेज को http://www.ireps.gov.in से मुफ्त मे डाउनलोड कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुन्टकल**

A2611

**निविदा नियम शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्वाभिमान परियोजना' की शुरुआत



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। एई फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'स्वाभिमान परियोजना' केंद्र की शुरुआत की।

इस केंद्र का उद्घाटन फलकनुमा के आरएनबी कॉलोनी स्थित बंजारा कल्याण सामुदायिक भवन में किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत हैदराबाद के नेशन इंस्टीट्यट आफ फौशन डिजाइनिंग (एनआईएफएस) के विद्यार्थी स्थानीय महिलाओं को उन्नत सिलाई और दर्जी कार्य की तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। केंद्र में सिलाई मशीनें भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिन्हें समाजसेवियों और सहयोगियों व्यवसायी गोपाल चौधरी और अजय कुमार शुक्ल द्वारा दान किया गया है। यह केंद्र महिलाओं के लिए कौशल विकास और आजीविका के अवसर प्रदान करने वाला स्थायी प्रशिक्षण स्थल बनेगा। कार्यक्रम में संगीता मिशा(संस्थापक निदेशक, संस्था), बंडलगुड़ा राजस्व विभाग के प्रवीण और मोहन, फलकनुमा पुलिस निरीक्षक जंगैया, अपराध निरीक्षक जाकिर हुसैन तथा उपनिरीक्षक राजेश्वर रेड्डी सहित कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नायक नगर कॉलोनी समिति के नेता शंकर नायक, कृष्णा नायक, श्रीनु नायक, दिनेश और अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संस्था ने भविष्य में 'स्वाभिमान परियोजना' के अंतर्गत और भी केंद्र स्थापित कर अधिक से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया।


**पूर्व तट रेलवे**

(1) नीलामी कैटलॉग नं. CAT-Premium-01

(A) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-DVD-PS-108-26-1 (Misc-Static-Services-Premium Stores)

विवरण : दुव्वाडा (DVD) रेलवे स्टेशन पर 8*7 मीटर क्षेत्र के साथ स्टॉल नं. 2 पर शीघ्र प्रस्तुत होने वाले खाद्य पदार्थ या फास्ट फूड आउटलेट (उदाहरणः पिज्जा, बर्गर, फ्राइड चिकन, नूडल्स आदि) के लिए प्रीमियम ब्रांड केटरिंग आउटलेट की संस्थापन एवं परिचालन।

(B) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-DVD-PS-110-26-1 (Misc-Static-Services-Premium Stores)

विवरण : दुव्वाडा (DVD) रेलवे स्टेशन पर 8*7 मीटर क्षेत्र के साथ स्टॉल नं. 3 पर ब्रेकफास्ट/टिफिन आउटलेट के लिए प्रीमियम केटरिंग ब्रांड की संस्थापन एवं परिचालन।

(C) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-DVD-PS-106-26-1 (Misc-Static-Services-Premium Stores)

विवरण : दुव्वाडा (DVD) रेलवे स्टेशन पर 8*7 मीटर क्षेत्र के साथ स्टॉल नं. 1 पर आइस क्रीम एवं पेय के लिए प्रीमियम ब्रांड केटरिंग आउटलेट की संस्थापन एवं परिचालन।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2026 को 1100 बजे (सभी क्रम सं. हेतु)।

लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2026 को 1130 बजे (क्रम सं. 1 हेतु), 1140 बजे (क्रम सं. 2 हेतु) एवं 1150 बजे (क्रम सं. 3 हेतु)।

(2) नीलामी कैटलॉग नं.: CAT-PnU-00060

लॉट नं./वर्ग: PnU-WAT-DVD-WRL-77-25-1 (Pay and Use-Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms)

विवरण : आधुनिक सुविधा, सावन के साथ AC प्रतीक्षालय का उन्नयन, रख-रखाव एवं परिचालन, उदाहरण : 384.81 वर्गफुट क्षेत्र के साथ दुव्वाडा (DVD) स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 पर पर्यटक कियोस्क।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.03.2026 को 1100 बजे, लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.03.2026 को 1130 बजे।

(3) नीलामी कैटलॉग नं.: WAT-SL-Pod-05

लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-SCM-SIPod-100-26-1 (Misc-Static-Services-Sleeping pods at station)

विवरण : सिम्हाचलम रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड्स (Sleeping Pods) का संस्थापन, परिचालन एवं रख-रखाव।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.03.2026 को 1100 बजे, लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.03.2026 को 1130 बजे।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-1190/Q/25-26


# ईसीआईएल में कौशल-विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ



हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) में इंजीनियरिंग अप्रेंटिस कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग-शाखाओं के चयनित प्रशिक्षुओं को अनुसंधान एवं विकास संबंधी प्रौद्योगिकी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।

कॉरपोरेट प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र के प्रबंधक एवं प्रभारी डॉ. राजनारायण अवस्थी ने प्रशिक्षुओं को दशकों में प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों के साथ-साथ प्रमुख प्रौद्योगिकियों जैसे नियंत्रण, स्वचालन एवं स्काडा प्रणाली, विकिरण संसूचक एवं उपकरणीकरण, एंटेना एवं सैटकॉम प्रणाली, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली, स्ट्रैटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मिसाइल सपोर्ट प्रणाली आदि के बारे में पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान ईसीआईएल के विभिन्न प्रभागों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आर. स्वामी, सहायक अधीक्षक, सीएलडीसी का विशेष सहयोग रहा।

# सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक पार्कों को साफ-सुथरा रखा जाए : प्रियंका आला

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने 99 दिनों के भीतर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट सुधार लाने का लक्ष्य तय किया है। जीएचएमसी मुख्यालय में शनिवार शाम आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त आयुक्त (राजस्व एवं स्वास्थ्य) प्रियंका आला ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें 'प्रजा पालन-प्रगति प्रणाली' के तहत इस पहल को चुनौती के रूप में लेना चाहिए। प्रियंका आला ने विभागीय प्रमुखों, उप आयुक्तों और अभियंता कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छता, पार्क विकास, तालाब सफाई, सड़क रखरखाव, स्व-सहायता समूहों को मजबूत करना, नगर नियोजन, संपत्ति कर संग्रह, चौराहा विकास, अभियंत्रण कार्य और सड़क सुरक्षा उपायों में स्पष्ट और मापनीय सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर दिया कि सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक पार्कों को साफ-सुथरा रखा जाए और कचरा न फैलने दिया जाए। लंबित फिजिकल और ई-फाइलें बिना विलंब निपटाई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि 99-दिन के कार्यक्रम के दौरान अधिकारी केवल आपात स्थिति में ही अवकाश ले सकेंगे। यह बैठक जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों में अतिरिक्त आयुक्त मंडा मकरंद, सत्यनारायण, रवि किरण, चंद्रकला, ज़ोनल आयुक्त जी. मुकुंद रेड्डी, श्रीनिवास रेड्डी, मंगतायारू, मुख्य अभियंता ज्योतिरमयी सहित विभागीय प्रमुख और उप आयुक्त शामिल हुए।


स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# भारत-न्यूजीलैंड जहां साउथ अफ्रीका से हारे, वहीं वर्ल्डकप फाइनल खेलेंगे

## इकोनॉमी, रन-रेट में दोनों बराबर; पावरप्ले में कीवी, मिडिल ओवर्स में इंडिया आगे

अहमदाबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी को 20 टीमों के बीच शुरू हुआ। 5 मार्च तक 2 फाइनलिस्ट टीमें मिल गईं, जिनके बीच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता और भारत ने मुंबई में सेमीफाइनल जीता।

दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी। भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है।










**भारत को इकलौती हार सुपर-8 स्टेज में मिली**

मेजबान भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ मैच से की। पावरप्ले में 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने फिर नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ आसान मुकाबले जीते।

सुपर-8 स्टेज में होम टीम का पहला मैच साउथ अफ्रीका से अहमदाबाद में हुआ। पावरप्ले में विकेट गिरने के बावजूद प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। भारत 111 ही बना सका। इस हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बनाकर कमबैक किया। टीम ने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन चेज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने 253 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर भी जीत के लिए काफी नहीं लग रहा था। इंग्लैंड के युवा बैटर जैकब बेथेल ने शतक लगाया और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि, भारत ने 7 रन के करीबी अंतर से हाई-स्कोरिंग मैच जीता और फाइनल में एंट्री कर ली।

**हर स्टेज में 1-1 मैच हारा न्यूजीलैंड**

न्यूजीलैंड ने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान को हराकर टूर्नामेंट शुरू किया। टीम ने फिर UAE को 10 विकेट से हरा दिया। चेन्नई में दोनों मैच खेलने के बाद टीम अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से भिड़ने चली गई। जहां प्रोटियाज टीम ने 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड ने फिर चेन्नई में कनाडा को हराया और सुपर-8 में एंट्री कर ली।

सेकेंड राउंड में न्यूजीलैंड का पाकिस्तान के खिलाफ पहला ही मैच बारिश के कारण बेनतीजा हो गया। टीम फिर कोलंबो में होम टीम श्रीलंका के खिलाफ स्ट्रगल कर रही थी। पावरप्ले और मिडिल ओवर्स में खराब प्रदर्शन के बाद डेथ ओवर्स में 70 रन बनाकर टीम ने 168 रन बना दिए। श्रीलंका 107 रन ही बना सका। होम टीम को हराने के बाद टीम इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी सुपर-8 मैच हार गई।

सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम श्रीलंका पर डिपेंड हो गई। श्रीलंका ने अपने आखिरी मैच में पाकिस्तान को 7 रन से हराया और बेहतर रन रेट के कारण न्यूजीलैंड ने क्वालिफाई कर लिया। सेमीफाइनल में टीम ने साउथ अफ्रीका के 170 रन का टारगेट 12.5 ओवर में ही चेज कर लिया।

**स्ट्राइक रेट में आगे न्यूजीलैंड**

न्यूजीलैंड ने दोनों मेजबान देशों में अपने मैच खेले। भारत के मुकाबले श्रीलंका में रन बनाना मुश्किल होता है, इसके बावजूद कीवी टीम ने भारत से बेहतर रन रेट और स्ट्राइक रेट से स्कोर किया। कीवी टीम का बैटिंग औसत भी भारत के 27.31 के मुकाबले 41.68 रहा। न्यूजीलैंड के 2 ही बैटर्स खाता नहीं खोल सके, जबकि भारत के बैटर्स 11 बार टूर्नामेंट में खाता नहीं खोल पाए।

टीम इंडिया ने बाउंड्री लगाने में जरूर न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ दिया। भारत ने 88 छक्के और 128 चौके लगाए। कीवी टीम 57 सिक्स और 109 चौके ही लगा पाई। भारत ने टूर्नामेंट में 3 बार 200 प्लस का स्कोर भी बनाया, जबकि कीवी टीम का बेस्ट स्कोर 183 रन ही है। हालांकि, ये स्कोर भी रन चेज में आया था।

**न्यूजीलैंड के स्पिनर्स भारत से बेहतर**

न्यूजीलैंड ने 7 पारियां खेलीं, इनमें टीम को 41 विकेट मिले। 18 स्पिनर्स और बाकी पेसर्स ने लिए। दूसरी ओर टीम इंडिया ने 8 पारियों में 59 विकेट लिए। 23 स्पिनर्स और बाकी पेसर्स को मिले। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स ने 7.5 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, जबकि भारत के स्पिनर्स ने 8.3 की इकोनॉमी से रन लुटाए। ओवरऑल इकोनॉमी में भी न्यूजीलैंड ने भारत से बेहतर परफॉर्म किया।

**मिडिल ओवर्स में स्ट्रॉन्ग है टीम इंडिया**

अलग-अलग फेज में बैटिंग देखें तो टीम इंडिया ने पावरप्ले में औसतन 58 रन बनाने में 2 विकेट गंवाए हैं। हालांकि, टीम 2 बार 80 प्लस भी बना चुकी है, लेकिन ये स्कोर नामीबिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ रहे।

7 से 16 ओवर के बीच भारत जरूर स्ट्रॉन्ग रहा, टीम ने औसतन 93 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 123 रन टीम का बेस्ट स्कोर रहा। डेथ ओवर्स में टीम इंडिया कमजोर रही। आखिर के 4 ओवर्स में औसत स्कोर 44 रन ही रहा। टीम 3 बार ही 60 प्लस रन बना सकी और एक बार भी 70 का स्कोर पार नहीं कर पाई।

**न्यूजीलैंड पावरप्ले में बहुत स्ट्रॉन्ग**

न्यूजीलैंड को फिन एलन और टिम साइफर्ट की ओपनिंग जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। टारगेट का पीछा करते हुए अक्सर दोनों प्लेयर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और मिडिल ओवर्स में ही मैच खत्म कर दिया। शुरुआती 6 ओवर में टीम ने औसतन 62 रन बनाने में 1 विकेट गंवाया। 84 रन टीम का बेस्ट स्कोर रहा, जो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में बनाया।

मिडिल ओवर्स में न्यूजीलैंड ने विकेट जरूर औसतन 2 ही गंवाए, लेकिन टीम का औसत स्कोर भी 89 तक ही पहुंच सका। हालांकि, टीम कनाडा के खिलाफ इस फेज में 116 रन बना चुकी है। डेथ ओवर्स में न्यूजीलैंड की हालत भारत से भी कमजोर है, टीम का औसत स्कोर 39 रन ही रहा। हालांकि, टीम को 4 बार ही आखिरी 4 ओवर में बैटिंग का मिला, ज्यादातर मौकों पर मैच 16वें ओवर से पहले ही खत्म हो गया।

**वरुण को 13 विकेट, बुमराह की इकोनॉमी कमाल**

गेंदबाजी में भारत के लिए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 8 मैचों में 13 विकेट ले चुके हैं। एक और विकेट लेते ही वे टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बन जाएंगे। वरुण ने ग्रुप स्टेज के 4 मैचों में 9 विकेट लिए, लेकिन बाद के 4 मुकाबलों में वे 4 विकेट ही ले सके। उनकी इकोनॉमी भी बेहद खराब रही। सेमीफाइनल में तो वरुण ने 4 ही ओवर में 64 रन खर्च कर दिए।

जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने जरूर अपनी इकोनॉमिकल बॉलिंग से टीम को संभाले रखा। बुमराह ने महज 6.62 की इकोनॉमी से 10 विकेट झटक लिए। वहीं हार्दिक ने 9 से कम की इकोनॉमी से 8 विकेट अपने नाम किए।

**एलन-साइफर्ट में टॉप स्कोरर बनने की जंग**

न्यूजीलैंड के दोनों ओपनर फिन एलन और टिम साइफर्ट टूर्नामेंट में छाए रहे। एलन ने सेमीफाइनल में 33 गेंद पर सेंचुरी लगाई, वे 289 रन बनाकर टूर्नामेंट के तीसरे टॉप स्कोरर हैं। 95 रन बनाकर वे टॉप स्कोरर भी बन सकते हैं। दूसरी ओर साइफर्ट 3 फिफ्टी लगाकर 274 रन बना चुके हैं।

**रचिन की इकोनॉमी बुमराह के बराबर**

ऑलराउंडर रचिन रवींद्र ने बैटिंग से ज्यादा काम स्पिन गेंदबाजी में किया है। उन्होंने 8 मैचों में महज 6.88 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 11 विकेट झटक लिए। सेमीफाइनल में 2 अहम विकेट लेने वाले मैट हेनरी के नाम भी 9 विकेट हैं। मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन ने भी दोनों बॉलर्स का बखूबी साथ दिया है।

भारत की स्ट्रेंथ और वीकनेस

स्ट्रेंथः गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह, वहीं बैटिंग में संजू सैमसन और ईशान किशन गेमचेंजर साबित हुए। तीनों प्लेयर्स ने उन पोजिशन पर परफॉर्म किया, जहां बाकी सब फ्लॉप रहे। इनके अलावा हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम की स्ट्रेंथ बढ़ा रहे हैं।

वीकनेसः वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह बहुत महंगे साबित हो रहे हैं, जिस कारण टीम को एक बॉलर की कमी महसूस हो रही है। अभिषेक शर्मा और सूर्या एक फिफ्टी लगाने के अलावा परफॉर्म ही नहीं कर पाए, दोनों का स्ट्राइक रेट भी बहुत खराब है।

न्यूजीलैंड की स्ट्रेंथ और वीकनेस

स्ट्रेंथः एलन और साइफर्ट की ओपनिंग जोड़ी ने न्यूजीलैंड के बाकी बैटर्स पर दबाव ही नहीं बनने दिया। हेनरी नई गेंद से दबाव बनाते हैं, वहीं फर्ग्यूसन मिडिल और डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं देते। सैंटनर, नीशम और मैकॉन्ची बैटिंग में अच्छा फिनिश दे रहे हैं।

वीकनेसः मिडिल ऑर्डर कमजोर नजर आया, एलन-साइफर्ट और फिलिप्स के बाद डेरिल मिचेल, मार्क चापमान और रचिन बैटिंग में स्कोरिंग रेट को मैंटेन नहीं कर पाए। टीम ने टूर्नामेंट में एक भी 200 प्लस स्कोर नहीं बनाया है।

# सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बन सकते हैं

## आईसीसी ने 8 खिलाड़ियों के साथ शॉर्टलिस्ट किया; न्यूजीलैंड के 2 प्लेयर्स शामिल

अहमदाबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 अपने आखिरी पड़ाव पर है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खिताबी जंग होनी है। फाइनल से पहले ही ICC ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए 8 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है।

आईसीसी के नोमिनेशन में भारत के संजू सैमसन का भी नाम है। जिन्होंने टूर्नामेंट में महज 4 मैच खेले, लेकिन 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से 232 रन बना दिए। वे भारत के पिछले दोनों मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

**प्लेइंग-11 में मौका तक नहीं मिल रहा था**

टी-20 वर्ल्ड कप जब शुरू हुआ तो भारत की प्लेइंग-11 में संजू सैमसन का नाम नहीं था। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ओपनिंग करने उतरे, वहीं तिलक वर्मा को नंबर-3 पर चांस मिला। नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले अभिषेक बीमार हो गए, उनकी जगह संजू शामिल हुए। सैमसन 8 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट हो गए।

अभिषेक जब फिट होकर आए तो सैमसन को बाहर कर दिया गया। पाकिस्तान, नीदरलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सैमसन बेंच पर ही रहे। सुपर-8 स्टेज में भारत ने अपना पहला मैच गंवा भी दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ मैनेजमेंट ने रिंकू सिंह की जगह सैमसन को मौका दिया और संजू से ही ओपनिंग भी कराई।

सैमसन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी मैच में 24 रन बनाए। वेस्टइंडीज के सामने अगला मैच नॉकआउट की तरह था, सैमसन ने यहां 97 रन की नॉटआउट पारी खेली और भारत को 197 रन का टारगेट चेज करवाया। संजू ने फिर सेमीफाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। वे 4 ही मैचों में 16 छक्के लगा चुके हैं।




**पाकिस्तान के साहिबजादा भी रेस**

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान का नाम भी है। उन्होंने 2 शतक लगाकर 383 रन बनाए। यह एक टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भी प्लेयर्स से बनाए गए सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड है। हालांकि, उन्हें टीम के बाकी प्लेयर्स का साथ नहीं मिला और टीम नॉकआउट राउंड में एंट्री नहीं कर सकी।

**रेस में शामिल बाकी 6 प्लेयर्स की परफॉर्मेंस**

विल जैक्स, इंग्लैंडः 226 रन और 9 विकेट लेकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन।

लुंगी एनगिडी, साउथ अफ्रीकाः 12 विकेट लेकर अफ्रीकी टीम के सबसे सफल गेंदबाज।

ऐडन मार्करम, साउथ अफ्रीकाः कप्तानी पारी खेलते हुए 286 रन बनाए।

रचिन रवींद्र, न्यूजीलैंडः 128 रन और 11 विकेट लिए, कीवी टीम की रीढ़ बने।

टिम साइफर्ट, न्यूजीलैंडः 274 रन बनाकर न्यूजीलैंड को फाइनल तक पहुंचाया। 3 फिफ्टी, 2 बार प्लेयर ऑफ द मैच बने।

शेडली वान शाल्कविक, अमेरिकाः ग्रुप स्टेज के 4 ही मैच में 13 विकेट लिए, टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर हैं।

विल जैक्स ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल तक पहुंचाया, लेकिन टीम भारत से हार गई। जैक्स टूर्नामेंट में 4 बार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

विल जैक्स ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल तक पहुंचाया, लेकिन टीम भारत से हार गई। जैक्स टूर्नामेंट में 4 बार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

**वोटिंग शुरू, एक्सपर्ट भी तय करेंगे विजेता**

आईसीसी ने 8 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर उनकी वोटिंग शुरू कर दी है। फैंस आईसीसी की वेबसाइट पर जाकर अपने फेवरेट प्लेयर को वोट दे सकते हैं। फैंस वोटिंग के अलावा आईसीसी पैनल में शामिल क्रिकेट एक्सपर्ट्स और कॉमेंटेटर के वोट के आधार पर तय होगा कि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कौन बनेगा। रिजल्ट फाइनल मुकाबले के बाद बताया जाएगा।

## 'तुम सिर्फ फील्डिंग के नाम पर खेले'

# फाइनल से पहले आमिर और मोहम्मद कैफ के बीच हुई जुबानी जंग

खेल डेस्क, 7 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से भारतीय टीम पर नजर बनाए हुए हैं और अपनी भविष्यवाणी कर रहे हैं. आमिर ने पहले ही कहा था कि भारत सेमीफाइनस नहीं खेलेगी. हालांकि अब भारतीय टीम फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भिड़ने वाली है. फाइनल से पहले मोहम्मद आमिर और मोहम्मद कैफ के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है. आमिर ने कैफ पर कटाक्ष किया है.



मोहम्मद आमिर ने कैफ पर कटाक्ष करते हुए कहा "मैंने सुना है कि आप सिर्फ अपनी फील्डिंग की वजह से क्रिकेट खेलते हैं. आप एक क्रिकेटर हैं; इस तरह के बयान आपको शोभा नहीं देते. मैंने सिर्फ फील्डिंग के दम पर क्रिकेट नहीं खेला. मैंने प्रदर्शन करने के बाद क्रिकेट खेला. आप दादा (सौरव गांगुली) को धन्यवाद बोलिए. मुझे भारत के बारे में बात करके ध्यान आकर्षित करने की जरूरत नहीं है. श्री कैफ, मैंने 350 टी20 मैच खेले हैं, आप मेरे आंकड़े देख सकते हैं."

आमिर के बयान के बाद मोहम्मद कैफ ने पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज की जमकर बेइज्जती की. उन्होंने कहा "2024 में अमेरिका के खिलाफ जो हार उन्हें मिली थी, उसके लिए वही गेंदबाज जिम्मेदार था. उस ओवर में उन्होंने सिर्फ एक चौका दिया, लेकिन बहुत सारी वाइड गेंदें फेंकीं. उनकी गेंदें स्टंप्स पर भी नहीं गिरीं. उस अमेरिकी टीम के सामने कौन डर गया और अपनी टीम को मैच हरवा दिया? मुझे और कुछ कहने की जरूरत नहीं है. हम उन पर ध्यान क्यों दे रहे हैं? खेल में देश बहुत पीछे है – उनके पास न खिलाड़ी हैं, न कोई मजबूत कप्तान, न कोई मजबूत गेंदबाज, कुछ भी नहीं. उन्हें उनके हाल पर छोड़ दें. हमें उनकी हर बात का जवाब देने की जरूरत नहीं है. वे हमारे स्तर तक नहीं आ सकते."

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे

## 2 ग्रैमी अवॉर्ड जीते; अहमदाबाद में फाइनल से पहले टीम इंडिया ने होटल बदला

अहमदाबाद, 7 मार्च (एजेंसियां)। इंटरनेशनल पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन, पंजाबी पॉप सिंगर सुखवीर और फाल्गुनी पाठक टी-20 वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। यह परफॉर्मेंस भारत और न्यूजीलैंड के बीच 8 मार्च को फाइनल से पहले होगी। फाइनल मैच अहमदाबाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। ICC ने एक सोशल पोस्ट में बताया कि मार्टिन की लाइव परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होगी।




ICC ने X पोस्ट में लिखा- 'हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि ग्लोबल आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन ICC मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले होने वाली क्लोजिंग सेरेमनी के हेडलाइन परफॉर्मर होंगे। यह एक ऐसा शानदार जश्न होगा, जिसे आप बिल्कुल मिस नहीं करना चाहेंगे।'

जनरल हॉस्पिटल में काम कर चुके हैं मार्टिन

रिकी मार्टिन 'लिविन' ला विडा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। सिंगिंग के साथ-साथ रिकी मार्टिन टीवी और लाइव स्टेज शो भी करते हैं। उन्होंने 1994–95 में टीवी शो 'जनरल हॉस्पिटल' में काम किया था।

टीम इंडिया ने होटल बदला

भारतीय टीम से जुड़े एक सदस्य हर उस शहर में धार्मिक स्थल पर जाकर आशीर्वाद ले रहे हैं। जहां टीम मैच खेल रही है। इसी क्रम में अहमदाबाद में भी टीम का होटल बदल दिया गया है। पिछले दो बड़े मुकाबलों में इसी शहर के पहले वाले होटल में ठहरने के दौरान टीम को हार का सामना करना पड़ा था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल और इस साल सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच। ऐसे में टीम प्रबंधन इस बार किसी तरह की कमी नहीं छोड़ना चाहता।

लाल मिट्टी की पिच पर हो सकता है फाइनल

फाइनल में किस तरह की पिच होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रेड सॉइल, ब्लैक सॉइल और मिक्स पिच उपलब्ध हैं। करीब दो हफ्ते पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्लैक सॉइल पिच पर हार के बाद टीम प्रबंधन रेड सॉइल पिच पर खेलने का विकल्प चुन सकता है। स्टेडियम में अभी भी अंतिम पिच को लेकर निरीक्षण जारी है।

फैंस के लिए स्पेशल ट्रेन

फाइनल देखने अहमदाबाद पहुंचने वाले फैंस की भारी भीड़ को देखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने मुंबई से अहमदाबाद के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। हवाई किराए में बढ़ोतरी के बीच यह ट्रेन फैंस के लिए सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प

# गुकेश ने गुईजारो पर जीत से सूखा खत्म किया

प्राग, 7 मार्च (एजेंसियां)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराकर जीत का सूखा खत्म किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा को हराकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर समापन किया। टूर्नामेंट में पहले लगातार ड्रॉ और तीन हार के बाद गुकेश ने आखिरकार जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव (छह अंक) ने अमेरिका के हैंस मोके नीमन के खिलाफ सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ के बाद टूर्नामेंट जीत लिया। इससे पहले उन्होंने फरवरी में टाटा स्टील मास्टर्स जीता था। उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां बिना हारे तीन जीत और छह ड्रॉ हासिल किए। ईरान के परहम मघसूदलू, हॉलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट और अरविंद ने पांच अंक से संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया। नवारा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक याकूबोव 4.5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। ये जर्मनी के विंसेंट कीमर और नीमन से आधा अंक आगे थे।

# खराब फॉर्म से परेशान अभिषेक शर्मा को मिला कपिल देव से 'गुरुमंत्र'

मुंबई, 7 मार्च (एजेंसियां)। भारत के लेजेंड क्रिकेटर कपिल देव ने स्ट्रगल कर रहे ओपनर अभिषेक शर्मा का सपोर्ट किया और कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप फाइनल से पहले इस युवा खिलाड़ी को अपनी काबिलियत पर भरोसा करना चाहिए. कपिल ने कहा कि ओपनर के अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद भारतीय टीम मैनेजमेंट को अभिषेक पर भरोसा दिखाना जारी रखना चाहिए.

डिफेंडिंग चैंपियन भारत रविवार 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा. अभिषेक ने इस कॉम्पिटिशन में, जिम्बाब्वे की नेटीम के खिलाफ



सिर्फ एक हाफ-सेंचुरी बनाई है, और उनके इनकंसिस्टेंट रिटर्न ने उन्हें एक संभावित कमजोर कड़ी बना दिया है.हालांकि कपिल का मानना है कि कॉन्फिडेंस और टीम मैनेजमेंट का सपोर्ट इस युवा खिलाड़ी को अपना फॉर्म फिर से पाने में मदद कर सकता है.

कपिल ने कहा, 'बस अपनी टीम पर भरोसा करें और मैनेजमेंट को खिलाड़ी पर भरोसा करना चाहिए. और अभिषेक को खुद पर भरोसा करना चाहिए कि 'मैं परफॉर्म कर सकता हूँ और मैं परफॉर्म करूंगा'. अभी एक गेम बाकी है – फाइनल.' वानखेड़े स्टेडियम में एक रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर भारत ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली.

# महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने 'स्टैंड विद हर' अभियान का शुभारंभ किया




हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि राज्य सरकार तेलंगाना को महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के मामले में देश का आदर्श राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शनिवार को 'स्टैंड विद हर' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हर युवा को महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य में एक प्रतिनिधि के रूप में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल घर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। मुख्यमंत्री ने हाल के समय में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सामाजिक माध्यमों के बढ़ते उपयोग के कारण इस तरह के अपराधों में वृद्धि हुई है। केवल कानून बनाना या पुलिस व्यवस्था मजबूत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को महिलाओं की सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी मानना होगा।ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि समाज में हर महिला को वही सम्मान मिलना चाहिए जो हम अपने परिवार की महिलाओं को देते हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और कई महिला नेताओं को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं। राशन कार्ड और इंदिरम्मा आवास महिलाओं के नाम पर दिए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराए गए हैं और शिल्पारम में उनके लिए दुकानों का परिसर भी आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है ताकि भविष्य में महिलाएँ बड़े उद्योग समूहों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए राज्य परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। इसके अलावा महिलाओं के समूहों को एक हजार बसों के स्वामित्व के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और उनके लिए पेट्रोल पंप भी स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि महिलाओं की संघर्ष भावना को सम्मान देने के लिए महिला विश्वविद्यालय का नाम वीर नारी चकली ऐलम्मा के नाम पर रखा गया है।

## रोजगार विभाग ने आधुनिक तकनीकी केंद्र स्थापित किए : विवेक

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के तेलंगाना के श्रम, रोजगार और खनन मंत्री जी. विवेक वेंकटस्वामी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में राज्य सरकार अर्थव्यवस्था को अगले कुछ वर्षों में तीन लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए उद्योग जगत और हितधारकों के साथ निरंतर सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नई औद्योगिक संभावनाओं के लिए तैयार करने हेतु कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार विभाग ने आधुनिक तकनीकी केंद्र स्थापित किए हैं, जहां युवाओं को उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश लगातार बढ़ रहा है और आने वाले समय में अनेक नई उद्योग इकाइयाँ स्थापित होने की संभावना है। मंत्री ने उद्योगों से आग्रह किया कि वे सुरक्षा मानकों और श्रम संबंधी नियमों का पालन करें।

# आंध्र प्रदेश में गूगल का 15 अरब डॉलर निवेश

## अमरावती बनेगी 'क्वांटम वैली': चंद्रबाबू नायडू

नई दिल्ली- अमरावती, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को रायसीना डायलॉग 2026 में कहा कि आंध्र प्रदेश उन्नत तकनीकों, खासकर क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, अब कई बड़े काम हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश में पहली बार गूगल 15 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है। यहां एक गीगावाट क्षमता वाला डाटा सेंटर और एआई से जुड़ी परियोजनाएं बनेंगी। आर्थिक सुधारों के बाद यह हाल के वर्षों का सबसे बड़ा निवेश है।

सीएम नायडू ने राज्य में क्वांटम तकनीक पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हम अब क्वांटम कंप्यूटर स्थापित कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश में क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत हो रही है और भविष्य में इससे कई बड़े बदलाव आएंगे।

उन्होंने वैश्विक टेक हब से तुलना करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया सिलिकॉन वैली की बात



करती है, जो कैलिफोर्निया, यूनाइटेड स्टेट्स में है लेकिन भविष्य में लोग भारत की 'क्वांटम वैली' की बात करेंगे और वह अमरावती से होगी, जो मेरे राज्य में है।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना शुरू हो चुकी है और जल्द ही पूरी तरह काम करना शुरू कर देगी। क्वांटम कंप्यूटर स्थापित किया जा चुका है और हम इसे शुरू करने जा रहे हैं। साल के अंत तक इसका संचालन शुरू हो जाएगा। आगे चलकर हम क्वांटम कंप्यूटर का निर्माण करेंगे और दुनिया के अन्य देशों को भी सप्लाई करेंगे।

इस कार्यक्रम में चंद्रबाबू नायडू ने दुनिया में भारतीयों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय दुनिया के सबसे अच्छे डिप्लोमैट माने जा सकते हैं, क्योंकि वे जहां भी रहते और काम करते हैं, वहां के समाज में आसानी से घुल-मिल जाते हैं।

सीएम नायडू ने कहा कि पहले आंध्र प्रदेश से लोगों का प्रवास मुख्य रूप से यूनाइटेड स्टेट्स और कुछ अन्य देशों तक ही सीमित था, लेकिन अब तेलुगु समुदाय और भारतीय कई देशों में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीयों ने दुनिया में एक ऐसी पहचान बनाई है कि वे आसानी से ढलने वाले, मिलनसार और वैश्विक समुदाय के हित में काम करने वाले लोग हैं। नायडू ने यह भी कहा कि भारतीय प्रवासी, खासकर तकनीकी क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवर, वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## तहसीलदार के घर एसीबी की छापेमारी

करीमनगर, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने शनिवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गजवेल के तहसीलदार श्रावण के आवास पर छापेमारी की। श्रावण मूल रूप से करीमनगर के रहने वाले हैं और वर्तमान में सिद्दिपेट जिले के गजवेल में तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। विश्वसनीय सूचना के आधार पर एसीबी अधिकारियों ने उनके घर पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने कथित तौर पर नकदी और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। एसीबी अधिकारियों द्वारा मामले की आगे जांच की जा रही है।

## बुजुर्ग दंपति की पांच घंटे के भीतर मौत

करीमनगर, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के चोप्पाडंडी में एक बुजुर्ग दंपति की पांच घंटे के भीतर मौत हो जाने से इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार लाचैया (85) का शुक्रवार शाम को बढ़ती उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण निधन हो गया। उनकी पत्नी हनुमाक्का (80) पहले से ही अस्पताल में इलाज करा रही थीं। पति की मौत की खबर मिलने के बाद उसी रात उन्होंने भी अंतिम सांस ली। कुछ ही घंटों के अंतराल में दंपति की मौत से परिवार और गांव में गहरा शोक छा गया।

# एआई आधारित वित्तीय तकनीक का वैश्विक केंद्र बन रहा है तेलंगाना : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और वाणिज्य मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना तेजी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)आधारित वित्तीय तकनीक का वैश्विक केंद्र बन रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में अनेक प्रमुख वित्तीय संस्थानों ने नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किए हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित नई पहल जैसे एआई सिटी और भविष्य सिटी के माध्यम से डिजिटल अवसंरचना मजबूत कर रहा है और बड़ी संख्या में तकनीकी प्रतिभाओं को




विकसित करने पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने वित्तीय नेताओं की बदलती भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि अब वे डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी निवेश के मार्गदर्शक बन रहे हैं, जो वैश्विक उद्योगों की प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त के. वी. चौधरी, फिल्म निर्माता एवं प्रबंधन संस्थान के अध्यक्ष दग्गुबाती सुरेश बाबू, फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स के सीएफओ परिषद के अध्यक्ष रजनीश जैन, सह-अध्यक्ष सुब्बैया कुमार और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## डीटीएफ ने एससीईआरटी को मजबूत बनाने की मांग की

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के डेमोक्रेटिक टीचर्स फेडरेशन (डीटीएफ) ने राज्य सरकार से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को एक मजबूत और अनुसंधान आधारित सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में डीटीएफ ने कहा कि राज्य में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सीधे तौर पर एससीईआरटी की शैक्षणिक विश्वसनीयता और उसके कामकाज से जुड़ी हुई है। डीटीएफ ने सुझाव दिया कि एससीईआरटी को विश्वविद्यालय की तरह एक शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। इसके साथ ही निदेशक और संकाय सदस्यों के लिए हर वर्ष अनिवार्य रूप से क्षेत्र भ्रमण कराने का भी प्रस्ताव दिया गया है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि एससीईआरटी को पूर्ण शैक्षणिक विभागों में पुनर्गठित किया जाए, जिनमें सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों की पर्याप्त नियुक्ति हो। ये विभाग प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, विभिन्न स्कूली विषयों, शिक्षक शिक्षा, मूल्यांकन और शैक्षणिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों को कवर करें। डीटीएफ ने शिक्षक शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया और स्थायी शिक्षकों की जल्द भर्ती की मांग की। इसके साथ ही टीईटी सहित गोपनीय परीक्षा कार्य, शिक्षकों की भर्ती और प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया को लेकर भी चिंता जताई गई है।

# रैतु भरोसा योजना के लिए बीआरएस का हस्ताक्षर अभियान शुरू



आदिलाबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने जिले में किसानों से हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए अभियान शुरू किया है। पार्टी ने राज्य सरकार से रैतु भरोसा योजना का लाभ तुरंत जारी करने की मांग की है। इस हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत पूर्व मंत्री जोगू रामन्ना ने शनिवार को आदिलाबाद ग्रामीण मंडल के अंकोली गांव में की। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए रामन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को रैतु भरोसा योजना का मजाक उड़ाने के लिए किसानों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि राज्य में किसानों द्वारा उगाई गई फसलों के लिए लाभ और बोनस तुरंत जारी किया जाए।

रामन्ना ने कहा कि यह योजना 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए शुरू की गई थी। उनका आरोप है कि वर्तमान सरकार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है और सहायता राशि जारी करने में देरी कर रही है। बीआरएस नेताओं ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के तहत किसानों से लिए गए हस्ताक्षर मुख्यमंत्री को भेजे जाएंगे। उनका कहना है कि यह सहायता राशि किसानों को बीज, उर्वरक और अन्य कृषि सामग्री खरीदने में मदद करने के लिए जरूरी है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के लिए तय लाभ देने में जानबूझकर देरी कर रही है और चुनाव के समय ही इस योजना की बात करती है। उन्होंने सरकार से किसानों के हित में रैतु भरोसा योजना का लाभ तुरंत जारी करने की मांग की है।

## जन्नाराम की सब-इंस्पेक्टर अनुषा का तबादला

मंचेरियल, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार और कर्तव्य में लापरवाही के आरोपों के बीच जन्नाराम की सब-इंस्पेक्टर गोल्लापेल्ली अनुषा का तबादला कर दिया गया है। रामागुंडम के पुलिस आयुक्त अंबर किशोर झा ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार अनुषा को तत्काल प्रभाव से रामागुंडम कमिश्नरेट के रिक्त रिजर्व (वीआर) में तैनात किया गया है। हालांकि शनिवार तक उनके स्थान पर किसी नए अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई थी। जानकारी के मुताबिक कुछ याचिकाकर्ताओं ने अनुषा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। साथ ही यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन करने में लापरवाही बरती। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। अनुषा को जुलाई 2025 में जन्नाराम थाने में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात किया गया था।

## एटीएम तोड़कर 1.60 लाख रुपये चोरी

संगारेड्डी, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के गड्डापोथारम नगरपालिका क्षेत्र में शनिवार तड़के अज्ञात बदमाशों ने एक एटीएम को तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली। बदमाश करीब 1.60 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार यह एटीएम वाकरंगी लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा था। सुबह स्थानीय अधिकारियों ने एटीएम कियोस्क को क्षतिग्रस्त हालत में देखा और इसकी सूचना तुरंत तेलंगाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जिन्नाराम पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर उंगलियों के निशान और अन्य सबूत एकत्र किए। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है।

# तेलंगाना में बढ़ेगा तापमान, लोगों को सतर्क रहने की सलाह

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कई जिलों में आने वाले दिनों में दिन का तापमान बढ़ने की संभावना है। हैदराबाद स्थित भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को जारी अपने मौसम पूर्वानुमान में बताया कि राज्य के लगभग 25 जिलों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार हनुमाकोंडा, जनगांव, महबूबबाद, नालगोंडा, सिद्दिपेट, सूर्यापेट, वारंगल और भोंगिर सहित आठ जिलों को छोड़कर बाकी अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। कई स्थानों पर तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है।

तापमान बढ़ने की आशंका को देखते हुए जन स्वास्थ्य निदेशक (डीपीएच) डॉ.बी. रविंदर नायक ने लोगों के लिए सलाह जारी की है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी बाहरी गतिविधियां सुबह और शाम तक सीमित रखें और दोपहर




12 बजे से शाम 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ओआरएस का उपयोग करने और नींबू पानी, छाछ तथा फलों के रस जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। साथ ही हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने, सिर को टोपी या तौलिये से ढकने और धूप में बाहर निकलते समय जूते या चप्पल पहनने को कहा गया है। सलाह में यह भी कहा गया है कि शराब, चाय, कॉफी और अधिक चीनी वाले ठंडे पेय पदार्थों से बचें, क्योंकि इससे शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इसके अलावा ज्यादा मसालेदार, नमकीन और तैलीय भोजन से भी परहेज करने को कहा गया है। डॉक्टरों के अनुसार लू लगने पर मतली और उल्टी, तेज सिरदर्द, चक्कर आना, बेहोशी, तेज दिल की धड़कन, सांस तेज चलना, त्वचा का गर्म और लाल होना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## शराब की दुकान में आग, लाखों की संपत्ति जली

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार तड़के सोमाजीगुडा के राजभवन रोड स्थित एक शराब की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल अधिकारियों के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही विभिन्न दमकल केंद्रों से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। प्राथमिक जांच में दमकल अधिकारियों को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। हालांकि आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## कर्ज दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रामगोपालपेट पुलिस ने शनिवार को एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया, जिसने बैंक से कर्ज दिलाने के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान भरत साई चंद्र (30) के रूप में हुई है। वह लोगों को बैंक से ऋण दिलाने का झांसा देकर उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर बड़ी रकम वसूलता था। अतिरिक्त डीसीपी (सिकंदराबाद) जे. नरसिया ने बताया कि आरोपी ने एक महिला से 10 लाख रुपये और 16 तोला सोना यह कहकर ले लिया कि वह उसे 2.80 करोड़ रुपये का गृह ऋण दिलाएगा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 4 लाख रुपये नकद और एक कार बरामद की है, जबकि बैंक में जमा 4 लाख रुपये को फ्रीज कर दिया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# हरीश राव ने 99 दिवसीय कार्य योजना को बताया प्रचार अभियान

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएसएलपी के उपनेता टी. हरीश राव ने कांग्रेस सरकार की प्रजा पालन-प्रगति प्रणालीका नामक 99 दिवसीय कार्य योजना की आलोचना करते हुए इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास बताया है। शुक्रवार को कार्य योजना के शुभारंभ पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि लगभग 800 दिनों के शासन के बाद यह योजना केवल एक प्रचार अभियान है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में ऐसी कौन-सी उपलब्धि हासिल की है, जिसके आधार पर यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। हरीश राव ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी छह गारंटियों और 420 से अधिक वादों सहित कई अधूरे वादों, कथित घोटालों और



प्रशासनिक कमियों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रजा पालन ग्राम सभाओं के दौरान लोगों द्वारा दिए गए लाखों आवेदन अभी भी लंबित पड़े हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार ने नया प्रचार कार्यक्रम शुरू कर दिया है। पूर्व मंत्री ने किसानों और बेरोजगार युवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि किसानों को अब तक वादा किया गया फसल बोनस नहीं मिला है और उन्हें यूरिया जैसे उर्वरकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं युवाओं को दो लाख नौकरियां देने का वादा भी पूरा नहीं किया गया है। हरीश राव ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में भी कई कमियां हैं। अस्पतालों में दवाओं की कमी और स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में सफाई और लंबित फाइलों के निपटान जैसे सामान्य प्रशासनिक कार्यों को भी अब कार्य योजना के तहत विशेष पहल के रूप में पेश किया जा रहा है। उनके अनुसार सरकार शासन से अधिक समय प्रचार पर खर्च कर रही है।

## महिला दिवस पर केटीआर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया

हैदराबाद, 7 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और युवा लड़कियों से आत्मनिर्भर बनने तथा आर्थिक रूप से मजबूत बनने का आह्वान किया। सेरिलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र के चंदननगर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए रामाराव ने कहा कि आर्थिक स्वतंत्रता ही महिलाओं के लिए सम्मान और आत्मसम्मान का असली आधार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जीवन के महत्वपूर्ण फैसले लेने से पहले आर्थिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं रोजगार या व्यवसाय के माध्यम से खुद का भरण-पोषण करने में सक्षम होती हैं, तभी समाज में उन्हें सही पहचान और सम्मान मिलता है।

रामाराव ने राजनीति और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने शिक्षित और जागरूक महिलाओं से राजनीति में सक्रिय रूप से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया था। उन्होंने केसीआर किट्स, कल्याण लक्ष्मी, शी टीम्स और भरोसा केंद्र जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन पहलों से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में मदद मिली है। रामाराव ने कहा कि समाज के कई क्षेत्रों में अभी भी पुरुषों का दबदबा है और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।



उन्होंने महिलाओं से चुनौतियों का सामना करते हुए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर सामाजिक कार्य, कला, पत्रकारिता, स्वच्छता सेवा और सार्वजनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और विधायक सुनीता लक्ष्मा रेड्डी, सबिता इंदिरा रेड्डी, माधवराम कृष्ण राव सहित कई अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.